CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 34° C
न्यूनतम : 21° C

नई दिल्ली, गुरुवार 14 मई 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 36 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 | 26 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




बुजुर्गों, विधवाओं व दिव्यांगों के साथ अन्याय कर रही है मोदी सरकार : खड़गे पेज 2



पैट कमिंस पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना खेल टाइम्स



स्त्री को खुद लिखनी होगी अपनी परिभाषा सम्पादकीय



ट्रम्प के रक्षा बजट पर मचा बवाल, ईरान युद्ध पर अमेरिकी संसद में घमासान पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### मुलायम सिंह के छोटे बेटे प्रतीक का निधन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) संरक्षक मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव का बुधवार सुबह निधन हो गया। वह 38 वर्ष के थे। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह करीब छह बजे प्रतीक यादव को लखनऊ के सिविल अस्पताल लाया गया था, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अभी तक मौत के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

### अमूल दूध 2 रुपये प्रति लीटर महंगा

**नई दिल्ली।** डेयरी और एफएमसीजी क्षेत्र से उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। अमूल ने अपनी दूध की कीमतों में इजाफा करने का फैसला किया है, जिसका सीधा असर आम आदमी के मासिक बजट पर पड़ेगा। अमूल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पूरे भारत में दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की मूल्य वृद्धि है, जो देश के सभी बाजारों में समान रूप से लागू की जा रही है।

# हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना जरूरी नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## हिंदू धर्म केवल पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, यह जीवन जीने का तरीका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को हिंदू धर्म को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि हिंदू धर्म केवल पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का तरीका है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी व्यक्ति के हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या कोई विशेष धार्मिक कर्मकांड करना अनिवार्य नहीं है। यहां तक कि यदि कोई व्यक्ति अपने घर या झोपड़ी में दीपक जलाता है, तो वही उसकी आस्था और धर्म को साबित करने के लिए पर्याप्त है। यह टिप्पणी मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने की। पीठ धार्मिक स्वतंत्रता, महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश और विभिन्न समुदायों की धार्मिक प्रथाओं से जुड़े मामलों पर सुनवाई कर रही है। इनमें सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश का मामला और दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, एमएम सुंदरेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, आगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी. वराले, आर. महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। सुनवाई के 15वें दिन जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, एक हस्तक्षेपकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डा. जी. मोहन गोपाल ने अदालत के समक्ष कहा कि धार्मिक समुदायों के भीतर से सामाजिक न्याय की मांग उठ रही है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म को पहले एक धार्मिक श्रेणी के रूप में परिभाषित किया गया था और बाद में 1966 में एक फैसले में कहा गया कि हिंदू वह है, जो धर्म और दर्शन से जुड़े सभी मामलों में वेदों को सर्वोच्च मानता है। डा. गोपाल ने अदालत से कहा कि उन्होंने हमसे कभी नहीं पूछा। हममें से किसी ने भी ऐसा नहीं कहा। मुझे वेदों के प्रति सर्वोच्च सम्मान और गहरी श्रद्धा है, लेकिन क्या आज हर वह व्यक्ति जिसे हिंदू माना जाता है, वास्तव में वेदों को धर्म और दर्शन में सर्वोच्च मानता है? इस पर न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इसीलिए हिंदू धर्म को जीवन जीने का तरीका कहा जाता है। किसी हिंदू के लिए मंदिर जाना या कोई अनुष्ठान करना अनिवार्य नहीं है, ताकि वह हिंदू बना रहे। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्ति को कर्मकांडों का पालन करना जरूरी नहीं है और किसी की आस्था के रास्ते में कोई बाधा नहीं डाल सकता।



### नीट पेपर रद्द : NTA को बदलने की मांग

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फेमा) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि एनटीए द्वारा नीट यूजी 2026 परीक्षा के आयोजन में व्यवस्थित विफलता हुई है। याचिका में मांग की गई है कि नीट को बदला जाए या उसका पूरी तरह से पुनर्गठन किया जाए। साथ ही, नीट-यूजी 2026 की नई परीक्षा न्यायिक निगरानी में कराई जाए। याचिका में यह मांग की गई है कि वह केंद्र सरकार को एनईटी परीक्षा आयोजित करने के लिए एनटीए को एक अधिक मजबूत, तकनीकी रूप से उन्नत और स्वायत्त निकाय से बदलने का निर्देश दे।

### CBSE 12वीं के नतीजे घोषित बेटियां फिर अव्वल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया, लेकिन इस बार 12वीं के वार्षिक परिणाम में पिछले साल की तुलना में गिरावट दर्ज की गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष कुल पास प्रतिशत में 3.19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इस बार पंजीकृत 17.80 लाख छात्रों में से 17,68,968 छात्र परीक्षा में बैठे, जिनमें से 15,07,109 छात्र सफल रहे। इस वर्ष का कुल पास प्रतिशत 85.20 फीसदी रहा, जबकि वर्ष 2025 में यह आंकड़ा 88.39 प्रतिशत था। इस प्रकार पिछले साल के मुकाबले परिणामों में स्पष्ट गिरावट देखी गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 12वीं के नतीजों में इस बार भी छात्राओं ने छात्रों के मुकाबले बाजी मारी है। इस वर्ष छात्राओं का कुल पास प्रतिशत 88.86 रहा, जबकि छात्रों का पास प्रतिशत 82.13 दर्ज किया गया। इस प्रकार, सफलता के मामले में लड़कियां लड़कों से 6.73 प्रतिशत आगे रही हैं। हालांकि, पिछले साल की तुलना में छात्राओं के प्रदर्शन में भी गिरावट आई है।

# उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में होगी स्वैच्छिक चकबंदी

## महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट के 19 पदों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- लघु जल विद्युत परियोजना की नीति में संशोधन पर मुहर
- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 19 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने प्रदेश में चकबंदी को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अलावा कैबिनेट ने कई अन्य विभागों से संबंधित फैसले भी लिए हैं।

कैबिनेट ने चकबंदी को लेकर जो फैसला लिया है उसके मुताबिक पर्वतीय क्षेत्रों में स्वैच्छिक चकबंदी होगी। हर जिले में 10 गांव का लक्ष्य रखा गया है। 75 प्रतिशत ग्रामीणों की सहमति जरूरी होगी। डिजिटल माध्यम से चकबंदी होगी। आपत्ति का निस्तारण भी होगा। राजस्व परिषद समीक्षा अधिकारी सेवा नियमावली में संशोधन को मंजूरी। कम्प्यूटर का ज्ञान के बजाय 8000 की टाइपिंग स्पीड, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, विंडोज का भी ज्ञान जरूरी। सगंध पौध केंद्र का नाम परफ्यूमरी अनुसंधान संस्थान होगा। सुप्रीम कोर्ट के तहत दो पद और होंगे। मेडिकल कॉलेज में कमेटी तीन साल के लिए संविदा पर रखती थी। अब सचिव स्तर पर ही होगा। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के ढांचे का पुनर्गठन होगा। 29 से बढ़ाकर 40 पद किए गए। राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में 277 कार्मिक 2009 से लगे हैं, उनको समान कार्य समान वेतन -शेष पृष्ठ दो पर

Shobhit
Institute of Engineering & Technology
Deemed to-be-University
EDUCATION EMPOWERS

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC

TIME TO SHINE
WITH SUEducation

UGC 12B Status Granted

37 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

Admission Notice 2026-27

School of Computational Sciences and Engineering
B.Tech. Computer Science & Engineering
Artificial Intelligence & Machine Learning | Data Science | Cyber Security
Cloud Computing | Full Stack Development
M.Tech. Computer Science & Engineering
BCA (Bachelor of Computer Applications)
Artificial Intelligence & Machine Learning | Cyber Security
Internet of Things | Data Science
MCA (Master of Computer Applications)
Cloud Computing | IoT | Network and Information Security
Full Stack Development | Data Science & Machine Learning
M.Sc. Artificial Intelligence | M.Sc. Data Sciences
M.Sc. Cyber Security

School of Biomedical Engineering & Health Sciences
B.Tech. Biomedical Engineering
Clinical & Neural Engineering | Biomaterials & Bio-nanotechnology
Cellular, Tissue & Genetic Engg | Biomedical Signal & Image Processing
Biomedical Electronics & Instrumentation
M.Tech. Biomedical Engineering
B.Sc. (Honors) Biomedical Sciences
M.Sc. Biomedical Sciences | M.Sc. Medical Physics

School of Biotechnology & Life Sciences
B.Tech. Biotechnology
AI & Data Driven Biotechnology | Industrial & Pharmaceutical Biotechnology
Medical Biotechnology | Bio-Entrepreneurship & Regulatory Affairs
M.Tech. Biotechnology
B.Sc. (Honors) Biotechnology | B.Sc. (Honors) Microbiology
B.Sc. (Honors) Nutrition & Dietetics
M.Sc. Biotechnology | M.Sc. Microbiology | M.Sc. Bio-Info
M.Sc. Clinical Research | M.Sc. Food Science & Technology

School of Agriculture & Environmental Sciences
B.Tech. Agriculture Engineering
Geospatial AI & Remote Sensing | Soil & Water Conservation Engg
Farm Machinery & Power Engg | Processing & Food Engg
M.Tech. Agriculture Engineering
B.Sc. (Honors) Agriculture
M.Sc. Horticulture | M.Sc. Agronomy
M.Sc. Environmental Sciences | M.Sc. Geo-Informatics

School of Humanities, Physical & Mathematical Sciences
M.Sc. Mathematics | M.Sc. Geo-Informatics

NICE School of Business Studies (NICE SBS)
BBA (Bachelor of Business Administration)
Digital Marketing | Banking, Finance & Insurance
Global Business & Management
MBA (Master of Business Administration)
Agri-Business & Rural Entrepreneurship | Digital Business & AI
Global Trade & Logistics Management | Fintech, Banking & Insurance
People Management & HR Analytics | Marketing & E-Commerce
Pharmaceutical & Healthcare Management

School of Law & Constitutional Studies
BA LL.B. | B.Com. LL.B. (Honors) | BBA LL.B. (Honors)
LL.B. (3 Years)
LL.M. (2 Years/1 Year)
Constitutional & Administrative Law | Corporate & Commercial Law
Criminal & Security Law | Cyber Law | Intellectual Property Rights

School of Education
B.Ed. (Bachelor of Education)

Centre for Commerce, Economics, and FinTech
B.Com. (Honors) | M.Com.
BA (Honors) Business Economics

Centre for Psychology & Human Behaviour
BA (Honors) Psychology
PG Diploma in Counselling Psychology

Centre for Law & Good Governance
BA (Honors) Government & Administration (4 Years)

Centre for Yoga & Research
PG Diploma in Yoga

Doctoral Studies
The University offers a rigorous and research-oriented Ph.D. program aimed at fostering innovation and advancing knowledge across diverse disciplines.

SUNET
Admission and Scholarship Pathway
Shobhit University National Entrance & Scholarship Test
www.shobhituniversity.ac.in/sunet.php

THE SHOBHIT DIFFERENCE

A Century of Purpose
A hundred years of family legacy empowering lives, communities and the nation through education – since 1924.

70+ Programs. One University
Engineering, AI, Cyber Security, Data Sciences, Fintech, Biomedical Sciences, Agri-Business, Law and more.

Research That Matters
Patents, Ph.D. programs, an MSME Technology Business Incubator and an AICTE IDEA Lab – innovation is part of daily life here.

Your Career Starts Here
Placement training, soft-skills development and strong recruiter engagement every year – the University Training & Placement Cell connects students to opportunities across IT, BFSI, Manufacturing, Life Sciences and Consulting.

Clubs and Societies
More than fifty student clubs and societies. From robotics to theatre, every student finds their stage here. Because leaders are shaped outside the classroom too.

Alumni Across the Globe
Shobhit graduates work in organisations and communities across more than thirty countries.

Connectivity
Travel from Delhi by RRTS and from anywhere in Meerut by Metro – Modipuram Station is just 200 metres from the University gate.



INTERNATIONAL PATHWAYS
MBA Pathway to USA • UK • France

RANKINGS
PROUDLY TOP 5 IN INDIA
In the List of Top 10 Applicants for Patents from Scientific Industrial Research Organisations (DST-SIRO)
Dept. for Promotion of Industry and Internal Trade
Ministry of Commerce & Industry, Govt. of India

1 Amongst India's Distinguished Law Schools The CSR Law School Survey 2025
27 Amongst TOP B-School of India Times B-School Survey 2026
26 Amongst Top Private and Deemed multidisciplinary University The WEEK-India's Best Universities Ranking Survey 2025
25 Amongst Top Engineering Institutions of India Times Engineering Institute Ranking Survey 2025

SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed-to-be University established u/s 3 of UGC Act, 1956]
NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR | www.shobhituniversity.ac.in

SCAN TO APPLY

Admission Helpline
7617505016 / 9870265521

Delhi Office: Shobhit University Tower, Pocket-B, Mayur Vihar Phase-II, New Delhi-110091 | +91-11-35205500

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनेगा नागपुर हवाई अड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सरकार ने बुधवार को नागपुर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसे सार्वजनिक-नि भागीदारी (पीप.।पी) के तहत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के तौर पर विकसित किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने नाग.पुर हवाई अड्डे के लिए मिहान इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) को दी गई लीज की अवधि 06 अगस्त 2039 से आगे 30 साल और बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एमआईएल भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी का संयुक्त उपक्रम है।

### शिक्षक वेतन घोटाले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में शिक्षा और समाज कल्याण विभाग को शर्मसार करने वाले 51 लाख रुपये के 'शिक्षक वेतन घोटाले' में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि समाज कल्याण विभाग के मंडलीय उप निदेशक आरके चौरसिया की शिकायत पर दर्ज मामले में आरोपी अधिकारी लंबे समय से फरार चल रहा था। बुधवार सुबह कोतवाली पुलिस ने मुखिबर की सूचना पर कुंवर सिंह उद्यान के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया।

# प्रतीक यादव के निधन से शोक की लहर

## सीएम योगी व अजय राय ने जताया दुख

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और भारतीय जनता पार्टी नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव के बुधवार को आकस्मिक निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कई नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मुख्यमंत्री योगी ने अपने शोक संदेश में कहा कि प्रतीक यादव का आकस्मिक निधन अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। अखिलेश यादव ने अपने चचेरे भाई प्रतीक यादव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे। विनम्र श्रद्धांजलि। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के पुत्र एवं उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है।

इस कठिन समय में मेरी संवे.दनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस अपार दुख्ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने भी प्रतीक यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### प्रतीक यादव के निधन पर भावुक हुए अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र प्रतीक यादव के निधन पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बेहद भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि प्रतीक का जाना परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है। किंग जार्ज मेडिकल यूनीवर्सिटी (केएमयू) के शव विच्छेदन गृह (पोस्टमार्टम हाउस) पहुंचे अखिलेश ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रतीक यादव आज हमारे बीच नहीं है, बहुत दुख है। वह नौजवान था। बचपन से ही उसे स्वास्थ्य के प्रति, अपने हेल्थ के प्रति जागरूकता थी और वन में आगे बढ़ना चाहता था। वह बहुत अच्छा लड़का था जो अपने मेहनत से कुछ करना चाहता था।

# बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगों के साथ अन्याय कर रही है सरकार

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगजनों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी मासिक पेंशन में वर्षों से कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि महंगाई के कारण गरीब और वंचित वर्ग गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है।

खड़गे ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सरकार एक ओर देश को मितव्ययिता और त्याग का पाठ पढ़ाती है, वहीं दूसरी ओर बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों की गरिमा छीन रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में मोदी सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन में 'एक पैसे' तक की वृद्धि नहीं की, जबकि महंगाई लगातार बढ़ती रही है। उन्होंने कहा कि देश नागरिकों की क्रय शक्ति में लगभग 45 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद 200 रुपये की पेंशन का वास्तविक मूल्य करीब 110 रुपये, 300 रुपये की पेंशन का मूल्य 165 रुपये और 500 रुपये की पेंशन का मूल्य लगभग 275 रुपये के बराबर रह गया है।



**12 वर्षों से नहीं हुई वृद्धावस्था पेंशन में एक पैसे की वृद्धि: खड़गे**

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता के कल्याण पर खर्च बढ़ाने के बजाय विज्ञापनों और अपने प्रचार पर भारी खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि 2014-15 से 2024-25 के बीच सरकार ने विज्ञापनों के माध्यम से सपने प्रचार पर 5,987.46 करोड़ रुपये खर्च किए। खड़गे ने कहा कि करोड़ों बुजुर्ग नागरिक बुनियादी दवाइयों और भोजन तक के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि सरकार खुद के प्रचार, बड़े आयोजनों और चुनावी अभियानों पर फिजूलखर्ची कर रही है।

### देश में राजनीतिक पांखड चरम पर पहुंचा है: तिवारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बुधवार को कहा कि देश में 'राजनीतिक पाखंड चरम पर' पहुंच गया है। तिवारी ने आरोप लगाया कि एक तरफ मंत्री सरकारी फ्लीट कम करने का दिखावा कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ विधायक हजारों गाड़ियों के काफिले निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के नेता मेट्रो और ट्रेन में फोटो खिंचवाकर सादगी का प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि सरकारी गाड़ियां खाली घूम रही हैं। उन्होंने इसे जनता को गुमराह करने की को.शिश बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए तिवारी ने कहा कि सरकार को अपनी आर्थिक नीति सुधारने की जरूरत है। उन्होंने जोर दिया कि विदेश नीति 'डर और सहम' की नीति नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि अमेरिका के सामने झुकने और इजराइल के प्रति अत्यधिक समर्पण दिखाने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होगी।

## युवा कांग्रेस और एनएसयूआई चलाएंगी देशव्यापी आंदोलन

# नीट पेपर लीक की जेपीसी जांच कराई जाए: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

युवा कांग्रेस और कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के पेपर लीक मामले को गंभीर अपराध बताया है और इसकी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग की है।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब तथा एनएसयूआई अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने बुधवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा शासन में गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों का भविष्य अनिश्चित होता जा रहा है और नीट परीक्षा पेपर लीक की ताजा घटना ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। उनका कहना था कि सरकार दूसरे देशों के बीच चल रहे युद्ध को रोकने जैसी बातें भी करती है लेकिन अपने देश में पेपर लीक जैसे अपराधिक घटनाओं को नहीं रोक पा रही है।



**कहा: भाजपा शासन में गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों का भविष्य अनिश्चित होता जा रहा**

उन्होंने कहा कि इस मामले में जिम्मेदारी तय कर कोचिंग संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। श्री चिब ने नीट पेपर लीक मामले की जांच जेपीसी से कराने की मांग की और कहा कि इस मामले में सबसे पहले जिम्मेदारी लेते हुए देश के शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा शासन में बार-बार बड़े स्तर पर पेपर लीक की घटनाएं क्यों हो रही हैं। उनका कहना था कि इस मामले में जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और यह स्पष्ट होना चाहिए कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं हो और पेपर लीक जैसे जघन्य अपराध के दोषियों को सख्त सजा मिले। उन्होंने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को प्रतिबंधित करने की मांग करते हुए कहा कि परीक्षाओं का संचालन सरकार को स्वयं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि उनकी सरकार बनने पर पेपर लीक जैसे अपराधों को रोकने के लिए कड़े दंड का प्रावधान किया जाएगा।

### नीट पेपर लीक पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ बुधवार को यहां जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ता युवा कांग्रेस कार्यालय से रायसीना रोड की ओर मार्च निकाल रहे थे, लेकिन दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिग कर उन्हें रोक दिया। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। लाकड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर हस्तक्षेप कर सकते हैं, लेकिन देश में लगातार हो रहे पेपर लीक नहीं रोक पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एनएटीए बनने के बाद से लगातार परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठे हैं और इससे छात्रों का भरोसा टूटा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 89 पेपर लीक हुए, जबकि नीट परीक्षा चार बार विवादों में रही और 48 बार पुनर्परीक्षाएं करानी पड़ीं।

# प्रवासी श्रमिकों को करना पड़ता है चुनौतियों का सामना: न्यायमूर्ति

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यन ने कहा कि प्रवासी श्रमिकों को अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि उनमें से अधिकतर असंगठित क्षेत्र से संबंधित हैं।

न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन ने बुधवार को 'प्रवासी श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा: सरकार और नि क्षेत्र की साझा जिम्मेदारी' विषय पर अपनी कोर ग्रुप की बैठक में कहा कि प्रवासी श्रमिक असंगठित क्षेत्र से जुड़े होने के कारण सबसे अधिक चुनौतियों का सामना करते हैं। भाषा की बाधाएं, लगातार स्थान परिवर्तन और स्थाई आवास का अभाव उन्हें अपने अधिकारों की रक्षा करने से रोकता है। उन्होंने कहा कि भारत में श्रमिकों की सुरक्षा के लिए मजबूत कानून मौजूद हैं, लेकिन उनकी प्रभावी क्रियान्वयन सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि केवल नीतियां बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि अंतरराज्ईय समन्वय, पोर्टेबल सामाजिक सुरक्षा और श्रम कानूनों के सख्त पालन जैसे प्रणालीगत सुधारों की जरूरत है। उन्होंने निर्माण, होटल, व्यापार और घरेलू कार्यों में लगे प्रवासी श्रमिकों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। एनएचआरसी के सदस्य जस्टिस (डॉ.) बिद्युत रंजन सारंगी ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को न तो उचित सम्मान मिलता है और न ही समय पर मजदूरी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



# चार दिन की गिरावट से उबरा शेयर बाजार, सेंसेक्स 50 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार चार दिन की गिरावट से उबरने में कामयाब रहे और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 49.74 अंक (0.07 प्रतिशत) चढ़कर 74,608.98 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 121.70 अंक यानी 0.52 प्रतिशत ऊपर 23,501.25 अंक पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस पर दोनों प्रमुख सूचकांक पांच सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए थे। वृहत बाजार में ज्यादा ते रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक.ांक 1.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.64 प्रतिशत की बढ़त में रहा। ऑटो, आईटी, बैंकिग, मीडिया और रियलिटी सेक्टरों में गिरावट रही। धातु शेयर का सूचकांक तीन प्रतिशत से अधिक चढ़ा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांकों में भी अच्छी ते रही। एनएसई में जिन 3,378 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से



1,960 के शेयर हरे निशान में और 1,300 के शेयर लाल निशान में रहे। अन्य 118 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयरों में गिरावट और अन्य 13 में बढ़त रही। एशियन पेंट्स का शेयर 4.48 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। टाटा स्टील में 3.63 प्रतिशत, बीईएल में 2.93, अडानी पोर्ट्स में 2.79, भारती एयरटेल में 1.78, एलएंडटी में 1.56, इंडिगो में 1.20 आईटीसी में 1.18 और टाइटन में 0.95 प्रतिशत की रही। ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.07 प्रतिशत टूट गया। पावर ग्रिड में 1.52 फीसदी, इंफोसिस में 1.51, टेक महिंद्रा में 1.25, टीसीएस में 1.21 और सनफार्मा में 1.16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### सोना 9,345 और चांदी 22,853 महंगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर लगने वाली ड्यूटी 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी है। बुधवार को जारी इस आदेश के बाद आज यानी 13 मई को सर्राफा बाजार में सोना 9 हजार और चांदी 22 हजार रुपए महंगी हो गई है। 10 ग्राम सोने का भाव 9,345 बढ़कर 1,60,977 रुपए और 1 किलो चांदी का भाव 22,853 बढ़कर 2,87,720 रुपए पर पहुंच गया है। सरकार का मकसद विदेशी खरीद कम करना और देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे दबाव को घटाना है। अमे.रिकी-ईरान जंग के बीच सरकार ने ये फैसला लिया है। सरकार ने सोने पर 10 प्रतिशत बेसिक कस्टम ड्यूटी और 5 प्रतिशत एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस लगाया है।

# मोदी की सेना न खरीदने की अपील से सर्राफा कारोबारी चिंतित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आमजन से बगैर जरुरत एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने की अपील के बाद सर्राफा कारोबार और आभूषण निर्माण से जुड़े कारीगरों में रोजगार को लेकर चिंता बढ़ गई है। कारोबारियों और कारीगरों का कहना है कि यदि सोने की खरीद घटती है, तो इससे लाखों लोगों की रो-रोटी पर संकट खड़ा हो सकता है।

सर्राफा कारोबार से जुड़े ज्वैलर्स राम ने बताया कि सोने के आभूषण तैयार करने वाले कारीगर पूरी तरह इस उद्योग पर निर्भर हैं। यदि लोग सोना खरीदना बंद कर देंगे, तो ज्वैलर्स को नए आभूषणों के ऑर्डर नहीं मिलेंगे और कारीगरों को काम नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि काम बंद होने से मजदूरी नहीं मिलेगी और बड़ी संख्या में कारीगर बेरोजगार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सोने की बिक्री प्रभावित होने पर ज्वैलरी दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन पर भी असर पड़ेगा, जिससे बेरोजगारी और बढ़ सकती है। सहारनपुर सर्राफा कारोबार के आंदोलनों से जुड़े राक.ेश गुप्ता ने कहा कि अधिकांश कारोबारियों ने अपनी पूं और कमाई इसी व्यवसाय में निवेश की हुई है। यदि सोने की बिक्री नहीं होगी, तो कारोबारियों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो जाएगा। उन्होंने सरकार से इस स्थिति का समाधान बताने की मांग की। सर्राफा पंचायत सदस्य विपिन अग्रवाल ने कहा कि पहले से ही सराफा बाजार में लगभग 80 प्रतिशत काम प्रभावित है। सोने की कीमतें इतनी अधिक हो चुकी हैं कि आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गई हैं। उन्होंने कहा कि कारोबार मंदा होने के कारण कर्मचारियों का वेतन देना भी मुश्किल हो रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश उद्योग एवं व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष शीतल टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशहित में लोगों से अनावश्यक रूप से सोना न खरीदने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने केवल आवश्यकता होने पर ही सोना खरीदने तथा केवल लॉकर में रखने के उद्देश्य से सोना न खरीदने की बात कही है। टंडन ने बताया कि वर्ष 1967 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी विदेशी मुद्रा संकट के समय लोगों से सोना न खरीदने की अपील की थी।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### सोलंकी ने 100 दिनों की भारत जलवायु सत्याग्रह यात्रा की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** मुंबई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआई) के पूर्व प्रोफेसर प्रो. चेतन सिंह सोलंकी ने जलवायु परिवर्तन और टिकाऊ वनशैली को लेकर देशव्यापी जन जागरूकता अभियान की शुरुआत करते हुए बुधवार को यहां स्थित महात्मा गांधी के स्मारक राजघाट से 100 दिनों की 'भारत जलवायु सत्याग्रह यात्रा' की शुरुआत की। 'सोलर मैन ऑफ इंडिया' नाम से प्रसिद्ध प्रो. सोलंकी आज यहां राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ यात्रा की शुरुआत की।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड के...** मिलेगा। लैब टेक्नीशियन संवर्ग के ढांचे को पुनर्गठन किया जाएगा। 266 मेडिकल लैब टेक्निकल ऑफिसर के होंगे। महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट के कुल 16 पदों को मंजूरी मिली है। लघु जल विद्युत परियोजना की नीति में संशोधन को मंजूरी दी गई है। डेवलोपर की परफार्मेंस सिक्योरिटी शून्य होगी। पहले परियोजना की डीपीआर बनती थी, अब प्री फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनेगी। जब विकासकर्ता को फॉरेस्ट क्लीयरेन्स मिलेगी, तो उसके समय तय होंगे। उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा अधि.नियम के लिए शैक्षिक नियमावली मंजूर। मान्यता के आवदेन की प्रक्रिया, शर्तें, नवीनीकरण, मान्यता समाप्त करने के नियम तय हुए हैं। निर्माण के लिए 10 लाख प्रति पंचायत के बजाय अब 20 लाख मिलेंगे। विधानसभा सत्र के सत्रावसान को मंजूरी दी गई। फॉरेंसिक साइंस में 15 पद सृजित करने को मंजूरी मिली है। यात्रा व्यवसाय पंजीकरण नियमावली में संशोधन को मंजूरी। अब होम स्टे छह के बजाय आठ कमरे तक का होगा। संचालक को वहां रहना होगा। नवीनीकरण स्वत: हो जाएगा। उत्तराखंड राज्य चकबंदी कर्मियों की सेवा नियमावली 2026 को मंजूरी मिली है। यूपीसीएल, यूजेवीएनएल और पिटकुल में पहले निदेशक के चयन की नियमावली बनी थी। जिसमें निदेशक मंडल में नियुक्त शब्द हटाया गया है। अब बाहर का व्यक्ति भी निदेशक बन सकेगा।

# पेपर लीक रोकने को सड़कों पर उतरे जेन-जी: केजरीवाल

नई दिल्ली, वार्ता

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि कि पेपर लीक जैसे घिनौने खेल को बंद करने के लिए देश के जेन को सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़ेगा।

केजरीवाल ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर बुधवार को देश के युवाओं (जेन-जी) से सीधा वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने जेन का आह्वान करते हुए कहा कि बहुत हुआ पेपर लीक, अब इस घिनौने खेल को बंद करने के लिए देश के जेन-जी को सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़ेगा। उन्होंने नेपाल और बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए युवाओं से कहा कि जब वहां जेन अपनी सरकार बदल सकते हैं, तो हमारे देश का जेन पेपर लीक कराने में शामिल मंत्रियों-नेताओं को जेल क्यों नहीं भिजवा सकता? हर बार पेपर लीक की



जांच सीबीआई को सौंप दी जाती है, लेकिन आजतक किसी को सजा नहीं मिली। इस बार भी कुछ नहीं होने वाला है। उन्होंने सवाल किया कि ज्यादातर पेपर लीक भाजपा शासित राज्यों में क्यों होते हैं, क्या इस घिनौने खेल में भाजपा के नेता सीधे तौर पर शामिल हैं? कुछ लोग सिस्टम फेल होने की बात करते हैं, लेकिन वे लोग ऐसा कहकर अनजाने में पेपर लीक में शामिल टॉप पर बैठे व्यक्ति को बचा रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि यह देश युवाओं का है। इन नेताओं को इस देश में कोई दिलचस्पी नहीं। इनके बच्चे तो विदेशों में पढ़ते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि देश के एक बड़े नेता ने कभी कहा था कि जरूरत पड़ी, तो झोला उठाकर चला जाऊंगा, लेकिन हम कहां जाएंगे? हमारा परिवार तो इसी देश में रहता है। इसलिए हमें और युवाओं को मिलकर ही इस देश को बचाना होगा। उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी जांच सीबीआई को सौंप दी गई है, हर बार की तरह इस बार भी सीबीआई ने 10-15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। हर बार की तरह इस बार भी सभी आरोपी तीन से चार महीने में जमानत पर बाहर आ जाएंगे और हर बार की तरह इस बार भी ये सारे जेल से छूटे हुए बदमाश फिर से अगले साल पेपर लीक करने की तैयारी शुरू कर देंगे। केजरीवाल ने कुछ उदाहरण देकर युवाओं को समझाते हुए कहा कि 2014 में जब से देश में मोदी सरकार आई है, तब से लेकर अब तक 93 पेपर लीक हुए हैं।

### ट्रम्प के आगे झुकना बंद कर रूस से तेल खरीदें मोदी: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविद केजरीवाल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आगे झुकना बंद कर तत्काल रूस से तेल एवं गैस खरीदना शुरू करना चाहिए। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन कर रूस से गैस लेकर भारत आ रहे एक जहाज को केंद्र सरकार की ओर से वापस लौटाने पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आप, ट्रम्प के आगे झुकना बंद कीजिए और तत्काल रूस से तेल तथा गैस खरीदना शुरू कीजिए। एक तरफ तो आप देश को पेट्रोल, डीजल और गैस बचाने की सलाह दे रहे हैं और दूसरी तरफ रूस तेल-गैस दे रहा है तो लेने से मना कर रहे हैं, क्यों? उन्होंने कहा कि पूरे देश में अफवाह फैली हुई है कि अडानी को बचाने और एपस्टीप फाइल में नाम आने से मोदी बहुत डरे हुए हैं।

# कांग्रेस की ग्रेट निकोबार परियोजना पर ओरांव से हस्तक्षेप की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता तथा पार्टी संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आदिवासी कार्य मंत्री जुएल ओरांव को पत्र लिखकर अंडमान-निकोबार की ग्रेट निकोबार परियोजना में आदिवासी समुदायों के वन अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है।

रमेश ने ओरांव को बुधवार को लिखे पत्र में कहा कि केंद्र सरकार ने ग्रेट निकोबार परियोजना में सभी वैधानिक प्रक्रियाओं के पालन का दावा किया है, लेकिन वास्तविकता इससे अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि वनाधिकार अधिनियम, 2006 के तहत आवश्यक ग्राम सभा की सहमति, वन अधिकारों के निपटारे व आदिवासी समुदायों से वैधानिक परामर्श की प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि 13 हजार हेक्टेयर से अधिक वन भूमि हस्तांतरण के



मामले में निकोबारी और शोम्पेन जनजातियों की पारंपरिक भूमि शामिल होने के बावजूद गैर-आदिवासी बस्तियों की ग्राम सभाओं की सहमति को आधार बनाया गया, जो कानून के विपरीत है। इस मामले में एक व्यक्ति द्वारा पूरी जनजाति की सहमति दिखाने पर भी सवाल उठाया है तथा कहा कि बाद में संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस लेने के बावजूद उसे सहमति के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने अपने पत्र में शोम्पेन समुदाय की ओर से कथित सहमति प्रक्रिया और 18 अगस्त 2022 के प्रशासनिक प्रमाणपत्र को भी गलत बताया।

## डंपर ने ऑटो रिक्शा को मारी टक्कर, बच्ची समेत 3 की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अलीपुर इलाके में एक ट्रक ने एक ऑटो रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी जिससे तिपहिया वाहन में सवार एक बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, अलीपुर थाने में सड़क दुर्घटना की सूचना मिली जिसके बाद एक टीम शिव मंदिर के पास घटनास्थल पर पहुंची। दुर्घटना के समय ऑटो रिक्शा में कुल सात लोग सवार थे। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को एक क्षतिग्रस्त ऑटो रिक्शा और आसपास कई घायल यात्री मिले। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को तुरंत इलाज के लिए पास के अस्पतालों में ले जाया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि ऑटो में फंसे दो लोगों को आपातकालीन उपकरणों की मदद से निकाला गया। उन्होंने कहा, "हमारे पहुंचने से पहले ही पांच अन्य घायलों को आम लोग और पीसीआर कर्मियों द्वारा बाहर निकाल लिया गया था।

अधिकारी ने बताया, "सभी घायलों को नरेला स्थित राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ले जाया गया जहां एक बच्ची सहित तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों की पहचान मुकेश, उनकी पत्नी पिंकी, उनके छह वर्षीय बेटे और नौ वर्षीय बेटी, बिहार के चंपारण निवासी छोटू पंडित (28) व करावल नगर निवासी ऑटो रिक्शा चालक राजू शर्मा (52) के तौर पर हुई है। एक यात्री की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी। इस दुर्घटना में राजू शर्मा, नौ वर्षीय बच्ची और एक अज्ञात यात्री की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि कुछ घायलों की हालत पर कड़ी नजर रखी जा रही है और डॉक्टरों द्वारा स्वस्थ घोषित किए जाने के बाद उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। जांचकर्ताओं ने बताया कि वे दुर्घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। पुलिस टीमें दुर्घटनास्थल और आसपास की सड़कों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की भी जांच कर रही हैं। क्षतिग्रस्त ऑटो रिक्शा को यांत्रिक निरीक्षण और फोरेंसिक जांच के लिए जब्त कर लिया गया है।

### गार्ड को चप्पल से पीटना पड़ा महंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कीर्ति नगर इलाके में आवारा कुत्ते की कथित पिटाई और फिर उसकी मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पुलिस ने थाने के बाहर सुरक्षा गार्ड को चप्पल से पीटने वाली एनिमल एक्टिविस्ट समेत अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

वहीं कुत्ते को लोहे की रॉड से मारने के आरोप में सुरक्षा गार्ड के खिलाफ भी पशु क्रूरता और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, 8 मई को रमेश नगर निवासी तरुण घई ने कीर्ति नगर थाने में शिकायत दी थी कि 7 मई की शाम जे-ब्लॉक, कीर्ति नगर में तैनात गार्ड विनोद पासवान ने एक आवारा कुत्ते को लोहे की रॉड से पीटा था।

## शहर के बाहरी क्षेत्रों में विकसित होंगे लॉजिस्टिक्स केंद्र, शहर की भीड़भाड़ व प्रदूषण में आएगी कमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग नीति को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। यह नीति राजधानी में माल ढुलाई व आपूर्ति प्रणाली को अधिक कुशल, तेज और कम लागत वाला बनाने के साथ-साथ व्यापार को आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस नीति का मुख्य उद्देश्य दिल्ली में माल परिवहन से होने वाली भीड़भाड़ को कम करना, प्रदूषण घटाना और राजधानी को एक आधुनिक, कुशल और पर्यावरण अनुकूल लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित करना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नीति के तहत शहर के बाहर परिधीय क्षेत्रों में शहरी समेकन एवं लॉजिस्टिक्स वितरण केंद्र (यूसीएलडीसी) विकसित किए जाएंगे, जहां बड़े स्तर पर आने वाले माल को एक स्थान पर एकत्र कर आवश्यकता के अनुसार शहर के भीतर भेजा जाएगा।

साथ ही, बाजार स्तर के गोदाम और सूक्ष्म पूर्ति केंद्र विकसित किए जाएंगे, जिससे सामान की अंतिम चरण तक डिलीवरी तेज और व्यवस्थित होगी।उन्होंने कहा कि अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) का आधुनिकीकरण किया जाएगा तथा लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर, ट्रक टर्मिनल और पार्किंग हब विकसित किए जाएंगे। मंडियों के पास कोल्ड स्टोरेज बनाए जाएंगे, जिससे भंडारण और परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी और शहर के भीतर ट्रैफिक दबाव कम होगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि नीति में पर्यावरण संरक्षण को विशेष प्राथमिकता दी गई है। इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा और अंतिम चरण तक सामान पहुंचाने की व्यवस्था को स्वच्छ बनाया जाएगा।

सौर ऊर्जा आधारित वेयरहाउसिंग और ऊर्जा दक्ष ढांचे को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि एकीकृत लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म के माध्यम से माल की आवाजाही की वास्तविक समय पर निगरानी और बेहतर प्रबंधन संभव होगा। आधुनिक तकनीकों के उपयोग से माल ढुलाई और डिलीवरी प्रणाली अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नीति से ई-कॉमर्स, वस्त्र, निर्माण सामग्री, फल एवं सब्जियां और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों को बड़ा लाभ मिलेगा। बेहतर भंडारण और वितरण व्यवस्था से उद्योगों की उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी।

साथ ही, तीसरा पक्ष लॉजिस्टिक्स सेवाओं (3पीएल) को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लगभग 61 प्रतिशत वेयरहाउसिंग की मांग ई-कॉमर्स क्षेत्र से आती है, जिसे ध्यान में रखते हुए यह नीति आधुनिक पूर्ति अवसंरचना में बड़े निवेश को आकर्षित करेगी।

## परिवहन मंत्री ने बस से सफर किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने राजधानी दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने और यात्रियों से सीधी बातचीत करने के उद्देश्य से विकासपुरी से दिल्ली सचिवालय तक इलेक्ट्रिक डीटीसी बस से यात्रा की।

अपनी यात्रा के दौरान परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने यात्रियों से सीधी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और सार्वजनिक परिवहन सेवाओं की जमीनी स्तर पर कामकाज का जायजा भी लिया। उन्होंने दोहराया कि दिल्ली सरकार राजधानी में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली वासियों से अधिकाधिक बसों और मेट्रो सेवाओं का उपयोग करने के साथ ही निजी वाहनों पर निर्भरता कम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग जनता की समस्याओं के प्रति लगातार सजग और संवेदनशील है, ताकि यात्रियों को सार्वजनिक परिवहन की अधिकतम सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

मंत्री ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि प्रदूषण कम करने, जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटाने के साथ स्वच्छ और हरित दिल्ली के निर्माण के लिए सार्वजनिक परिवहन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की तरफ बढ़ना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार स्वच्छ और सतत परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिक और वातानुकूलित बसों के बेड़े का लगातार तेजी से विस्तार कर रही है।




**परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने को लेकर विकासपुरी से दिल्ली सचिवालय तक इलेक्ट्रिक डीटीसी बस से यात्रा करते हुए।**

## एक नजर

### एनआईआईटी फाउंडेशन ने तैयार किया नया स्किलिंग प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एनआईआईटी फाउंडेशन ने साल 2026-27 के लिए अपनी नई स्किलिंग रणनीति पेश की है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को ऐसा हुनर सिखाना है जिससे उन्हें सीधे रोजगार मिल सके। साल 2025-26 के दौरान एनआईआईटी फाउंडेशन ने भारत के 84% जिलों तक विस्तार किया और 32 लाख से अधिक छात्रों को स्किल सर्टिफिकेट प्रदान किए।

फाउंडेशन की कंट्री डायरेक्टर, चारु कपूर ने कहा, ष्वित्त वर्ष 2025-26 के नतीजों ने हमारे इस भरोसे को और मजबूत किया है कि बड़े स्तर पर काम करने का असली फायदा तभी है, जब उससे लोगों के जीवन में कोई बड़ा और सकारात्मक बदलाव आए।उन्होंने आगे कहा, ष्जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारा पूरा ध्यान ऐसे रास्ते बनाने पर है जो युवाओं को नौकरी, आर्थिक मजबूती और भविष्य के लिए काबिल बनाए।

### रिंग वॉरियर बॉक्सिंग चौंपियनशिप 2026 आयोजित



**नई दिल्ली।** दक्षिणपुरी एक्सटेंशन में आयोजित रिंग वॉरियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 का सफल समापन हुआ। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में बड़ी संख्या में बच्चों और युवा खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर शानदार प्रदर्शन किया।इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी (संरक्षक, विवेक बिधूड़ी बॉक्सिंग अकेडमी) की उपस्थिति रही। इस चौम्पियनशिप का योजना अध्यक्ष महेंद्र कलोसिया, मुख्य कोच आदित्य कलोसिया जी और विवेक बिधूड़ी बॉक्सिंग अकेडमी व एवीआई फिटनेस द्वारा किया गया, जिसमें रूस से आए इंटरनेशनल बॉक्सर निक जवाचकिन और इंटरनेशनल बॉक्सर अलेक्जेंडर पर्लाटॉव भी शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष महेंद्र कलोसिया और इंटरनेशनल बॉक्सर मनोज कलोसिया की अहम भूमिका रही।

### राजघाट से भारत क्लाइमेट सत्याग्रह यात्रा शुरू की

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन और टिकाऊ जीवनशैली को लेकर देशव्यापी जनजागरूकता अभियान की शुरुआत करते हुए पूर्व प्प्ज् बॉम्बे प्रोफेसर और "सोलर मैन ऑफ इंडिया" के नाम से प्रसिद्ध प्रो. चेतन सिंह सोलंकी ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित महात्मा गांधी स्मारक राजघाट से 100 दिनों की भारत क्लाइमेट सत्याग्रह यात्रा की शुरुआत की । आज राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ भारत क्लाइमेट सत्याग्रह यात्रा की शुरुआत हुई। इसके बाद प्रो. चेतन सिंह सोलंकी और उनकी टीम गोल्डन क्वाड्रिलेटरल मार्ग पर 51 शहरों की करीब 5,800 किलोमीटर लंबी यात्रा के लिए रवाना हुए।

कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार, संयुक्त सचिव डॉ. अमरप्रीत दुग्गल, ब्रह्माकुमारीज से सिस्टर रमा और गांधी समिति, राजघाट के सचिव रजनीश कुमार उपस्थित रहे। डीपीएस फरीदाबाद और ग्रीन फील्ड स्कूल के छात्रों ने भी उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लिया। एनर्जी स्वराज फाउंडेशन की ओर से आयोजित यह यात्रा आगरा, प्रयागराज, वाराणसी, कोलकाता, भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम, चेन्नई, बेंगलुरु, पुणे, मुंबई, अहमदाबाद और जयपुर समेत कई प्रमुख शहरों से होकर गुजरेगी और 20 अगस्त 2026 को दिल्ली में समाप्त होगी।

### सीबीआई ने पीएमओ को भेजी 100 करोड़ी इंस्पेक्टर की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द्वारका के एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुभाष यादव की रिश्वतकांड में गिरफ्तारी के बाद 100 करोड़ से ज्यादा संदिग्ध लेन-देन का खुलासा हुआ है। द्वारका एक्सप्रेस और नीमराणा में उसकी करोड़ों की प्रॉपर्टी का भी पता चला है। सीबीआई उसे पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने की तैयारी में है। तीन आईपीएस अफसरों की सुभाष पर मेहरबानी की चर्चाओं के बीच सीबीआई उन पर भी शिकंजा कस सकती है। जांच एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट पीएमओ को भेज दी है। सूत्रों के अनुसार, 100 करोड़ी इंस्पेक्टर सुभाष यादव की जांच में सामने आया है कि दिल्ली पुलिस के सीनियर अधिकारी उसे बचाने में लगे हुए थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुभाष का तबादला पिछले साल द्वारका से दक्षिण जिले में कर दिया गया था।

उपायुक्त रैंक के अधिकारी ने उसे दक्षिण जिले के लिए रिलीव करवाया, लेकिन महज तीन महीने में उसने वापस द्वारका तबादला करा लिया और नारकोटिक्स सेल का प्रभारी बन गया। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तम नगर, नवादा, डाबडी व द्वारका में नाइजीरिया के काफी लोग रहते हैं, उनमें से कई ड्रग्स के धंधे में लिप्त हैं।

## परीक्षा रद्द होने से छात्रों में आक्रोश एनटीए दफ्तर के बाहर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नीट यूटी 2026 की परीक्षा रद्द करने के बाद सरकार ने कहा है कि परीक्षा की नई तारीखें जल्द ही घोषित की जाएंगी।

नीट परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी एनटीए ने एक बयान जारी कर बताया कि केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने के बाद नीट यूजी 2026 परीक्षा को रद्द करने का फैसला किया गया है। परीक्षा रद्द होने के बाद छात्रों में निराशा, गुस्सा और भविष्य को लेकर चिंता साफ दिखाई दे रही है। पेपर लीक और परीक्षा में अनियमितताओं के आरोपों के बाद एनटीए कार्यालय के बाहर एबीवीपी ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और एबीवीपी कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए।

सूत्रों के अनुसार, पेपर लीक के आरोपों के चलते नीट यूजी 2026 परीक्षा का पेपर रद्द किए जाने की जांच के सिलसिले में सीबीआई की एक टीम नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के दिल्ली स्थित कार्यालय पहुंची है।

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि एनटीए द्वारा नीट यूजी 2026 के आयोजन में "व्यवस्थित विफलता" हुई है। याचिका में मांग की गई है कि एनटीए को बदला जाए या उसका पूरी तरह से पुनर्गठन किया जाए। साथ ही, नीट यूजी 2026 की नई परीक्षा न्यायिक निगरानी में कराई जाए। नीट पेपर लीक केस में अब गुरुग्राम कनेक्शन सामने आया। इस मामले में गुरुग्राम के फरुखनगर से एमबीबीएस छात्र को हिरासत में लिया गया है।

डॉक्टर बनने से पहले पेपर लीक में छात्र यश का नाम सामने आया। राजस्थान पुलिस की एसओजी टीम ने कल रात गुरुग्राम के खुरमपुर गांव में रेड मारी थी। पेपर लीक नेटवर्क से जुड़े होने के शक में छात्र यश को हिरासत में लिया गया है।

## हैबिटैट फिल्म फेस्टिवल की वापसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में से एक, हैबिटैट फिल्म फेस्टिवल (एचएचएफ) का 18वां एडिशन 15 से 24 मई 2026 तक इंडिया हैबिटैट सेंटर में आयोजित किया जाएगा।

10 दिनों तक चलने वाले इस फेस्टिवल में 20 भाषाओं की बेहतरीन भारतीय फिल्मों का प्रदर्शन होगा, जिनमें 2025-2026 की चर्चित फीचर फिल्में, डॉक्यूमेंट्री और शॉर्ट फिल्में शामिल होंगी।

इस साल का फेस्टिवल भारतीय सिनेमा की विविधता और बदलती कहानी कहने की शैली को खास तौर पर सामने लाएगा। महान फिल्मकार ऋत्विक घटक की रीस्टोर्ड क्लासिक फिल्मों से लेकर केरल, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, राजस्थान और असम जैसे राज्यों से उभर रही नई इंडी आवाजों तक, एचएफएफ 2026 दर्शकों को सिनेमा के कई रंगों से रूबरू कराएगा ।

फेस्टिवल में समानांतर सिनेमा के स्वर्णिम दौर को सम्मान दिया जाएगा, वहीं डिजिटल दौर के नए इंडिपेंडेंट फिल्मकार्स को भी मंच मिलेगा दर्शकों को ऐसी फिल्मों का अनुभव मिलेगा जो समाज के जरूरी मुद्दों, मानवीय रिश्तों और व्यक्तिगत अनुभवों को बेहद संवेदनशील तरीके से पेश करती है।

### शादी के दौरान खुशी में चलाई गोली महिला को लगी, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दयालपुर में शादी के दौरान एक महिला को गोली मारने वाले आरोपी को पकड़ा हे।अपराध करने के बाद से वह फरार चल रहा था।आरोपी ने खुशी में गोली चलाई, जो बालकनी में खड़ी एक महिला को जा लगी थी। वह एक शातिर अपराधी है और पहले भी दो जघन्य मामलों में शामिल रहा है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि 11 अप्रैल को रात 10:40 बजे दयालपुर, में एक व्यक्ति और उसकी पत्नी अपनी बालकनी में खड़े होकर एक शादी का जश्न देख रहे थे। तभी पिस्टल लेकर नाच रहे दो व्यक्तियों में से एक ने खुशी में गोली चला दी। गोली महिला के सिर में जा लगी, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। आरोपी मौके से फरार हो गया। इस दौरान पुलिस और एफएसएल की टीमों ने घटनास्थल का मुआयना किया। महिला को अस्पताल, दिल्ली में भर्ती कराया गया। इसके बाद पुलिस ने दयालपुर थाने के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इसी बीच 12मई को हेड कांस्टेबल अशोक सिंघल को एक गुप्त सूचना मिली कि दयालपुर थाने में दर्ज गोलीबारी के मामले मे वांछित ऋषि उर्फ मनु ठाकुर (22) अपने साथियों से मिलने के लिए सुल्तानपुरी स्थित कृष्ण विहार में एक घर पर आएगा।

## ढोल-नगाड़ों के साथ हुई मूर्ति स्थापना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शकरपुर संजय पार्क में श्याम बाबा जी की मूर्ति स्थापना के अवसर पर ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों एवं भक्ति गीतों के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। निशान यात्रा का शुभारंभ मंदिर परिसर से हुआ, जो शकरपुर विकास के प्रमुख मार्गों से होते हुई मंदिर स्थल पहुंची। कार्यक्रम के यजमान रानी गुप्ता और समाज सेवी वीके गुप्ता सहित अमित गुप्ता 'राजा',शगुन गुप्ता, अधिवक्ता प्रदीप महाजन,वरुण गुप्ता, हिमांशु 'बिल्ला', रिंकू बेदी, ऋषभ,सरोज,वी के गर्ग,काले चौधरी, सुमित, कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंदिर के पुजारी राजेश पंडित जी ने बताया कि मूर्ति स्थापना के पश्चात विधि-विधान से पूजा- अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



### नीट पेपर लीक मामले पर केजरीवाल ने उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि देश में लगातार हो रहे पेपर लीक से करोड़ों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। केजरीवाल ने कहा कि इस मामले में सीबीआई जांच पर भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि पहले के मामलों में भी एजेंसी प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रही है।

दावा किया कि एक पुराने मामले में मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार तो किया गया, लेकिन 90 दिन तक चार्जशीट दाखिल नहीं की गई, जिसके चलते आरोपी को जमानत मिल गई। उन्होंने दावा किया कि जिन लोगों पर संदेह है, उनका संबंध राजस्थान से जुड़ा हुआ है। साथ ही आरोप लगाया कि पूरे तंत्र में भारतीय जनता पार्टी से जुड़े लोग पेपर लीक करवाने में शामिल हो सकते हैं। केजरीवाल ने भारत की विदेश नीति को लेकर भी सवाल उठाए।

## उत्सव -2026 में एआई की भूमिका को किया उजागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बच्चों को 21वीं सदी के जरूरी कौशलों से सशक्त बनाने के लिए काम कर रही गैर-लाभकारी संस्था द अप्रेंटिस प्रोजेक्ट ने नई दिल्ली के विश्व युवक केंद्र में उत्सव - 2026 का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों, नीति-निर्माताओं, सरकारी प्रतिनिधियों और इंडस्ट्री लीडर्स ने हिस्सा लिया।




कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि निखिल तिवारी, निदेशक (शिक्षा), एमसीडी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के समय में शिक्षा व्यवस्था को कोडिंग, टेक्नोलॉजी और एआई जैसे भविष्य के कौशलों के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों की मजबूत नींव से भी जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने छात्रों द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट्स की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और वास्तविक जीवन से जुड़ी सीख को बढ़ावा देते हैं।

इस चर्चा में डॉ. नाहर सिंह, पूर्व संयुक्त निदेशक,एससीईआरटी; डॉ. दिनेश कुमार, पूर्व प्राचार्य, डीईआईटी एससीईआरटी दिनकर सिंह, निदेशक -पब्लिक अफेयर्स, इंडियन सबकॉन्टिनेंट, यूपी एस, अंबुज, पूर्व डीडीई, आर एंड इ, संजय सुभाष, पूर्व डीडीई, एग्जाम्स और सीप अग्रवाल, लीड-वॉलंटियरिंग एंड स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप्स, यूनिसेफ शामिल रहे।

### गड्ढे में गिरा मासूम, तालाब पर अवैध कब्जे से ग्रामीणों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बहराइच जिले की ग्राम पंचायत सुंगा दुर्गा पुरवा में स्थित गाटा संख्या 14 के बगल में खुदे पांच फुट के गड्ढे में जो कि गटर के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इनके परिवार की बेटी करिश्मा पुत्री शिव कुमार शुक्ला का तीन वर्षीय बेटा गड्ढे में जा गिरा और उसकी मृत्यु हो गई। शिव कुमार के पिता मुक्तिराम ने कहा यह हृदय विद्यारक घटना नहीं घटती अगर गढ्ढा न खुदा होता। पहले सारा पानी तालाब में जा रहा था। परन्तु लेखपाल राम सुरेश ने 16 बिस्वा तालाब पटवाकर समतल कर दिया और मकान खड़ा कर दिया।

क्षेत्रवासियों को कहना है कि यदि तालाब पर अवैध कब्जा न हुआ होता और पानी के निकास की व्यवस्था पहले की तरह ही होती तो ऐसी हृदय विदारक घटना नहीं घटती। इस लिए प्रशासन को को तत्परता दिखाते हुए तुरंत उचित कार्यवाही करनी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना न घटे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनी जनसमस्याएं

## नेहरूजिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ की कार्यशैली से जनता का बढ़ रहा विश्वास

## जनता दर्शन में हो रही है लगातार शिकायत/आवेदनकर्ताओं की बढ़ोतरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/ शिकायती पत्र प्राप्त हुए। डीएम द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूपत् त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के आदेश दिये।



इसी क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार "जनता दर्शन"/ जनसुनवाई की सीधे सीएम ऑफिस उत्तर प्रदेश से लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है। जिलाधिकारी ने जनमानस की सुविधा हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित हुआ है कि सभी कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे जन शिकायतें सुनेंगे और उनके साथ जूम पर लाइव रहेंगे। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया एवं जूम के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें शिकायतों से अवगत कराते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए। इस दौरान अपनी शिकायतों एवं आवेदनों पर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण होने पर लाभार्थियों द्वारा ने कहा कि हम डीएम साहब का दिल से धन्यवाद करते हैं और जनता से अपील करते हैं कि अपनी समस्याओं/शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु जिलाधिकारी महोदय से सम्पर्क करें, आपकी समस्या का जरूर निराकरण होगा। जनता दर्शन में लगातार प्रार्थियों की भीड़ को देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ की कार्यशैली से जनता का शासन प्रशासन पर विश्वास बढ़ रहा है। जनता दर्शन के दौरान मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ, सिटी मजिस्ट्रेट डॉक्टर संतोष कुमार उपाध्याय, जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

# पार्षद खुर्शीदा कल्लन के कार्यकाल के 3 वर्ष पूर्ण होने पर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** शहीद नगर वॉर्ड 34 निगम पार्षद खुर्शीदा कल्लन के कार्यकाल के 3 वर्ष पूर्ण होने पर हाजी मोहम्मद कल्लन को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यरूप से वरिष्ठ समाजसेवी ताजींन मंसूरी समाजसेवी फरियाद चौधरी दानिश मंसूरी शुएब खघन आरिफ खघन रिहान खघन शालू खघन जफर अली शब्बीर खघन सरफराज खघन समीर मंसूरी मोहम्मद अजीम मंसूरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# गर्मी बढ़ने के साथ ट्रांस हिंडन में प्रभावित हुई गंगाजल की आपूर्ति

■ **नीतिखंड के लोगों को कहना है कि गंगाजल की आपूर्ति क्षेत्र में काफी कम है जिसके चलते पीने के पानी की समस्या बनी रहती है**

**गाजियाबाद।** गर्मी बढ़ने के साथ ही ट्रांस हिंडन क्षेत्र में गंगा. जल आपूर्ति की समस्या सामने आने लगी है। खासकर इंदिरापु. रम में लोगों ने गंगाजल आपूर्ति नियमित न होने की शिकायत की है। लोगों का आरोप है कि कभी घरों में एक ही समय गंगा. जल की आपूर्ति की जाती है तो कभी बिना सूचना के गंगाजल की सप्लाई रोक दी जाती है।

न्यायखंड, अभयखंड, अहिंसाखंड, नीतिखंड समेत अन्य इलाकों में भूजल के साथ गंगाजल आपूर्ति की जाती है। नीतिखंड के लोगों को कहना है कि गंगाजल की आपूर्ति क्षेत्र में काफी कम है जिसके चलते पीने के पानी की समस्या बनी रहती है। अधिकांश घरों में बोतलबंद पानी की सप्लाई होती है जबकि आरओ सिस्टम से भूजल को पीने योग्य प्रयोग में लेते हैं।

न्यायखंड निवासियों के मुताबिक घरों में गंगाजल की आपूर्ति की स्थिति में सुधार नहीं है। दो दिन पहले दूषित पानी की आपूर्ति हो रही थी। इसकी शिकायत की तो एक दिन तो सुनवाई ही नहीं की गई।

इसके अलावा कभी भी गंगाजल की आपूर्ति बंद कर दी जाती है। बुधवार को भी इंदिरापु. रम के कुछ इलाकों में कम दबाव से गंगाजल आपूर्ति की शिकायत लोगों ने की है। नगर निगम जलकल विभाग के महाप्रबंधक केपी आनंद ने बताया कि नियमित तौर पर पेयजल आपूर्ति कराई जा रही है। सभी अवर अभियंताओं को समस्याओं के समय से निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

### एचएलएम लीग ऑफ इमर्जिंग प्लेयर्स में

# एचएलएम थ्री एस क्रिकेट अकादमी ने वसुंधरा रेंजर्स को 85 रनों से हराया

■ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी थ्री एस क्रिकेट अकादमी ने 40 ओवरों में 282 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एचएलएम कॉलेज ग्राउंड, में खेले गए 14वीं HLM लीग ऑफ इमर्जिंग प्लेयर्स के रोमांचक मुकाबले में एच एल एम थ्री एस क्रिकेट अकादमी ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए वसुंधरा रेंजर्स को 85 रनों से पराजित किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी थ्री एस क्रिकेट अकादमी ने 40 ओवरों में 282 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से प्रगुन भारद्वाज ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 36 गेंदों पर नाबाद 64 रन बनाए, जिसमें 9 चौके शामिल रहे। कार्तिक ठाकुर ने 42 रन तथा अलंकृत त्यागी ने 40 रन का महत्वपूर्ण योगदान देकर टीम की पारी को मजबूती प्रदान की। वसुंधरा रेंजर्स की ओर से एमडी मुंतजिर आलम, ग्रंथिक नेगी और शिवम यादव ने दो-दो विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वसुंधरा रेंजर्स की टीम 40 ओव. रों में 197/9 रन ही बना सकी। कप्तान अयान त्यागी ने शानदार




बल्लेबाजी करते हुए 58 रन बनाए, जबकि शिवम यादव 22 रन बनाकर नाबाद लौटे, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। एच एल एम क्रिकेट अकादमी की गेंदबाजी बेहद अनुशासित रही। राघव भुटानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

वहीं जयंत और प्रगुन भारद्वाज ने भी दो-दो विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस शानदार जीत के साथ थ्री क्रिकेट अकादमी ने टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। प्रगुन भारद्वाज की विस्फोटक बल्लेबाजी और राघव भुटानी व जयंत की प्रभावशाली गेंदबाजी मैच के मुख्य आकर्षण रहे।

# शराब के ठेके को गैर रिहायशी जगह स्थानांतरण करने की सीएम योगी से की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर 2ए में खोले गए शराब के ठेके को लेकर महाकाल वाहिनी के बैनर तले महिलाओं ने विरोध दर्ज किया है। इस संबंध में संगठन की ओर से एक ज्ञापन भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रेषित किया गया है।

ज्ञापन में महिलाओं ने कहा है कि वसुंधरा सेक्टर 2 ए पर जहां शराब का ठेका खोला गया है वहां से कुछ ही मीटर पर मदर टेरेसा स्कूल और स्प्रिंग फील्ड स्कूल मौजूद है। इतना ही नहीं इसी स्थान पर एक पार्क भी मौजूद है जहां छोटे बच्चे और महिलाएं आती जाती रहती हैं।

महिलाओं ने कहा है कि यहां शराब का ठेका खुलने से क्षेत्र का वातावरण तो दूषित हो



रहा है, वहीं लोग शराब पीकर अभद्र भाषा और अश्लील टिप्पणियां करते हैं। इसके चलते महिलाओं और बच्चों पर प्रतिक. ूल प्रभाव पड़ रहा है।

स्थिति यह है कि महिलाओं का यहां से आना-जाना दूभर हो चुका है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि रिहायशी क्षेत्र या विद्यालयों धार्मिक स्थलों और पर को के आसपास शराब के ठेकों के खिलाफ कठोर नीति बनाई जाए। इसके अलावा वसुंधरा सेक्टर 2 में मौजूद शराब के ठेके को तत्काल प्रभाव से किसी गैर रियासी क्षेत्र में स्थानांतरण किया जाए।

# ट्रैक्टर से जोतकर फसल उजाड़ी

**शेरकोट।** किसान ने कुछ लोगों पर रात के वक्त उसके खेत में तैयार खड़ी गन्ने की फसल को ट्रैक्टर से जोतकर बर्बाद करने का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के ग्राम पालकी एमन निवासी पीड़ित किसान पवन पुत्र नौबहार ने बताया कि उसने मेहनत और कर्ज लेकर गन्ने की फसल तैयार की थी, लेकिन रात करीब एक बजे कुछ लोग ट्रैक्टर लेकर खेत पर पहुंचे और पूरी फसल रौंद डाली। किसान ने आरोप लगाया कि आरोपी लंबे समय से उसकी जमीन पर कब्जा करने की को. शिश कर रहे हैं। खेत की हदबंदी को लेकर करीब दो साल पहले नींव भी डाली गई थी, इसके बावजूद विवाद लगातार बढ़ता रहा।

### नीट 2026 पेपर लीक ने तोड़े 22 लाख छात्रों के सपने

# पेपर लीक माफियाओं पर हो सर्जिकल स्ट्राइक: आईपीए

■ **नीट की परीक्षा देने वाले लाखों छात्र आज सरकार और व्यवस्था से सवाल पूछ रहे है कि क्या मेहनत करने वालों का कोई मूल्य नहीं?**

**गाजियाबाद।** नीट पेपर लीक होने के मामले में आईपीए ने सरकार से सरकार से अपील करते हुए कहा है कि एनटीए को तत्काल प्रभाव से भंग कर एक नई, पारदर्शी और जवाबदेह एजेंसी का गठन किया जाए। यह केवल एक परीक्षा रद्द नहीं हुई है, बल्कि लाखों मेहनती छात्रों के सपनों, संघर्षों और मान. सिक संतुलन पर सीधा हमला हुआ है।

नीट की परीक्षा देने वाले लाखों छात्र आज सरकार और व्यवस्था से सवाल पूछ रहे है कि क्या मेहनत करने वालों का कोई मूल्य नहीं? क्या हर साल छात्रों का भविष्य शिक्षा माफियाओं और भ्रष्ट व्यवस्था के हवाले किया जाता रहेगा? बार-बार होने वाली पेपर लीक की घटनाओं ने एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब कोई संस्था निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित परीक्षा कराने में लगातार विफल साबित हो रही हो, तो उसे बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं बचता।

इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने मांग की है कि एनटीए को तत्काल प्रभाव से भंग कर एक नई, पारदर्शी और जवाबदेह एजेंसी को परीक्षा कराने की जिम्मेदारी सौंपी जाए।

साथ ही पेपर लीक में शामिल प्रत्येक व्यक्ति और गिरोह पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी छात्रों के सपनों के साथ खिलवाड़ करने की हिम्मत न कर सके। एसोसिएशन के महासचिव महिपाल रावत ने कहा कि बच्चों का भविष्य किसी व्यवस्था की लापरवाही की भेंट नहीं चढ़ने दिया जाएगा।

# डीएम के पास पहुंची जर्जर लिफ्ट की शिकायत

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में लगी लिफ्टों की दयनीय हालत को लेकर मामला अब जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंच गया है। स्थानीय निवासी गौरव बंसल ने जिलाधिकारी गाजियाबाद से मिलकर सोसायटी में लगी लिफ्टों से जुड़ी गंभीर समस्याओं से अवगत कराया तथा लिखित शिकायती पत्र सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार, वर्षों पहले सोसायटी के विभिन्न टावरों में लगाई गई लिफ्टें अब काफी पुरानी और जर्जर हो चुकी हैं। आरोप है कि आरडब्ल्यूए द्वारा नई लिफ्ट लगाने के लिए निवासियों पर स्वयं खर्च वहन करने का दबाव बनाया जा रहा




है। कुछ टावरों में लोगों ने अपने स्तर पर लिफ्ट बदलवाने की प्रक्रिया शुरू भी कर दी है, जबकि अधिकांश निवासी इसके लिए तैयार नहीं हैं। निवासियों का आरोप है कि सोसायटी में रहने वाले लोगों से भारी-भरकम मेंटेनेंस शुल्क वसूला जाता है।

वहीं लिफ्टों के रखरखाव के लिए ओटीएस कंपनी को हर महीने लाखों रुपये एमसी (मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट) के रूप में भुगतान किए जाने के बावजूद लिफ्टों की स्थिति लगातार खराब बनी हुई है। आए दिन लिफ्ट खराब होने और तकनीकी समस्याएं सामने आने से लोगों में भय और नाराजगी का माहौल है।

# ऑक्सफोर्ड की विदिशा कालेज टॉपर

**नहटौर।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित होने के बाद नहटौर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में खुशी का माहौल है। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय की मेधावी छात्रा विदिशा गहरवार पुत्री भूवेंद्र कांत सिंह ने ह्यूमनिटीज वर्ग में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया और टॉपर बनीं। उनके साथ ही अन्य छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। वंशिका पाल पुत्री तेजपाल सिंह ने पीसीबी स्ट्रीम में 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि इशिता सिंह पुत्री कपिल कुमार ने पीसीएम स्ट्रीम में 89.6 प्रतिशत अंक हासिल किए।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने किया बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा विधानसभा क्षेत्र मुरादनगर के तत्वाधान में ग्राम नगला फिरोज मोहनपुर में पंडित प्रेमचंद शास्त्री के आवास पर एक बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता पंडित जगदीश दत्त मोरटा और संचालन नगर महामंत्री पंडित यतिदेव शर्मा जी ने किया। बैठक में संगठन पर चर्चा हुई और गरीब बालक बालिकाओं को पढ़ने के लिए सहायता देने का आह्वान किया गया एवं गरीब ब्राह्मण परिवारों की कन्याओं के विवाह के लिए भी कन्यादान समृद्धि योजना के तहत आर्थिक सहायता देने का जिला अध्यक्ष ने प्रस्ताव पास किया मुख्य अतिथि पंडित विनोद कुमार मिश्रा अखिल भारतीय परशुराम



सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे एवं जिला अध्यक्ष पंडित राकेश शर्मा सिहानी विशिष्ट अतिथि रहे, मुख्य अतिथि अखिल भारतीय परशुराम सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं विनोद कुमार मिश्रा ने संबोधन में कहा की समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रभक्ता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मणों के खिलाफ जो अपमान जनक अवशब्द कहे गए उससे ब्राह्मण समाज में रोष है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव से हमारी मांग है, की राजकुमार भाटी को राष्ट्रीय प्रभक्ता पद से तुरंत हटाया जाए, पं विनोद कुमार मिश्रा जी ने सभी ब्राह्मणों से संगठित होकर एक मंच पर आने का आवाहन किया, उन्होंने बताया 19 अप्रैल से 19 मई तक परशुराम जन्मोत्सव संपूर्ण देश में महायज्ञ, शोभायात्रा, एवं महासम्मेलन के द्वारा मनाया जा रहा है, उन्होंने कहा की ब्राह्मण कभी जातिवादी नहीं रहा, उन्होंने कहा 19 अप्रैल से पूरे देश में रोजाना महायज्ञ किए जा रहे है, जिसमें प्राणिमात्र के कल्याण राष्ट्र के उन्नति पर्यावरण की शुद्धि व विश्व की शांति की जा रही है, ब्राह्मणों के विषय में ये कहना जातिवादी ये पूर्णतः गलत है, इतिहास इस बात का गवाह है, ब्राह्मण संपूर्ण समाज के विषय में सोचता है ना की अपने विषय में ये है ब्राह्मण की विचारधारा ब्राह्मण की सोच है की सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत् इसका अर्थ है की सबका साथ सबका विकाश ब्राह्मण प्रातःकाल उठकर परम. पिता परमात्मा से सभी प्राणियों के कल्याण और राष्ट्र की उन्नति की कामना करता है।

# पति को भाई के साथ मिलकर सरेराह पीटा

■ **पीड़ित रिंकू सिसोदिया ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है**

**गाजियाबाद।** मसूरी क्षेत्रांतर्गत पत्नी ने अपने भाई व अन्य के साथ मिलकर सरेराह पति को पीटा दिया। पति ने पत्नी पर गहने और नकदी ले जाने का आरोप लगाया। पति ने पत्नी, साले व साले के दोस्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

मसूरी क्षेत्रांर्तगत ग्राम मटियाला की फ्रेंड्स कॉलोनी में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी, साले और उसके एक अज्ञात दोस्त पर मारपीट और घर में रखे आभूषण व नकदी चोरी करके ले जाने का गंभीर आरोप लगाया है।

पीड़ित रिंकू सिसोदिया ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। एसीपी मसूरी भास्कर वर्मा ने बताया कि पीड़ित रिंकू की दी गई शिकायत के आधार पर आरोपी पत्नी कविता, साले भूपेन्द्र व भूपेन्द्र के एक दोस्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, जांच-पड़ताल कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# आईआईए मोदीनगर द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में आईजीएल ( पीएनजी ) गैस कनेक्शन के लिए विशेष कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (IIA) मोदीनगर चैप्टर के चेयरमैन राज ढींगरा, कोषाध्यक्ष मनोज माहेश्वरी और केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य (CEC) डॉ. मुकेश गर्ग के नेतृत्व में बुधवार को सिकेडा रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैसर्स जे. बी. इंडस्ट्रीज में आईजीएल (पीएनजी) गैस कनेक्शन के दस्तावेजीकरण और पंजीकरण के लिए एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। औद्योगिक क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित पीएनजी गैस की उपलब्धता सुनिश्चित होने से स्थानीय उद्यमियों और फैक्ट्री संचालकों में भारी उत्साह और खुशी की लहर है। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों को सुगमता से पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराना था। सस्ती, सुलभऔर पर्यावरण के अनुकूल गैस मिलने से अब उद्योगों के संचालन में बड़ी राहत मिलेगी। कैंप में बड़ी संख्या में उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मौके पर ही अपने कारखानों के लिए पीएनजी कनेक्शन हेतु सीधे आवेदन और दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया पूरी की। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की ओर से समित भाटी और रॉबिन भाटी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने उद्यमियों को आवेदन प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने में सहायता की और गैस आपूर्ति से संबंधित सभी तकनीकी जानकारियाँ साझा कीं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर IIA




मोदीनगर चैप्टर के कई प्रमुख पदाधिकारी और उद्यमी उपस्थित रहे। कैंप में मुख्य रूप से भूपेंद्र अग्रवाल, बृजमोहन कपूर, संजीव माहेश्वरी, शलभ गुप्ता, अनिल अरोड़ा, सुरेश मीना, पुनीत कुमार, पंकज बजाज, मनोज डागा, उदय बीर सिंह, नमन गर्ग, विकास चौधरी, प्रतीक गोयल और प्रवीण गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। आईआईए के चेयरमैन राज ढींगरा ने सभी उपस्थित उद्यमियों का समय पर आकर प्रक्रिया पूरी करने के लिए धन्यवाद किया और कहा कि आईजीएल गैस का आना मोदीनगर के औद्योगिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस सफल आयोजन में हार्दिक सहयोग के लिए मैसर्स जे. बी. इंडस्ट्रीज के नीरज गुप्ता जी का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने आईजीएल के अधिकारियों और आयोजनकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

**संबंध विच्छेद**

सूचित किया जाता है कि मेरा व्यावहारी प्रीत कुमार पुत्र स्व० कन्हैया लाल निवासी डी एस 841 बांम्बे कालोनी नंदग्राम गाजियाबाद जिला गाजियाबाद ने अपने बड़े पुत्र मुकुल को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उपरोक्त मुकुल के किसी कृत्य के प्रति मेरे व्यावहारी या उसके परिवार का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

**बी0 के0 निम्मी एडवोकेट।**

# ईंधन बचत को बनाएं जन आंदोलनः मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के मद्देनजर देशवा. सियों से पेट्रोल-डीजल की बचत करने तथा ऊर्जा संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया है।

मुख्यमंत्री के अनुसार प्रधानमंत्री की इस महत्वपूर्ण अपील को अपनाते हुए दिल्ली सरकार ने विभागीय कामकाज के लिए वाहनों की संख्या सीमित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इस विशेष परिस्थितियों में सरकार के सभी कैबिनेट सहयोगी, भारतीय जनता पार्टी के सभी विधायक, जनप्रतिनिधि, दिल्ली सरकार के सभी विभागों व अधिकारियों ने भी आवश्यकता के अनुरूप न्यूनतम वाहनों का उपयोग करना शुरू कर दिया है। वे कारपूल और सार्वजनिक परिवहन को भी प्राथमिकता देंगे।

मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों से भी ईंधन बचाने के लिए अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के साथ-साथ कारपूल की भी अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी दिल्ली में मेट्रो व सार्वजनिक बसों (दिल्ली परिवहन निगम) का पर्याप्त बेड़ा है। इनकी पहुंच एनसीआर तक भी है। अब इस विशेष परिस्थितियों में अधिक से अधिक लोग निजी वाहनों के बजाय मेट्रो और डीटीसी बसों का उपयोग करेंगे तो इससे न केवल ईंधन की बचत होगी बल्कि ट्रैफिक जाम और प्रदूषण में भी कमी आएगी। जन-भागीदारी की ताकत ही किसी भी बड़े राष्ट्रीय लक्ष्य को सफल बनाती है। कोरोना काल में भी देश ने अनुशासन, सहभागिता और सामूहिक जिम्मेदारी की मिसाल प्रस्तुत की थी। एक बार फिर ऐसा समय है जब प्रत्येक नागरिक का छोटा प्रयास भी देशहित में बड़ा योगदान बन सकता है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि जहां संभव हो, कार्यालय जाने, बाजार आने-जाने या दैनिक यात्रा के दौरान सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें और कार पूलिंग को अपनी आदत बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो सेवा आज दिल्ली-एनसीआर की जीवनरेखा बन चुकी है। आज मेट्रो आज 416 किलोमीटर लंबे नेटवर्क तक पहुंच चुकी है। दिल्ली मेट्रो वर्तमान में 303 स्टेशनों और 343 ट्रेनों के साथ प्रतिदिन 4,500 से अधिक फेरे संचालित कर रही है और प्रतिदिन दिल्ली सहित नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और बहादुरगढ़ सहित क्षेत्रों के 65 लाख से अधिक यात्रियों को सुविधा प्रदान कर रही है। दिल्ली मेट्रो की विभिन्न लाइनें राजधानी के प्रमुख व्यावसायिक, शैक्षणिक, आवासीय और औद्योगिक क्षेत्रों को आपस में जोड़ती हैं। मेट्रो के विस्तार से यात्रा का समय कम हुआ है, प्रदूषण में कमी आई है और लोगों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध हुआ है। सरकार लगातार मेट्रो सेवा के बेहतर समन्वय, अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी तथा पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली सरकार राजधानी में सार्वजनिक परिवहन को मजबूत और आधुनिक बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। वर्तमान में दिल्ली में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की कुल 6,300 सक्रिय बसों का बेड़ा संचालित हो रहा है, जिनमें 4,538 इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं। इनमें 9 मीटर श्रेणी की 1,593 देवी (क्स्टप्) बसें, 12 मीटर श्रेणी की 2,845 इलेक्ट्रिक बसें तथा 100 फीडर बसें शामिल हैं। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2026 के अंत तक इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाकर 7,500 करना है, जबकि वर्ष 2028 तक राजधानी में 14,000 इलेक्ट्रिक बसें संचालित करने की योजना है। बसों की वर्तमान स्थिति बताती है कि यात्रियों के लिए पर्याप्त बसें हैं।

## संदिग्ध हाल में नवविवाहिता की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** खिचड़ीपुर इलाके में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान 20 वर्षीय नीलम के रूप में हुई है। तीन माह पहले ही शादी हुई थी। ससुराल पक्ष का दावा है कि महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, जबकि मायके वालों ने इसे हत्या बताते हुए ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कल्याणपुरी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है। नीलम मूल रूप से नोएडा के राहुल विहार, सेक्टर-62 की रहने वाली थी। करीब तीन महीने पहले उनकी शादी खिचड़ीपुर निवासी राहुल नाम के युवक से हुई थी।

# कंसल्टेंट फार्मासिस्ट समेत कई पदों पर भर्ती 25 मई तक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के आयुष निदेशालय के तहत दिल्ली राज्य आयुष सोसायटी ने प्रोग्राम मैनेजर, कंसल्टेंट एनएएम, मेडिकल ऑफिसर (आयुर्वेद/ यूनानी/होम्योपैथी), योग प्रशिक्षक और फार्मासिस्ट समेत कुल 167 पदों पर भर्ती निकाली है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 25 मई 2026 तक चलेगी। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रोग्राम मैनेजर पद के लिए उम्मीदवार के पास किसी भी विषय में स्नातक डिग्री के साथ एमबीए (स्वास्थ्य सेवा/मानव संसाधन/स्वास्थ्य प्रशासन) या 2 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा होना चाहिए। साथ ही, सार्वजनिक स्वास्थ्य पब्लिक हेल्थ क्षेत्र में कम से कम 5 साल का अनुभव जरूरी है। इस पद पर चयनित उम्मीदवार को हर महीने 65,000 वेतन दिया जाएगा। कंसल्टेंट एनएएम पद के लिए उम्मीदवारों को स्वास्थ्य और आयुष क्षेत्र से जुड़ी आवश्यक योग्यता और अनुभव होना चाहिए। इस पद पर चयनित उम्मीदवारों को 55,000 प्रति माह पारिश्रमिक दिया जाएगा।

मेडिकल ऑफिसर (आयुर्वेद/ यूनानी/होम्योपैथी) पद के लिए उम्मीदवार के पास बीएएमएस, ठन्डै या ठभ्डै डिग्री होनी चाहिए। साथ ही संबंधित स्ट्रीम के दिल्ली राज्य रजिस्टर में नाम दर्ज होना जरूरी है।

# कपिल मिश्रा ने परिवहन के लिए मेट्रो का किया प्रयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर दिल्ली सरकार ऊर्जा संरक्षण के लिए संकल्पित है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर सभी मंत्री गण, अधिकारी एवं कर्मचारी ईंधन बचाने के लिए सभी सम्भव प्रयास करेंगे। यह बात दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने कही। कपिल मिश्रा ने परिवहन के लिए दिल्ली मेट्रो का प्रयोग किया।मेट्रो में सफर के दौरान कपिल मिश्रा ने दिल्ली वासियों से ऊर्जा संरक्षण के विविध तरीकों पर चर्चा की और अन्य लोगों को प्रेरित करने का आग्रह किया। उन्होंने दैनिक जीवन में अपने कार्यालय एवं प्रतिष्ठान जाने के लिए निजी वाहनों का प्रयोग करने वाले दिल्ली वासियों से बस एवं मेट्रो को अपनाने का आग्रह किया। साथ ही घर के नजदीक स्थित बाजारों एवं अन्य जगहों पर जाने के लिए पैदल या साइकिल का प्रयोग करने का आग्रह किया।

कपिल मिश्रा ने कहा कि वैश्विक संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान का पालन करते हुए ईंधन बचाना एवं ऊर्जा का संरक्षण करना हम सबका राष्ट्रीय कर्तव्य है।



**कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रकपिल मिश्रा परिवहन के लिए दिल्ली मेट्रो का प्रयोग करते हुए।**

# सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में रचे कीर्तिमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में भारत नेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया।



पिछली बार की तरह इस बार भी परिणाम शत-प्रतिशत रहा। समग्र उच्चतम अंकों के साथ दिव्य कपूर ने 96.8 प्रतिशत, पलक मालपानी 96.6 प्रतिशत, माधव भाटर ने 96 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल एवं माता-पिता का नाम रोशन किया।

साथ ही दिव्य कपूर ने फिजिक्स में 100/100, पलक मालपानी ने इकॉनोक्सि में 100/100, चार्वी पाठक मनोविज्ञान में 100/100, कायांगाली वर्मा ने मनोविज्ञान में 100/100, इशान गोयल ने सूचना प्रौद्योगिकी में 100/100 अंक प्राप्त किए।

इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य कंवलजीत खुंगर ने सभी छात्र, छात्राओं शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। साथ ही शानदार सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि मै सभी छात्रो को आशीर्वाद देता हूँ कि आप सभी हमेशा जीवन में इसी तरह सफलता की सीढ़ियां चढ़ते जाएं।

उन्होंने कहा कि ये छात्र ही विद्यालय की मजबूत नीव है और इसी नीव पर मजबूत बिल्डिंग बनती है। यही छात्र आने वाले समाज का आधार हैं।

## रवींद्र सिंह यादव का अंडमान निकोबार में डीजी पद पर तबादला

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस के दूसरे विशेष आयुक्त कानून व्यवस्था रवींद्र सिंह यादव को दिल्ली पुलिस से हटाकर अंडमान एंड निकोबार का डीजी बना दिया गया है।वहीं अंडमान एंड निकोबार में डीजी रहे हर गोबिंद सिंह धालीवाल को वापस दिल्ली बुला लिया गया है। उनकी जल्द दिल्ली पुलिस में वापसी हो जाएगी। अक्टूबर 2024 में धालीवाल को दिल्ली पुलिस से तबादला कर अंडमान एंड निक. ोबार का डीजी बना दिया गया था। वह वहां करीब 21 महीने तक रहे। दिल्ली से बाहर भेजने पर डीजी का कार्यकाल वैसे तो दो साल या उससे अधिक होता है।

## रोबोटिक-आर्म असिस्टेड जॉइंट रिप्लेसमेंट में सर्जन प्रशिक्षण को साझेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हेल्थकेयर प्रोवाइडर मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत ने भारत में रोबोटिक-आर्म असिस्टेड जॉइंट रिप्लेसमेंट के क्षेत्र में सर्जन ट्रेनिंग, क्लिनिकल एजुकेशन और पेशेंट केयर को आगे बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है ।




इस साझेदारी पर बात करते हुए, मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर अभय सोई ने कहा, स्ट्राइकर के साथ यह साझेदारी संरचित प्रशिक्षण प्रणाली और उन्नत नैदानिक शिक्षा के माध्यम से भारत में हड्डी रोग देखभाल सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के चेयरमैन - ऑर्थोपेडिक्स, जॉइंट रिप्लेसमेंट और चीफ रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट, डॉ. रमणीक महाजन ने कहा, रोबोटिक-आर्म असिस्टेड जॉइंट रिप्लेसमेंट ऑर्थोपेडिक सर्जरी में एक महत्वपूर्ण प्रगति है, जो मरीजों को अधिक सटीकता, पर्सनलाइज्ड प्लानिंग और संभावित रूप से बेहतर रिकवरी परिणाम प्रदान करती है।

## यमुना को गंदगी से बचाएगा बायोगैस प्लांट

**नई दिल्ली।** यमुना नदी को गंदा होने से बचाने और दिल्ली को कचरा मुक्त बनाने की दिशा में दिल्ली नगर निगम की तैयारियां जोरो पर हैं।इसी दिशा में महापौर प्रवेश वाही ने नजफगढ़ जोन के निर्माणाधीन गोयला डेयरी बायोगैस संयंत्र का दौरा कर निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने इस परियोजना को यमुना की स्वच्छता के लिए क्रांतिकारी कदम बताया। महापौर ने पिछले वर्ष के घटनाक्रम को याद करते हुए बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्वयं नंगली क्षेत्र का दौरा कर पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम की शुरुआत की थी। उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए, अब गोयला में 200 मिट्रिक टन क्षमता वाला सीबीजी प्लांट तैयार किया जा रहा है।

# डायरेक्ट रेडियोग्राफी समाधान का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** धर्मशिला नारायणा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपनी रेडियोलॉजी विभाग में अत्याधुनिक डायरेक्ट रेडियोग्राफी सॉल्यूशन का सफलतापूर्वक उद्घाटन कर अपनी डायग्नोस्टिक क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की। नया स्थापित मॉडल XD 17 CSI वायरलेस डिटेक्टर विद डेस्कटॉप वर्कस्टेशन इमेर्ि. जंग की गति, सटीकता और समग्र रोगी अनुभव को बेहतर बनाने में सहायक होगा। उद्घाटन समारोह अस्पताल परिसर में वरिष्ठ नेतृत्व, क्लिनिकल टीमों तथा बीएसबीके इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। परिचालन प्रभाव को रेखांकित करते हुए डॉ. प्रह्लाद प्रसाद अग्रवाल, डायरेक्टर ऑपरेशंस ने कहा,यह इंस्टॉलेशन हमारी उस निरंतर प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसके तहत हम ऐसी तकनीक के साथ बुनियादी ढांचे को उन्नत कर रहे हैं जो दक्षता बढ़ाए और क्लिनिकल वर्कफ्लो को अनुकूलित करे।

## सेंट स्टीफंस कॉलेज में पहली महिला प्राचार्य प्रो. एलियास 1 जून को संभालेंगी पद

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के सेंट स्टीफंस कॉलेज ने अपने 145 साल के इतिहास में पहली बार किसी महिला को प्राचार्य की कमान सौंपी है। कंप्यूटर साइंस और शोध प्रशासन के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाली प्रो.सुसान एलियास को सेंट स्टीफंस कॉलेज का 14वां प्राचार्य नियुक्त किया गया है। वह एक जून से कॉलेज में प्राचार्य का कार्यभार संभालेंगी। प्रो. सुसान एलियास अब प्रो. जॉन वर्गीज की जगह लेंगी, जिनके कार्यकाल विस्तार को लेकर कॉलेज और दिल्ली विवि के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। जिसके चलते कॉलेज में प्राचार्य का पद लंबे समय से खाली था।



**दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा एएनटीएफ ने 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत, गांधी दर्शन, में एक नशा-विरोधीजा गरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें भाग लेते आमजन।**

# गांधी दर्शन में नशा-विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा एएनटीएफ ने' नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत, गांधी दर्शन, में एक नशा-विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में लगभग 25-30 आगंतुकों और आम जनता के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) राहुल अलवाल ने बताया कि जागरूकता अभियान के दौरान, प्रतिभागियों को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों और स्वास्थ्य, परिवारों तथा समाज पर पड़ने वाले इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया।

पोस्टरों, पर्चों और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से, जनता को नशे की बुराई को रोकने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस दौरान नागरिकों से आग्रह किया गया कि वे नशीले पदार्थों की बिक्री, तस्करी या सेवन से संबंधित किसी भी जानकारी को एएनटीएफ, स्थानीय पुलिस, या राष्ट्रीय हेल्पलाइन 'मानस-1933' के माध्यम से साझा करें। जनता को यह आश्वासन भी दिया गया कि सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी।

# एलजी ने कुलपतियों के साथ बैठक कर रिसर्च आधारित शिक्षा बढ़ाने को कहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने राजधानी की यूनिवर्सिटीज को सिर्फ डिग्री देने वाले संस्थान नहीं, बल्कि रिसर्च और सामाजिक बदलाव के केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों को अब दिल्ली की असली समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उपराज्यपाल ने बुधवार को दिल्ली सरकार के अधीन आने वाली यूनिवर्सिटीज के कुलपतियों और निदेशकों के साथ बैठक की। बैठक में शिक्षा, रिसर्च और तकनीक के जरिए दिल्ली के विकास को नई दिशा देने पर चर्चा हुई। एलजी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विक. सित भारत विजन के तहत शैक्षणिक संस्थानों को इनोवेशन, रिसर्च और सामाजिक बदलाव का केंद्र बनना होगा।

उन्होंने विश्वविद्यालयों से कहा कि वे केवल डिग्री देने तक सीमित न रहें, बल्कि नए अनुसंधान की भावना के साथ दिल्ली की वास्तविक समस्याओं का समाधान खोजें। संधू ने खास तौर पर वायु प्रदूषण, ट्रैफिक और शहरी परिवहन, मानसिक स्वास्थ्य और सार्वजनिक सेवाओं से जुड़ी चुनौतियों पर रिसर्च आधारित समाधान तैयार करने की जरूरत बताई। उनका कहना था कि विश्वविद्यालयों में मौजूद रिसर्च क्षमता का सीधा लाभ शहर और आम लोगों तक पहुंचना चाहिए। बैठक में छात्रों की सामा. जिक भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। एलजी ने कहा कि एनएसएस, एनसीसी और गांव गोद लेने जैसी योजनाओं के जरिए छात्रों को समाज से जोड़ा जाए, ताकि वे जिम्मेदार नागरिक, इनोवेटर और रोजगार पैदा करने वाले युवा बन सकें।

## चांदनी चौक शनि मंदिर से शनि महाराज की मूर्ति चोरी

**नई दिल्ली।** प्राचीन श्री शिव नवग्रह मंदिर धाम, गांधी मैदान, चांदनी चौक मंदिर से चोरो ने शनि महाराज की बहुमूल्य मूर्ति को चोरी कर लिया है। मामला 12 मई की रात्रि का है, जहां सीसीटीवी फुटेज में चोर दिखाई दे रहा है।सुबह जब मंदिर खुला ,तो जानक. ारी मिली,कि श्री शनिदेव महाराज की मूर्ति मंदिर से चोरी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी थाना कोतवाली पुलिस के हाथ खाली है। मंदिर के प्रमुख आचार्य मुकेश शास्त्री ने बताया,कि चूंकि शनिवार को शनिदेव महाराज का जन्मोत्सव है,और ऐसे में उनकी प्रतिमा के चोरी हो जाने से भक्तों में रोष है।



# हादसों की जगह 10 मिनट में एंबुलेंस पहुंचाने को एनएचएआई की कवायद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने अपने अधीन आने वाले 80 हजार किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में करीब 16 हजार किलोमीटर ऐसे हिस्सों की पहचान की है जहां दुर्घटनाओं की आशंका सबसे अधिक है। इनमें 278 ऐसे स्थान भी शामिल हैं जहां हादसे के बाद एंबुलेंस पहुंचने में 20 से 30 मिनट तक लग रहे हैं। अब इन जगहों पर एंबुलेंस रिस्पॉन्स टाइम घटाकर 10 मिनट करने की योजना पर काम शुरू किया गया है। देश में सड़क हादसों की भयावह तस्वीर के बीच भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अब गंभीर घायलों को वक्त पर इलाज (गोल्डन ऑवर में) मुहैया कराने की दिशा में बड़ा बदलाव करने जा रहा है।

एनएचएआई ने अपने अधीन आने वाले 80 हजार किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में करीब 16 हजार किलोमीटर ऐसे हिस्सों की पहचान की है जहां दुर्घटनाओं की आशंका सबसे अधिक है। इनमें 278 ऐसे स्थान भी शामिल हैं जहां हादसे के बाद एंबुलेंस पहुंचने में 20 से 30 मिनट तक लग रहे हैं। अब इन जगहों पर एंबुलेंस रिस्पॉन्स टाइम घटाकर 10 मिनट करने की योजना पर काम शुरू किया गया है। एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव का कहना है कि नई योजना के तहत एंबुलेंस की लाइव ट्रैकिंग सुविधा शुरू की जाएगी। यह व्यवस्था एप आधारित कैब सेवा की तरह काम करेगी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही कंट्रोल रूम और संबंधित एजेंसियां यह देख सकेंगी कि नजदीकी एंबुलेंस कहां है, कितनी देर में पहुंचेगी और कौन सा मार्ग सबसे तेज होगा। इससे रिस्पॉन्स सिस्टम अधिक पारदर्शी और तेज बनने की उम्मीद है।

## दिल्ली के प्रमुख बाजारों में सोने की खरीद में गिरावट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से देशवासियों से एक साल तक सोना नहीं खरीदने की अपील के बाद राजधानी के सराफा बाजारों में हलचल तेज हो गई है। दिल्ली के कई प्रमुख बाजारों में बीते दो दिनों के दौरान सोने की खरीदारी में गिरावट दर्ज की गई है। व्यापारी इसे लेकर चिंता जता रहे हैं। वहीं, ग्राहकों में भी असमंजस की स्थिति दिखाई दे रही है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेशी मुद्रा बचाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए लोगों से एक साल तक सोने के गहनों की खरीदारी से बचने की अपील की थी। इसका असर अब बाजारों में साफ दिखाई देने लगा है। दिल्ली के कई ज्वैलरी कारोबारियों का कहना है कि शादी-ब्याह और पारिवारिक समारोहों के लिए सोना खरीदने की योजना बना रहे ग्राहक फिलहाल इंतजार करने लगे हैं।

# कृषि आय पर टैक्स लगाने की मांग वाली याचिका सुनने से इनकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली में कृषि से होने वाली आय पर टैक्स लगाने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि कोर्ट टैक्स नीति के मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकती है और ये सरकार का नीतिगत मामला है। कोर्ट ने कहा कि वो न्यायिक आदेश के जरिये सरकार को ये नहीं कह सकती है कि वो टैक्स पर किस किस्म का कानून बनाए, ये काम विधायिका का है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कई बार याचिकाकर्ता से पूछा कि क्या कोर्ट इस तरह का आदेश पारित कर सकती है कि सरकार कानून बनाए।

याचिका आकाश गोयल ने दायर की थी। याचिकाकर्ता की ओर से वकील कुमार उत्कर्ष ने कहा कि कृषि से होने वाली आय पर टैक्स भरने से छूट मिलती है जबकि कई लोगों की कृषि से होने वाली आय काफी ज्यादा होती है। ऐसा करने से वित्तीय असमानता पैदा होती है। याचिका में कहा गया था कि कृषि और गैर-कृषि आय का वर्गीकरण मनमाने तरीके से किया गया है।

# हापुड़ में सपा नेता की कोठी पर प्रशासन का एक्शन

## भारी पुलिस बल के बीच सपा नेता की कोठी पर चली बुलडोजर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद के ग्राम हैदर नगर नंगोला में बुधवार को प्रशासन की बड़ी बुलडोजर कार्रवाई ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। न्यायालय के आदेश पर तालाब की जमीन पर बने अवैध निर्माणों को हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम ने सपा जिला उपाध्यक्ष अय्यूब सिद्दीकी की आलीशान कोठी पर बुलडोजर चला दिया।

बुधवार को प्रशासनिक अमला भारी पुलिस फोर्स और बुलडोजर के साथ गांव पहुंचा। जैसे ही प्रशासन की टीम सपा नेता अय्यूब सिद्दीकी की कोठी की ओर बढ़ी तो रास्ते में बड़ी-बड़ी मशीनें और ट्रॉली खड़ी कर मार्ग अवरुद्ध कर दिया गया। पुलिस ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए रास्ते में खड़ी बाधाओं को हटवाया और बुलडोजर को आगे बढ़ाया। कार्रवाई शुरू होने से पहले पुलिस अधिकारियों ने लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों से अपील की कि वह मकानों से दूर हट जाएं और किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न करें। देखते ही देखते कोठी का बड़ा हिस्सा मलबे में तब्दील हो गया। उधर, जैसे ही सपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को कार्रवाई की सूचना मिली तो बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौके की ओर रवाना हो गए। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए उन्हें मौके तक पहुंचने




से रोक दिया। पूर्व सपा जिलाध्यक्ष किशन सिंह तोमर ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन से दोपहर एक बजे तक का समय मांगा गया था क्योंकि न्यायालय से स्टे मिलने की उम्मीद थी, लेकिन अधिकारियों ने उनकी बात नहीं मानी और जल्दबाजी में बुलडोजर कार्रवाई शुरू कर दी। काफी देर तक चले विरोध प्रदर्शन और हंगामे के बाद




प्रशासन ने केवल दो लोगों को मौके पर जाने की अनुमति दी। कुछ देर बाद दोनों नेता वापस लौट आए। प्रशासनिक अधिका. रियों के अनुसार तालाब की भूमि पर बने करीब 40 मकानों को नोटिस दिया गया है और आने वाले दिनों में अन्य अवैध निर्माणों पर भी कार्रवाई जारी रहेगी। गांव में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल देर शाम तक तैनात रहा।

## एआरटीओ रमेश चौबे का बड़ा अभियान, मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वालों पर शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में तेज आवाज और पटाखे जैसी ध्वनि निकालने वाले बुलेट मोटरसाइकिलों के मॉडिफाइड साइलेंसरों के खिलाफ परिवहन विभाग ने बड़ा अभियान चलाया। एआरटीओ रमेश चौबे के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान कई मोटरसाइकिलों से अवैध रूप से लगाए गए मॉड्फिपाइड साइलेंसर उतरवाए गए। वहीं ऐसे साइलेंसर लगाने वाले मिस्त्रियों और गैराज संचालकों को कड़ी चेतावनी भी दी गई।

बुधवार को परिवहन विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ शहर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान बुलेट मोटरसाइकिलों की जांच की गई। जिन वाहनों में तेज आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगे मिले, उन्हें मौके पर ही हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान कई वाहन चालकों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। एआरटीओ रमेश चौबे ने कहा कि मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली तेज आवाज आम जनता के लिए परेशानी का कारण बनती है। इससे ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है और सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों को भी दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि नियमों के विरुद्ध किसी भी वाहन में बदलाव करना मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिका. रियों ने स्पष्ट किया कि यदि दोबारा इस प्रकार की शिकायत मिली तो संबंधित गैराज संचाल. कों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नर्सिंग अधिकारियों के सम्मान में सजा भव्य समारोह, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे सेलिब्रेशन 2026 बड़े उत्साह, गरिमा और सम्मान के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग अधिकारियों की करुणा, समर्पण और स्वास्थ्य सेवाओं में उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित किया गया। समारोह में मौजूद अतिथियों, फैकल्टी सदस्यों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और छात्रों ने नर्सिंग समुदाय की निःस्वार्थ सेवा भावना की सराहना की।

कार्यक्रम की शुरुआत एंकर प्रिया के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने नर्सों को अस्पतालों और मरीजों की वास्तविक जीवनरेखा बताते हुए कहा कि नर्से केवल उपचार ही नहीं करतीं, बल्कि



मरीजों को भावनात्मक सहारा, उम्मीद और आत्मविश्वास भी देती हैं। यह आयोजन डा. जे. रामचंद्रन के नेतृत्व एवं आशीर्वाद में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शुशीला रामचंद्रन और राम्या रामचंद्रेन की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की भव्यता बढ़ा दी। स्वागत भाषण अहालिया ससीधरन ने प्रस्तुत किया। उन्होंने नर्सेस डे 2026 की थीम पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सिंग पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। समारोह का विशेष आकर्षण केक कटिंग सेरेमनी और (बेस्ट नर्सेस अवॉड्र्स 2026) रहा।



विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सिंग अधिकारियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले नर्सिंग अधिकारियों का अतिथियों ने जोरदार तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के माध्यम से सभी अतिथियों, आयोजकों, फैकल्टी सदस्यों, स्वयंसेवकों और नर्सिंग अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरा समारोह नर्सिंग समुदाय की सेवा, करुणा और समर्पण को समर्पित एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि बन गया।

## रिया राणा बनी स्कूल टश्वपर, स्कूल में जश्न का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़/मेरठ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सभी 68 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सफल रहे, जिससे स्कूल परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा।

विद्यालय की छात्रा रिया राणा ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। रिया ने वाणिज्य संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं विज्ञान संकाय की सनोबिया सुहैल ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। मानविकी संकाय की विशाखा तोमर ने 85.8 प्रतिशत और दीपांशी ने 85. 6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन, अभिभावकों के सहयोग और निरंतर मेहनत को दिया। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य और सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और



अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। प्रबंधन ने कहा कि विद्यालय आगे भी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और उन्हें हर क्षेत्र में उत्कृष्ट बनाने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा।

## हापुड़ के 74 स्काउट-गाइडों को मिला राज्यपाल पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को भारत स्काउट एवं गाइड जनपद संस्था हापुड़ के तत्वावधान में श्री जैन कन्या पाठशाला इण्टर कालेज हापुड़ में सम्मान समारोह एवं राज्यपाल पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कविता मीणा जिलाधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक डा. श्वेता पुठिया उपस्थित रहीं। उन्होंने लखनऊ जंबूरी में प्रतिभागी व राज्य पाल पुरस्कार प्राप्त स्काउट और गाइड को प्रणाम पत्र और गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी कविता मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउट एवं गाइड बच्चों में अनुशासन, सेवा भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। उन्होंने सभी सम्मानित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। जिला मुख्य आयुक्त पारुल त्यागी ने अतिथियों को अवगत कराया कि लखनऊ में आयोजित डायमंड जुबली जंबूरी में जनपद हापुड़ से 48 स्काउट और गाइड ने प्रतिभाग किया। जनपद के 74 स्काउट गाईड ने राज्य पाल पुरस्कार प्रमाण पत्र प्राप्त किया। पिछले 4 वर्षों से लगातार जनपद सर्वोत्तम जनपद के रूप में प्रादेशिक संस्था द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्काउट-गाइड गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षण



अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रकाश शर्मा ने किया। समारोह में राज्य पुरस्कार प्राप्त करने वाले 74 स्काउट एवं गाइड, जंबूरी में प्रतिभाग करने वाले 39 स्काउट-गाइड तथा 9 स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड, स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मथुरा से फरार युवती हापुड़ में मिली, भाइयों ने प्रेमी को पकड़कर किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मथुरा से प्रेमी के साथ घर छोड़कर निकली युवती को उसके भाइयों ने हापुड़ में तलाश कर पकड़ लिया। बीच सड़क पर युवक को पकड़ते ही जमकर हंगामा खड़ा हो गया। काफी देर तक चले हाईवोल्टेज ड्रामे के चलते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने युवती, युवक और उसके परिजनों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया, जहां मामले में पूछताछ की गई।

जानकारी के अनुसार मथुरा निवासी एक युवती कुछ दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। इसी बीच परिवार को सूचना मिली कि युवती



अपने प्रेमी के साथ हापुड़ में रह रही है। सूचना मिलते ही युवती के भाई उसे तलाशने के लिए हापुड़ पहुंच गए। बताया गया कि भाइयों ने शहर के गुरुद्वारा क्षेत्र के पास अपनी बहन को एक युवक के साथ देख लिया। बहन को युवक के साथ देखते ही परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने युवक को पकड़ लिया। देखते ही देखते सड़क पर कहासुनी शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में हंगामे में बदल गई। बीच सड़क पर हुए विवाद को देखने के लिए राहगीरों और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

काफी देर तक इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने किसी तरह लोगों को शांत कराया और युवती, युवक व उसके भाइयों को अपने साथ थाने ले आई। पुलिस ने सभी पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार युवती बालिग बताई जा रही है और वह युवक के साथ अपनी मर्जी से गई थी। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## रात को गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा खजूरीआधी रात को गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा खजूरी

eFkjkA थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खजूरी और मदैम के पास मंगलवार तड़के दो दबंग गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई खूनी संघर्ष में बदलते-बदलते बची। मिट्टी के कारोबार को लेकर चल रहे पुराने तनाव के कारण स्कार्पियो और स्विफ्ट सवार बदमाशों ने एक-दूसरे पर सरेराह अंधाधुंध फायरिंग की। गनीमत रही कि गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन गोलियां घरों की दीवारों और खंभों में लगने से ग्रामीणों में भारी दहशत फैल गई।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, घटना मंगलवार के तड़के करीब 12.50 बजे की है। सूचना मिली कि खजूरी रोड पर स्कार्पियो सवार दो पक्ष एक-दूसरे पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर रहे है।

जब तक पुलिस मौके पर पहुँची, आरोपी मदैम गांव की ओर फायरिंग करते हुए भाग निकले। स्थानीय लोगों ने बताया कि शोर और गोलियों की आवाज इतनी भीषण थी कि डर के मारे लोगों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। पुलिस ने सुबह घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें संदिग्ध गाड़ियां और आरोपी नजर आए।

## बेटियों ने लहराया सफलता का परचम, स्कूल का रिजल्ट रहा 100 प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में शहर की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा में शामिल 231 छात्राओं में से 230 ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की।

विद्यालय की छात्रा श्रेया कंसल ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं परी कंसल और तान्या मित्तल ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आकृति शर्मा, मोनिषा मित्तल और राशि सिंह ने 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कनिष्का ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान, परी अग्रवाल ने 95.6 प्रतिशत अंक के साथ पंचम स्थान तथा राशि त्यागी ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नम्रा इर्शाद ने 94.8 प्रतिशत अंक हासिल कर सप्तम, हिमानी बाना ने 94.6 प्रतिशत अंक के साथ अष्टम तथा राशि पाल, रिया राणा और राधिका त्यागी ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नवम स्थान हासिल किया। हर्षिका सिवाल और समृद्धि गर्ग ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दशम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या मीनाक्षी यादव ने छात्राओं की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह परिणाम केवल अंकों की उपलब्धि नहीं, बल्कि छात्राओं की मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने आगे कहा कि




श्रेया कंसल सहित सभी मेधावी छात्राओं ने यह साबित कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। 41 छात्राओं का 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना विद्यालय के लिए बेहद गर्व का विषय है। मीनाक्षी यादव ने कहा कि परीक्षा परिणाम केवल नंबर तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि छात्राओं को जीवन में अच्छे नागरिक बनने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने की भी आवश्यकता है। विद्यालय की 41 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर मेधा का परिचय दिया। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय की अध्यक्षा पूनम अग्रवाल, व्यवस्थापिका स्वाति गर्ग, प्रबंध समिति एवं प्रधानाचार्या मीनाक्षी यादव ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एक नजर

## स्वस्थ मन से ही बनेगा स्वस्थ समाज, जीएस कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** आधुनिक जीवनशैली, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और कार्यस्थल के दबाव के बीच मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता ैलाने के उद्देश्य से हापुड़ रोड स्थित जीएस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में तनाव प्रबंधन एवं विवाद समाधान विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में चिकित्सकों और संकाय सदस्यों को तनाव से बचाव और सकारात्मक कार्य संस्कृति विकसित करने के व्यावहारिक उपाय बताए गए। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान की डा. मधुबाला के नेतृत्व में किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे प्रसिद्ध विशेषज्ञ प्रो. डा. एन.के. सिंह, डीन तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज ने तनाव के वैज्ञानिक और व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीमित मात्रा में तनाव व्यक्ति को चुनौतियों का सामना करने और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है, लेकिन जब यही तनाव लंबे समय तक बना रहता है तो यह 'साइलेंट किलर' बनकर शरीर और मस्तिष्क दोनों को गंभीर नुकसान पहुंचाने लगता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जिंदगी और गलाकाट प्रतिस्पर्धा मानसिक विकारों का प्रमुख कारण बन रही है। ऐसे में मान. सिक संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है। विशेषज्ञों ने तनाव कम करने के लिए गहरीश्वास प्रक्रिया, नियमित व्यायाम, योग और पर्याप्त नींद को जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव मानसिक शांति के लिए बेहद कारगर साबित हो सकते हैं। पौधारोपण करना, डायरी लिखना और प्रकृति के बीच समय बिताना तनाव कम करने के सरल लेकिन प्रभावी उपाय हैं। इस दौरान डा. अंकित शर्मा, सीईओ डा. नेहा गोयल, डा. रूपाली शर्मा, डा. प्रदीप गर्ग, डा. एस. कुमार, डा. शरद गोयल, उपनिद. शक मनोज शिशोदिया और एस.एन. सिंह समेत कई वरिष्ठ चिकित्सक एवं अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर वक्ताओं ने कहा कि स्वस्थ मन ही स्वस्थ समाज की नींव है। तनावमुक्त जीवनशैली अपनाकर ही व्यक्ति अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में बेहतर संतुलन स्थापित कर सकता है।

## सपा प्रवक्ता भाटी के बयानों से ब्रह्माण समाज में उबाल

'kkg VkbEl laoknnkrk

eFkjkA अखिल भारतीय गौड़ मंडल (रजिस्टर्ड), मथुरा की आवश्यक मीटिंग मंडल के कैंप कार्यालय गोविंद नगर में हुई जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी के बयान पर रोष प्रकट किया गया और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से अनुरोध किया कि उन्हें तत्काल पार्टी से निष्कासित किया जाए। वैसे तो सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी कई बार ब्राह्मणों पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुके हैं।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने कलक्ट्रेट सभागार में की समीक्षा बैठक

'kkg VkbEl laoknnkrk

eFkjkA उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री बुधवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर मथुरा पहुंचे। पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर भाजपा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुपट्टा ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया।स्वागत करने वालों में जिलामहानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे, राज्यसभा सांसद, विधायक राज. श चौधरी, विधायक पूरन प्रकाश, विधान परिषद सदस्य ठाकुर ओम प्रकाश सिंह, एमएलसी योगेश नौहवार, कोसीकला अध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, महापौर विनोद अग्रवाल तथा कुंज बिहारी चतुर्वेदी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री ने भाजपा जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठनात्मक विषयों एवं जनसमस्याओं पर चर्चा की। बैठक में



पदाधिकारियों ने आमजन से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। जिलामहानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने बताया कि उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम एवं समाज कल्याण विभाग संयुक्त कैंप लगाकर जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

## मो. साद खान बने यूथ कांग्रेस बागपत के जिला अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** इंडियन यूथ कांग्रेस द्वारा जनपद बागपत के ग्राम पूट्ठी निवासी मोहम्मद अली के पुत्र मो. साद खान को यूथ कांग्रेस बागपत का ज़िला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से पार्टी आलाकमान द्वारा लागू की गई है।

नियुक्ति की घोषणा के बाद जनपद के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मो. साद खान को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। मो. साद खान ने इंडियन यूथ कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए विशेष रूप से उत्तर प्रदेश यूथ कांग्रेस के प्रभारी विशाल



चौधरी एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पारस शुक्ला का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, वह उस पर पूरी मेहनत, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की विचारधारा और संघर्ष के मार्ग पर चलते हुए युवाओं की आवाज़ को मजबूती से उठाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का कार्य करेंगे। मो. साद खान ने कहा कि यूथ कांग्रेस हमेशा युवाओं, किसानों, मजदूरों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है और वह भी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ जनता की समस्याओं को उठाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब, इंचार्ज मनीष शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप नरवाल, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश महासचिव नवाब अहमद हमीद तथा अविनाश काजला ने मो. साद खान को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# दो मोबाइल स्नेचर गिरफ्तार



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाने की पुलिस ने बाइक पर सवार लोगों से मोबाइल और चेन छीनने वाले गिरोह के दो बदमाशों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से लूट और चोरी के 24 मोबाइल फोन, दो चाकू और बाइक बरामद हुई। दोनों आरोपी दिल्ली-एनसीआर में राह चलते लोगों को निशाना बनाते थे। एडिशनल डीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान मोबीन अहमद और आफताब के रूप में हुई। मोबीन अहमद गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी स्थित लोकप्रिय विहार का रहने वाला है। उसकी उम्र करीब 23 वर्ष है। दूसरा आरोपी आफताब मूलरूप से बिहार के भागलपुर जिले के तैतारपुर का निवासी है और वर्तमान में नोएडा के सेक्टर-5 हरौला में रह रहा है।

उसकी उम्र करीब 35 वर्ष है। पुलिस पूछताछ में आरोपी मोबीन अहमद ने बताया कि वह नोएडा, दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में राह चलते लोगों से मोबाइल फोन झपटता था। छीने गए मोबाइल फोन को उसका साथी आफताब राहगीरों और अन्य लोगों को सस्ते दामों में बेच देता था। इसी तरीके से दोनों आरोपी लंबे समय से अवैध कमाई कर रहे थे। मुख्य आरोपी मोबीन अहमद पहले भी कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और स्नेचिंग समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। गाजियाबाद के खोड़ा, इंदिरापुरम और लिंक रोड थानों में भी उसके खिलाफ मामले दर्ज पाए गए हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पर वर्ष 2021 से लगातार आपराधिक मुकदमे दर्ज होते रहे हैं। आरोपियों के पास से विभिन्न कंपनियों के कुल 24 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। बरामद मोबा. इलों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है ताकि उनके वास्तविक मालिकों तक फोन पहुंचाए जा सकें। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर उनके अन्य साथियों और पुराने मामलों की जानकारी जुटा रही है। आरोपियों ने अब तक कितनी वारदातों को अंजाम दिया है और चोरी के मोबाइल किन-किन लोगों को बेचे गए। दोनों ने नोएडा के अलग-अलग थानाक्षेत्र में भी कई वारदात की है।

## जेवर विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा

**यमुना सिटी।** जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने यमुना एक्सप्रेसवे पर प्रस्तावित टोल शुल्क वृद्धि पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर इस प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग की है। विधायक ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (ल्म्प्क।) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को भी इस संबंध में एक पत्र प्रेषित किया है।

अपने पत्र में विधायक ने बताया कि विश्व वर्तमान में संवे. दनशील आर्थिक और भू-राजनी. तिक परिस्थितियों से गुजर रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता का सीधा असर वैश्विक और भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। देश में पहले से ही ईंधन, परिवहन और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण आम नागरिक आर्थिक दबाव महसूस कर रहे हैं।

# शराब पीने का हवाला देकर बीमा कंपनी क्लेम देने से नहीं करेगी इंकार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** शराब सेवन का हवाला देकर बीमा कंपनी इलाज के खर्च का भुगतान करने से इंकार नहीं कर सकती। यदि किसी व्यक्ति की अचानक तबीयत बिगड़ती है और उसे अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है, तो बीमा कंपनी को क्लेम का भुगतान करना होगा। आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्य अंजु शर्मा की पीठ ने रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को इलाज पर हुए खर्च की राशि 6 प्रतिशत ब्याज सहित 30 दिनों के भीतर भुगतान करने का आदेश दिया है।

ग्रेटर नोएडा के प्रोव्यू टेक्नोसिटी अपार्टमेंट निवासी हरी शंकर शर्मा ने 24 अक्तूबर 2018 को एक वर्ष के लिए तीन लाख रुपये की हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से ली थी 25 जुलाई 2019 को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें सेक्टर-27 स्थित विनायक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच के बाद डॉक्टर सौरभ चौधरी ने उन्हें आठ दिन तक अस्पताल में भर्ती रहने की सलाह दी। इलाज के दौरान अस्पताल का कुल बिल 2. 32 लाख रुपये आया। अस्पताल में भर्ती के दौरान बीमा कंपनी से केशलेस सुविधा और बिल भुगतान के लिए संपर्क किया गया, लेकिन कंपनी ने भुगतान से इंकार कर दिया। इसके बाद हरी शंकर शर्मा ने जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया।

सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी ने तर्क दिया कि मरीज लंबे समय से शराब का सेवन करता था, जिसके कारण बीमारी उत्पन्न हुई। कंपनी ने पॉलिसी की शर्तों का हवाला देते हुए कहा कि नशे या शराब सेवन से उत्पन्न जटिलताओं के इलाज का खर्च बीमा में शामिल नहीं है। आयोग ने कहा कि डिस्चार्ज समरी में कहीं भी उल्लेख नहीं है कि बीमारी शराब सेवन के कारण हुई थी। डॉक्टरों ने मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए भर्ती किया था और इस संबंध में चिकित्सकीय राय ही मान्य होगी। आयोग ने माना कि शिकायतकर्ता ने पर्याप्त साक्ष्यों के जरिए साबित किया कि उनकी तबीयत अचानक खराब हुई थी और इसका सीधा संबंध शराब सेवन से नहीं था। आयोग ने बीमा कंपनी को निर्देश दिया कि वह इलाज में खर्च हुई 2.26 लाख रुपये की राशि 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित 30 दिनों के भीतर अदा करे।

## कंपनी के निदेशक समेत अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** एक कंपनी के निद. ेशक समेत अन्य लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर कोतवाली सेक्टर-126 पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। मामले की जांच पुलिस कर रही है। दिल्ली निवासी पंकज गर्ग ने कोर्ट में अर्जी दी है कि वह तनिष्क रियल टेक प्राइवेट कंपनी के निदेशक हैं। गौतमबुद्ध नगर के एनटीपीसी आनंदम प्लाजा प्रोजेक्ट को लेकर शारदा इंर्फा कंपनी के मालिक राकेश शारदा से अप्रैल 2024 में समझौता (एमओयू) हुआ था। इसके तहत उन्होंने 50 लाख रुपये शारदा के मालिक राकेश को एडवांस दिए थे।

आरोप है कि बाद में राकेश शारदा ने जुलाई 2025 में बिना कारण समझौता रद्द कर दिया। पीड़ित ने जब अपना पैसा वापस मांगा तो 20 अगस्त 2025 को उन्हें सेक्टर-126 स्थित एक पार्किंग में बुलाया गया। वहां राक. ेश शारदा और दो अन्य लोगों ने कहा कि अब न पैसा मिलेगा और न ही प्रोजेक्ट में काम करने दिया जाएगा।

आरोप है कि इसी दौरान उनसे एक करोड़ रुपये अतिरिक्त देने की मांग की गई। इस घटना की शिकायत पुलिस से की थी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह का कहना है कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है और मामले की जांच की जा रही है।

# डीएम ने कंपोजिट शॉप का किया औचक निरीक्षण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी द्वारा आज शाहबेरी, क्रॉसिंग रोड ग्रेटर नोएडा स्थित कंपोजिट शॉप नंबर-1 का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लाइसेंस संबंधी अभिलेखों, निर्धारित मूल्य सूची, सीसीटीवी व्यवस्था, पीओएस मशीन के माध्यम से की जा रही बिक्री तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुकान पर समस्त व्यवस्थाएं शासन की गाइडलाइन के अनुरूप सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संचालित की जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग निरंतर संचालित रहे तथा पीओएस मशीन के माध्यम से शत-प्रतिशत बिक्री सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओवररेटिंग के संबंध में संबंधित अधिकारियों एवं विक्रेताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर मदिरा बिक्री किसी भी स्थिति में न की जाये।

उन्होंने निर्देशित किया कि सभी दुकानों पर मूल्य सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए तथा उपभोक्ताओं से निर्धारित दरों के अनुसार ही बिक्री सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जिले की दवा दुकानें 20 को खुली रहेंगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दवा दुकानदारों के 20 मई के प्रस्तावित बंद में जिला केमिस्ट एसोसिएशन शामिल नहीं होगी यानी इस दिन जिले की सभी दवा दुकानें खुली रहेंगी। जिला केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप खन्ना ने बुधवार को जिलाधिकारी मेधा रूपम से मुलाकात कर इस बारे में पत्र सौंपा। देशभर के केमिस्ट एसोसिएशन विभिन्न मांगों को लेकर 20 मई को दवा दुकानें बंद रखने का आह्वान कर चुके हैं। अनूप खन्ना ने बताया कि दवा किसी भी मरीज के लिए बेहद जरूरी है। वहीं जिन मांगों को लेकर बंद का आह्वान किया गया है, उसे लेकर दुकान बंद करना ही विकल्प नहीं है।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने में प्राथमिकी दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के छोलस गांव में फेसबुक आईडी से भिन्न-भिन्न तरह से ट्विटर, इंस्टाग्राम पर एक परिवार के साथ गंदे आपत्तिजनक तथा जान से मारने की धमकी देते पोस्ट को वायरल किया गया है। विरोध करने पर घर के बाहर लगे कैमरे भी तोड़ दिए गए हैं। शिकायत मिलने पर प्रभारी निरीक्षक कैलाश नाथ ने बताया कि छोलस गांव में फिरोज अली परिवार के साथ रहते हैं। गांव में फर्नीचर की दुकान चलाकर परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। गांव का ही शूजा अब्बास द्वारा अपनी आईडी से 20 अप्रैल को भिन्न-भिन्न तरीके से ट्विटर, फेसबुक , इंस्टाग्राम पर पत्नी व पुत्री के बारे में गंदे, आपत्तिजनक पोस्टर वायरल किए हैं। आरोपी द्वारा पीड़ित व परिवार को परेशान किया जा रहा है। पीड़ित ने इस मामले में जारचा कोतवाली में शूजा अब्बास के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### युवक पर युवती से छेड़छाड़ करने का आरोप

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** जेवर के एक मोहल्ले में रहने वाली युवती ने युवक पर परेशान और छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। युवती ने तंग आकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक युवती की शिकायत पर आरोपी जीतू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी जीतू उसे रास्ते में रोककर परेशान करता है। अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ करता है। पीड़िता ने आरोपी से कहा कि वह उसके परिजनों से इस बारे में करेगी तो आरोपी ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की। कोतवाली प्रभारी का कहना कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### जिला टेबल टेनिस स्पर्धा के पहले दिन अधिकतर मुकाबले एकतरफा रहे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिला रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता के पहले दिन बुधवार को क्वार्टर फाइनल तक के मुकाबले खेले गए। नोएडा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में 123 खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले गुरुवार को होंगे। पहली बार जिला टेबल टेनिस रैंकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के छह आयुवर्गों में खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। अंडर-11 से लेकर महिला और पुरुष वर्ग के खिलाड़ी प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखा रहे हैं। पहले दिन सभी वर्गों के मुकाबले हुए। ज्यादातर मुकाबले एकतरफा रहे। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को जिला रैंकिंग अंक प्राप्त होंगे। इसी के आधार पर प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए जिले की टीम बनेगी। स्वतंत्र रूप से अन्य खिलाड़ी भी भाग ले सकेंगे। जिला रैंकिंग प्रतियोगिता एक साल में तीन बार होंगी। सभी में रैंकिंग अंक मिलेंगे। साल के अंत में होने वाली प्रदेश प्रतियोगिता में जिले से भाग लेने वाले खिलाड़ियों को तीनों रैंकिंग प्रतियोगिता में मिले अंक के आधार पर चयन किया जाएगा। जिला टेबल टेनिस संघ के मृदुल खिलनानी ने बताया कि पहले के मुकाबले जिला स्तर प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ रही।

## ई-बसों की टिकट बुकिंग के लिए ऐप बनेगा

**नोएडा।** प्राधिकरण ने नोएडा से दिल्ली, गाजियाबाद और जेवर एयरपोर्ट तक इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी तेज कर दी है। इन बसों में टिकट बुकिंग के लिए मोबाइल ऐप लॉन्च किया जाएगा। इससे लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। न्यूनतम किराया 10 रुपये रखने की तैयारी है। अगले एक-डेढ़ महीने में बसें चलाने की तैयारी है। प्राधिकरण के सीईओ कृष्णा करुणेश ने बुधवार को बसें चलाने की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। इन बसों को सिटी बस सेवा के रूप में चलाया जाएगा। बैठक में मोबा. इल ऐप लॉन्च करने, टिकट दरें तय करने और ड्राइवर-कंडक्टरों को किए जाने वाले भुगतान को लेकर चर्चा की गई।

# दो मेट्रो लाइन बिछाने के लिए प्रक्रिया आगे बढ़ी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने बुधवार को दो नए मेट्रो रूट के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया है। इनके निर्माण के लिए एजेंसियां 12 जून तक आवेदन कर सकेंगी। ये एक्वा लाइन के एक्सटेंशन रूट होंगे।

एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन और डिपो से बोड़ाकी रूट पर निर्माण का टेंडर जारी कर दिया है। टेंडर में दोनों मेट्रो के एलिवेटेड रूट व 10 स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। टेंडर में आने वाली एजेंसियों के तकनीकी-आर्थिक मानक के आधार पर आवेदन का परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद एजेंसी का चयन किया जाएगा। काम शुरू होने पर निर्माण तीन साल के अंदर पूरा करना होगा। सिविल निर्माण का यह काम पूरा होने पर मेट्रो की पटरियों (ट्रैक) सिग्नल व अन्य काम शुरू होंगे।

एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि दोनों रूट पर निर्माण शुरू कराने के लिए पहले मिट्टी का परीक्षण, टोटल स्टेशन, टोपोग्रॉफी सर्वे पूरे करवा लिए गए हैं। डिजाइन, अलाइनमेंट भी तैयार करवा लिया गया। दोनों रूट पर निर्माण एलिवेटेड होगा और अब तक बने एलिवेटेड स्टेशन व मेट्रो ट्रैक के मुताबिक होगा।

# नोएडा हिंसा मामले में बड़ा एक्शन, सत्यम वर्मा और आकृति पर लगा एनएसए

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** नोएडा में 13 अप्रैल को हुए हिंसक प्रदर्शन मामले में पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी दंडात्मक कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सत्यम वर्मा और आकृति पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगा दिया है।

पुलिस कमिश्नरेट नोएडा की इस कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं, क्योंकि छै। के तहत प्रशासन लंबे समय तक हिरासत में रखने की कार्रवाई कर सकता है। पुलिस द्वारा गठित विशेष जांच दल और स्थानीय इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 13 अप्रैल की हिंसा अचानक नहीं भड़की थी, बल्कि इसके पीछे सुनियोजित साजिश रची गई थी।

जांच में पाया गया कि सत्यम वर्मा और आकृति ने प्रदर्शन से पहले ही इसकी रणनीति तैयार कर ली थी। आरोप है कि दोनों ने फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए भड़काऊ संदेश फैलाए और बड़ी संख्या में लोगों को एकत्रित किया।

पुलिस का दावा है कि सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल डेटा और गवाहों के बयान के आधार पर यह स्पष्ट हुआ है कि प्रदर्शन के दौरान दोनों आरोपी भीड़ को लगातार उकसा रहे थे, जिसके बाद हालात हिंसक हो गए।

**क्या था पूरा मामला?:** 13 अप्रैल को नोएडा के एक प्रमुख इलाके में हुए प्रदर्शन ने अचानक हिंसक रूप ले लिया था। प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और पुलिस बल पर पथराव भी हुआ था। घटना के बाद से पुलिस लगातार वीडियो फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी थी।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, "सत्यम और आकृति ने न केवल कानून-व्यवस्था को चुनौती दी, बल्कि शहर की शांति भंग करने की गहरी साजिश रची थी। पर्याप्त सबूत मिलने के बाद दोनों पर छै। लगाया गया है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।"

# बारहवीं में श्रेयस और साइना सिंह ने बाजी मारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से बुधवार को जारी नतीजों में श्रेयस श्रीवास्तव और साइना सिंह ने 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में बाजी मारी। सेक्टर-44 स्थित एमिटी पब्लिक स्कूल की छात्रा अश्विका शर्मा ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। श्रेयस श्रीवास्तव ग्रेनो वेस्ट स्थित डीपीएस स्कूल के विज्ञान वर्ग के छात्र हैं। उन्होंने गणित और रसायन विज्ञान में शत-प्रतिशत 100 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा भौतिक विज्ञान में 95, कंप्यूटर साइंस में 98, अंग्रेजी और इकोनॉमिक्स में 99 अंक प्राप्त किए। साइना सिंह नोएडा के सेक्टर- 30 स्थित डीपीएस स्कूल की ह्यूमिनिटी वर्ग की छात्रा हैं। उन्होंने मनोविज्ञान, गृह विज्ञान, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और वेब एप्लीकेशन में 100 अंक प्राप्त किए। अंग्रेजी में 96 और राजनी. तिक विज्ञान में 97 अंक हासिल किए।

**नोएडा रीजन का परिणाम:** सीबीएसई से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष 12वीं में नोएडा रीजन का परिणाम 79.02 फीसदी रहा, जो पिछले वर्ष 2025 की तुलना में कम है। नोएडा रीजन में कुल 18 जिले हैं। वहीं, गौतमबुद्ध नगर के अधिकांश स्कूलों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। यहां सीबीएसई के 200 से अधिक स्कूल हैं। जिले के दर्जनों स्कूलों में कई विषयों में 100 अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों की संख्या 500 से अधिक रही। स्कूलों में 90 प्रतिशत और इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

**डीपीएस गौतमबुद्ध नगर में मेधावी:** डीपीएस गौतमबुद्ध नगर में 47 छात्रों ने कई विषयों में 100 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा एमिटी स्कूल में 143 छात्र ऐसे हैं, जिन्होंने 80 से 90 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए। 90 से 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 85 छात्र रहे, जबकि 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों की संख्या 37 है। वहीं, बात करें सेक्टर-30 डीपीएस की तो 116 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 181 छात्रों के 85 प्रतिशत तक अंक आए। 227 छात्रों ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। शिक्षकों के अनुसार जो कभी चुनिंदा मेधावी छात्रों का दायरा माना जाता था, वह अब एक बड़े क्लब में बदलता जा रहा है। हालांकि, इसके बावजूद अंक प्रतिशत में साल दर साल गिरावट भी आ रही है।

**इंजीनियर बनकर भविष्य संवारेंगे श्रेयस श्रीवास्तव:** सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले श्रेयस श्रीवास्तव परिवार के साथ गेनो के पाई सेक्टर में रहते हैं। वह इंजीनियर बनकर देश के तकनीकी क्षेत्र में योगदान करना चाहते हैं। श्रेयस ने बताया कि वह प्रतिदिन आठ से दस घंटे पढ़ाई करते थे। स्कूल में आयोजित अतिरिक्त कक्षाओं और सैंपल पेपर हल करने से विषयों पर उनकी मजबूत पकड़ बनी। बोर्ड परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ उन्होंने जेईई मेन की तैयारी भी जारी रखी और 98.86 पर्सेंटाइल हासिल की। श्रेयस के पिता अनीश श्रीवास्तव सायाजी होटल में महाप्रबंधक हैं, जबकि उनकी मां अर्चना श्रीवास्तव जेपी पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा में शिक्षिका हैं।

## नोएडा एयरपोर्ट के लिए दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से सीधी एंट्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कमर्शियल उड़ानों का संचालन 15 जून से शुरू होना है। संचालन से पहले मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने के लिए तैयारियां चल रही हैं।

एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेसवे और दिल्ली मुंबई लिंक एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले इंटरचेंज को पेड़ पौधे, घास के अलावा पगडंडी बनाकर संवारा जा रहा है।

एनएचएआई इंटरचेंज के चारों क्लोवर लीफ में बेहद सुंदर मूर्तियां और सालभर हरे बने रहने वाले पौधे लगवा रहा है। इंटरचेंज की सुंदरता बढ़ाने के लिए तरह-तरह की मूर्तियां को भी सड़क किनारे लगाई जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से सीधे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए फरीदाबाद से 31 किलोमीटर लंबा लिंक एक्सप्रेसवे तैयार कर रहा है, जिसके उत्तर प्रदेश का ज्यादातर हिस्से का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। यह लिंक एक्सप्रेसवे यमुना एक्सप्रेसवे के 32 किलोमीटर पर आकर मिलता है और सीधे एयरपोर्ट के मुख्य द्वार तक जाता है। यमुना एक्सप्रेसवे और दिल्ली मुंबई लिंक एक्सप्रेसवे को एक दूसरे से जोड़ने के लिए एनएचएआई ने इंटरचेंज का निर्माण कराया है। एयरपोर्ट संचालन से पहले इसके जल्द शुभारंभ होने की उम्मीद हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मात्र 900 मीटर पहले बने इस इंटरचेंज को बेहद सुंदर लुक देने का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है जिसे जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# डंपर की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सेक्टर-85 में मंगलवार सुबह तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से साइकिल सवार की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक भाग गया। साइकिल सवार की पत्नी ने डंपर चालक के खिलाफ फेज-2 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जिला मैनपुरी के भाउपुर गांव निवासी माधुरी ने पुलिस को बताया कि उनके पति 27 वर्षीय प्रदीप कुमार नोएडा की एक कंपनी में काम करते थे। वह परिवार के साथ इलाहाबास गांव में किराये पर रह रहे थे। वह मंगलवार सुबह करीब आठ बजे कंपनी से काम खत्म कर साइकिल से घर लौट रहे थे। सेक्टर-85 स्थित याकूबपुर जिम पार्क के पास मदसरन सूमि कंपनी के सामने तेज रफ्तार डंपर ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।

आरोप है कि चालक कमल हुसैन लापरवाही और तेज गति से डंपर चला रहा था। हादसा इतना भीषण था कि प्रदीप कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

## ब्राह्मण विरोधी बयान पर राजकुमार भाटी की मुश्किलें बढ़ी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सेक्टर 24 थाने में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी पर मुक. दमा दर्ज किया गया है। बुधवार को शिकायतकर्ता ने जातिगत टिप्पणी करने के मामले में सपा नेता के खिलाफ पुलिस को कार्रवाई के लिए लिखित शिकायत दी है।

सेक्टर 53 के सुशील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मणों के लिए जातिगत टिप्पणी करने से समाज के लोग काफी आहत हुए हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।।इसके पहले दिल्ली के जवाहर भवन में पांच मई को दिए गए ब्राह्मण विरोधी बयान को लेकर सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज. कुमार भाटी का विरोध शुरू हो गया था। क्षेत्र के लोगों के साथ इंटरनेट मीडिया पर भी राजकुमार भाटी का विरोध जताया गया। इसमें अखिलेश यादव पर भी जमकर निशाना साधा जा गया। इस मामले को लेकर मंगलवार को ब्रह्मपुरी दादरी में बैठक कर नारा. जगी जताई थी व सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने इसे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला बयान बताया। बैठक में मास्टर परमानंद शर्मा, कपिल शर्मा एडवोकेट, सुधीर वत्स, संजय शर्मा, सोनू भगत, राजू पंडित, रिंकू पंडित, सचिन शर्मा, दीपक शर्मा आदि शामिल रहे।

# भारत शिक्षा एक्सपो आज से, करियर विकल्प मिलेंगे



शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** कक्षा 12वीं के परिणामों के बाद छात्रों के लिए सही कोर्स और करियर चुनने की चुनौती आसान बनाने के लिए भारत शिक्षा एक्सपो 2026 का आयोजन होगा। तीन दिवसीय आयोजन 14 से 16 मई तक नॉलेज पार्क-2 स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट में होगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे ने बताया कि एक्सपो में छात्रों को एक ही स्थान पर उच्च शिक्षा, कोर्स विकल्पों और करियर अवसरों की जानकारी मिलेगी। आयोजन में देश-विदेश के विश्व. विद्यालय, कॉलेज, एडटेक कंपनियां, स्किल डेवलपमेंट संस्थान और स्टडी-अब्रॉड कंसल्टेंट भाग लेंगे। छात्रों को इंजी. नियरिंग, मेडिकल, लॉ, मैनेजमेंट, डिजाइन, डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे कोर्स की जानकारी भी मिलेगी।

कार्यक्रम में करियर काउंस. लिंग सत्र भी होंगे, जिनमें छात्र अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार मार्गदर्शन ले सकेंगे। साथ ही छात्रवृत्ति, प्रवेश प्रक्रिया और रोजगार के अवसरों की जानकारी भी दी जाएगी। यह कार्यक्रम 16 मई तक चलेगा और इसमें बड़ी संख्या में छात्रों और अभिभावकों के शामिल होंगे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

### 2027 में 27 वादों के साथ आसपा का चुनावी मेनीफेस्टो तैयार

# प्रदेश में बदलाव चाहते हो तो एक मौका आसपा को दो: चंद्रशेखर आजाद

**सपा-बसपा के कद्दावर नेताओं ने थामा पार्टी का दामन**



कार्यक्रम में बोलते हुए चन्द्रशेखर आजाद।



हाजी नूर सैफी को पार्टी ज्वॉइन कराते हुए।

**शाहवेज खान/शाह टाइम्स**

**मेरठ।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद बुधवार को मेरठ पहुंचे जहां पर उन्होंने एक मंडप में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और बसपा, सपा समेत कई दलों के दर्जनों कार्यकर्ताओं और कद्दावर नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई और मेरठ सहित उत्तर प्रदेश को मेरठ की क्रांति धरा से मिशन 2027 का साफ सन्देश दे दिया कि अब पार्टी का कारंवा रुकने वाला नही है, आजाद समाज पार्टी अब गाव-गाव घर-घर जयगी और लोगो के बीच रहकर जमीनी स्तर पर काम करेगी चंद्रशेखर आजाद के कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला उनसे मिलने वाले और उनके साथ फोटो खींचने वालों की भी भारी भीड़ भरी गर्मी में भी डटी रही। चंद्रशेखर आजाद के इस कार्यक्रम को चुनाव से पहले पश्चिमी यूपी में आसपा के विस्तार की बड़ी कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

### 2027 का एजेंडा 27 वादों वाला मेनिफेस्टो

प्रेस वार्ता में बोलते हुए चंद्रशेखर आजाद ने योगी सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब लाठी मारो, गोली मारो की सरकार नहीं चलेगी। जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने ऐलान किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में आसपा अपने मेनिफेस्टो में 27 बड़े वादे लेकर आएगी और यह वादे आम आदमी से जुड़े होंगे जो सभी को प्रभावित करेंगे। मेनिफेस्टो के 27 वादों में शिक्षा , चिकित्सा , सुरक्षा, गारंटी , रोजगार , के मुद्दे हैं अगर आसमान की सरकार आती है तो उत्तर प्रदेश की जनता के जीवन में पूरी तरह बदलाव आ जाएगा उन्होंने कहा कि अगर यूपी की जनता वाकई में बदलाव चाहती है तो उन्हें आजाद समाज पार्टी को एक मौका देना चाहिए।

### कानून व्यवस्था को सबसे बड़ा मुद्दा बताया

उन्होनें कहा कि आज यूपी में कानून का राज दिखाई नहीं दे रहा है। गोली और डंडा सिर्फ कमजोरों, दलितों और अल्पसंख्यकों पर चल रहा है। खास लोगों को सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। चंद्रशेखर ने वादा किया कि उनकी सरकार बनने पर कानून सबके लिए बराबर होगा। सड़क पर धार्मिक प्रक्रिया की इजाजत होगी तो सबको होगी, रोक होगी तो सब पर होगी। कोई छोटा बड़ा नहीं होगा।

### शिक्षा फ्री, पुरानी पेंशन बहाल करने का वादा

चंद्रशेखर ने अपने संबोधन में युवाओं और कर्मचारियों को साधने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि आसपा की सरकार आई तो कक्षा 1 से 12 तक की शिक्षा पूरी तरह मुफ्त कर दी जाएगी। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगेगी। सरकारी स्कूलों का स्तर सुधारकर उन्हें कॉन्वेंट से बेहतर बनाया जाएगा। कर्मचारियों को लेकर उन्होंने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का ऐलान किया। कहा कि पुलिस अधिकारियों, सिपाहियों और होमगार्ड को भी बेहतर सुविधाएं, साप्ताहिक अवकाश और जोखिम भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार बनने पर मुसलमान, दलित, पिछड़े और वंचित समाज को उनका संवैधानिक हक दिलाया जाएगा।

### पीएम पर तंज, कहा यह अमीरों की सरकार

चंद्रशेखर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव में अंधाधुंधा खर्च और शोर शराबे के साथ वोट मांगे जाते हैं। चुनाव जीतते ही जनता को नसीहत दी जाती है कि वह अपने खाने में तेल कम करें, गैस कम जलाएं। उन्होंने कहा कि यह सरकार जनता की नहीं, सिर्फ चंद उद्योग. पतियों और अमीरों की है। गरीब, किसान और मजदूर की कोई सुनवाई नहीं हो रही।

### हस्तिनापुर से चुनाव लड़ने पर दिया जवाब

पत्रकारों ने जब चंद्रशेखर से पूछा कि क्या वे हस्तिनापुर विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे, तो उन्होंने साफ कहा कि यह फैसला वे अकेले नहीं लेंगे। पार्टी का संसदीय बोर्ड और कोर कमेटी जहां से उचित समझेगी, वे वहीं से चुनाव लड़ेंगे। उनके लिए पार्टी का आदेश सर्वोपरि है। उन्होंने संकेत दिए कि पार्टी उन्हें किसी भी बड़ी सीट से उतार सकती है ताकि पूरे प्रदेश में संदेश जाए।

### नहीं पहुंचे सेंट्रल मार्केट

मेरठ के सेंट्रल मार्केट में पिछले कई दिनों से व्यापारी और महिलाएं धरने पर बैठी हैं। पत्रकारों के सवाल पर चंद्रशेखर ने कहा कि सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों के साथ अन्याय हुआ है। प्रशासन ने बिना सुनवाई के कार्रवाई की है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आसपा की सरकार में किसी व्यापारी, किसान या मजदूर के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। हालांकि कार्यक्रम खत्म होने के बाद जब उनसे धरने पर बैठी महिलाओं से मिलने की अपील की गई तो वे बात को टाल गए। मंच से उतरकर वे सीधे कार्यकर्ताओं से मिले और फिर सहारनपुर के लिए रवाना हो गए। उनके धरनास्थल पर न जाने को लेकर सियासी गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है।

### किठौर की सियासत में नई हलचल

कार्यक्रम का सबसे चर्चित चेहरा समाजवादी पार्टी यूथ के राष्ट्रीय पदाधिकारी बाबर चौहान खरदोनी रहे। बाबर ने मंच से आसपा ज्वाइन करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि वे किठौर विधानसभा से चुनाव लड़ने के लिए आजाद समाज पार्टी में आए हैं। गौरतलब है कि किठौर सीट पर दशकों से पूर्व कैबिनेट मंत्री शाहिद मंजूर के परिवार का कब्जा है। बाबर चौहान लंबे समय से शाहिद मंजूर के खिलाफ मोर्चा खोले हुए थे। उनके आने से किठौर की सियासत में नया समीकरण बन सकता है।

### नूर सैफी ने की आसपा ज्वॉइन

इसके अलावा चंद्रशेखर ने बसपा के पूर्व कैंट प्रत्याशी नूर सैफी को भी पार्टी में शामिल किया मेरठ में सैफी समाज का एक मजबूत वोट बैंक है जो निर्णायक भूमिका में रहता है पूर्व के कई चुनाव में सैफी समाज की एक जुटता ने चुनाव के नतीजे को भी प्रभावित किया नूर सैफी के आने से कयास लगाया जा रहे हैं कि अगर आसपा दक्षीण में नूर सैफी को प्रत्याशी बनती हैं तो यहां पर सियासी समीकरण पूरी तरह बदल सकतें हैं क्योंकि सैफी समाज में नूर सैफी एक मजबूत और ईमानदार चेहरा है वह हमेशा वाद विवाद से दूर रहे हैं और लोगों की मदद करने में सबसे आगे रहे हैं। सरधना से तौफीक इलाही ने भी आसपा की सदस्यता ली। मंच से ऐलान किया गया कि मेरठ, सहारनपुर और मुजफ्फरनगर मंडल से सपा-बसपा छोड़कर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पार्टी से जुड़े हैं। चंद्रशेखर ने कहा कि यह शुरुआत है, आने वाले दिनों में कई बड़े चेहरे आसपा में आएंगे। इस दौरान संजय हरीत, सरधना से शाहजेब रिजवी, शान मोहम्मद, सुमेर सिंह धार, फहीम रंगरेज आदि मौजूद रहे।

## पुलिसकर्मियों ने ढाबे में की गुंडागर्दी, संचालक को पीटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** भोला झाल निवासी यशपाल सैनी का भोलाझाल चौकी से कुछ ही दूरी पर ढाबा है। मंगलवार देर रात उसका भाई सोनू ढाबे पर मौजूद था। परिवार पहले से ही परेशान है, बताया जा रहा है कि उनके पिता यशपाल सैनी मेरठ के केएमसी अस्पताल में भर्ती हैं और उनका बड़ा भाई उन्हें खून देकर लौटा था। तभी दो कारों में सवार चार पुलिसकर्मी और आठ अन्य लोग ढाबे पर पहुंचे। कई लोग नशे में धुत्त थे और कुछ के पास चाकू भी बताए गए हैं। ढाबे पर पहुंचते ही फरमान जारी हुआ कि अंडाकरी और मिक्सवेज लाओ। जब सोनू और यशपाल ने कहा कि मिक्सवेज उपलब्ध नहीं है और मंगलवार होने के कारण अंडाकरी भी नहीं बनेगी, तो पुलिसकर्मियों का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। पहले गाली-गलौज शुरू हुई, फिर धमकियां दी गई, और जब यशपाल ने पूरे घटनाक्रम की वीडियो बनानी शुरू की तो खाकी का असली चेहरा सामने आ गया। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने ढाबे में पड़े चिमटे और डंडे उठाकर दोनों भाइयों पर हमला बोल दिया।

कुर्सियां तोड़ी गई और ढाबे में जमकर उत्पात मचाया गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सबसे चौंकाने वाली बात तो तब सामने आई जब पीड़ित पक्ष ने बताया कि यशपाल शिकायत लेकर भोलाझाल चौकी पहुंचा था। लेकिन वहां से मदद भेजने के बजाय उसे वीडियो की सलाह देकर लौटा दिया गया। यानी चौकी पुलिस तमाशबीन बनी रही और ढाबे पर मारपीट होती रही। ग्रामीणों का कहना है कि अगर चौकी पुलिस समय रहते मौके पर पहुंच जाती तो विवाद इतना नहीं बढ़ता। बुधवार सुबह जैसे ही घटना की जानकारी गांव में फैली, ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते ढाबे पर भीड़ जुटनी शुरू हो गई। लोगों ने साफ कह दिया कि अब सिर्फ निलंबन का झुनझुना नहीं चलेगा। आरोपित पुलिसकर्मियों को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी होगी। ग्रामीणों ने कांवड़ मार्ग जाम करने तक की चेतावनी दे डाली। स्थिति बिगड़ती देख जानी और रोहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। काफी देर तक समझाने-बुझाने का दौर चला। रोहटा थानाध्यक्ष पूजा पंवार और जानी थानाध्यक्ष गौरव विश्नोई ने दो पुलिसकर्मियों के निलंबन की बात कही, लेकिन ग्रामीणों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। वहीं पूरी घटना की जानक. ारी एसपी देहात और सीओ सरधना लेते रहे वहीं दोनों पुलिसकर्मियों अमित कुमार और भारत पर अधिकारियों ने एक्शन लिया और दोनों को निलंबित कर दिया गया तब जाकर ढाबे संचालक वालों का गुस्सा शांत हुआ।

### जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणक/शिक्षामित्र को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने जनगणना कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने वाले प्रगणक/शिक्षामित्र श्री सुबोध कुमार को प्रशस्ति-पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। श्री सुबोध कुमार प्राथमिक विद्यालय सलाहपुर, विकास क्षेत्र रोहटा में कार्यरत हैं तथा उन्होंने अपने जनगणना ब्लॉक संख्या-184 में 100 प्रतिशत स्व-जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कराया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उनके कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में समयबद्ध, जिम्मेदारी एवं पूर्ण दायित्व निर्वहन अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सुबोध कुमार का कार्य अन्य प्रगणकों के लिए प्रेरणास्रोत है तथा इससे जनगणना कार्य को गति मिलेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सुबोध कुमार अन्य प्रगणकों को भी जनगणना कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु प्रेरित करें तथा आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का असर

## पूर्व विधायक संगीत सोम ने घटाया काफिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की अपील किए जाने के बाद अब इसका असर राजनीतिक गलियारों में भी दिखाई देने लगा है। भाजपा के सरधना से पूर्व विधायक संगीत सोम ने अपने काफिले से कई गाड़ियों को हटा दिया है। बुधवार को वह पूरे क्षेत्र में केवल एक गाड़ी के साथ ही नजर आए। पूर्व विधायक संगीत सोम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह फैसला पूरी तरह देशहित में है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ईंधन की बचत करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है और यदि छोटी-छोटी बचत की जाए तो इसका बड़ा लाभ देश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से पेट्रोल कम खर्च करने का जो आह्वान किया है, उसका सभी को समर्थन करना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अनावश्यक रूप से कई वाहनों का उपयोग करने से बचें और जरूरत के अनुसार ही संसाधनों का इस्तेमाल करें।

बुधवार को क्षेत्र में संगीत सोम सिर्फ एक वाहन के साथ पहुंचे तो यह चर्चा का विषय बन गया। समर्थकों और स्थानीय लोगों ने इसे प्रधानमंत्री की अपील का पालन बताते हुए सराहा। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि अन्य नेता भी इसी तरह पहल करें तो जनता के बीच एक सकारात्मक संदेश जाएगा। संगीत सोम ने कहा कि देश पहले है और देशहित से बड़ा कुछ नहीं। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री स्वयं देशहित में निर्णय लेते हैं तो हर नागरिक और जनप्रतिनिधि का कर्तव्य बनता है कि वह उनका पालन करे और दूसरों को भी प्रेरित करे।

## एबीएसएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इं. आर.पी. सिंह को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सहारनपुर के लालवाला गांव में दलित समाज के लोगों के साथ हुई हिंसक घटना के बाद घायलों से मिलने जा रहे आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर आरपी सिंह को पुलिस ने देर रात मंगलवार को हिरासत में ले लिया। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें लालवाला गांव पहु. चने से पहले ही रोक दिया और रातभर निगरानी में रखा।

समिति के नेताओं का कहना है कि इंजीनियर आरपी सिंह दलित समाज के पीड़ित परिवारों का हालचाल जानने और उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से जा रहे थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। संगठन ने इसे लो. कतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। इंजी. नियर आरपी सिंह ने कहा कि क्या इस सरकार में दलित समाज के नेता अपने ही समाज के पीड़ित लोगों से मिलने भी नहीं जा सकते। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में दलितों पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और प्रशासन पीड़ितों की आवाज दबाने का प्रयास कर रहा है। संगठन ने मांग की कि लालवाला गांव की घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा दलित समाज को सुरक्षा प्रदान की जाए। इ.आरपी सिंह अंबेडकर ने बताया है कि सहारनपुर के जिला अध्यक्ष साधुराम अंबेडकर, उपाध्यक्ष विजयपाल सिंह, जिला सचिव राजीव बटाला को भी जिला कलक्ट्रेट पहुंचने से रोका गया उनको भी हाउस अरेस्ट किया गया। मंगलवार रात्रि 8 बजे से समाचार लिखे जाने तक सभी पदाधिकारी हाउस अरेस्ट रहे।

## सुभारती विवि में स्काउट-गाइड शिविर का भव्य आयोजन, विद्यार्थियों में नेतृत्व और सेवा भावना का हुआ संचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्व. विद्यालय, मेरठ के शिक्षा संकाय (शिक्षा विभाग) द्वारा जनरल मोहन सिंह स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित स्काउट एवं गाइड शिविर उत्साह, अनुशासन और रचनात्मक गतिविधियों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह शिविर विशेष रूप से बीऐड चौथे सेमेस्टर एवं बीएल ऐड आठवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व कौशल, सामाजिक सेवा, सहयोग और राष्ट्र निर्माण की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान राज्यवार टीम प्रस्तुतियाँ, आकर्षक तंबू सजावट, सांस्कृतिक नृत्य, पारंपरिक व्यंजनों से सजे फूड स्टॉल तथा विभिन्न टीम-बिल्डिंग गतिविधियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ प्रत्येक गतिविधि में भाग लेकर अपनी सृजनात्मकता और संगठन क्षमता का परिचय दिया। इस अवसर पर ललित कला संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की गरिमा को शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अनोज राज तथा शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू अधिक. ारी की विशेष उपस्थिति रही, साथ ही विश्व. विद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के डीन, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगण भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।




सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा ने अपने संदेश में कहा शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भावना का विकास भी आवश्यक है। ऐसे शिविर विद्यार्थियों को जीवन के व्यावहारिक मूल्यों से जोड़ते हैं और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।

वही विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहयोग और राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां भी जीवन में सफलता और व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण आधार होती हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्काउट एवं गाइड शिविर का सफल संचालन डॉ. रागिनी श्रीवास्तव (समन्वयक) के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया। उनके सुव्यवस्थित प्रबंधन और समर्पण के कारण पूरा कार्यक्रम अत्यंत प्रभावशाली एवं अनुकरणीय रूप से संपन्न हुआ। अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भाकियू (तोमर) की महापंचायत स्थगित, मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के कड़े रुख और मेरठ एसएसपी कार्यालय पर प्रस्तावित महापंचायत के ऐलान के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है।

संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता वसी की हत्या के मामले में पुलिस द्वारा की गई प्रभावी कार्रवाई और मांगों पर बनी सहमति के बाद चौधरी संजीव तोमर ने 13 मई को होने वाली महापंचायत को स्थगित करने का निर्णय लिया है क्या था पूरा मामला बीती 25 अप्रैल को जनपद मेरठ के थाना दौराला अंतर्गत ग्राम लोईयां में संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता वसी की दबंगों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद से ही पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे थे। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने 30 अप्रैल को हुंकार भरते हुए एलान किया था कि यदि 11 मई तक हत्यारों की गिरफ्तारी और दोषी दरोगा पर कार्रवाई नहीं हुई तो 13 मई को मेरठ एसएसपी कार्यालय का घेराव कर महापंचायत की जाएगी।

महापंचायत की तारीख नजदीक आते ही मेरठ पुलिस ने मुख्य आरोपी सेजर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके उपरांत, तनाव को देखते हुए एसपी सिटी विनायक भौसले ने किसान नेताओं को वार्ता का प्रस्ताव दिया। देर रात्रि संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार इन्दरजीत सांग. वान के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने कार्यवाहक एसएसपी, एसपी सिटी और सीओ प्रदीप के साथ करीब 40 मिनट तक वार्ता की। वार्ता के दौरान किसान नेताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक आरोपी अदनान की गिरफ्तारी, सभी दोषियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई और लापरवाही बरतने वाले दरोगा दिगंबर का निलंबन नहीं होता, संगठन पीछे नहीं हटेगा। अधिका. रियों ने संगठन की मांगों को जायज मानते हुए विश्वास दिलाया कि शेष कार्रवाई 15 दिनों के भीतर पूरी कर ली जाएगी। इस ठोस आश्वासन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने महापंचायत को स्थगित करने की घोषणा की। भले ही पंचायत स्थगित कर दी गई थी, लेकिन मेरठ प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। सुरक्षा की दृष्टि से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सुबह से ही नजरबंद रखा गया था। वार्ता सफल होने और पंचायत टलने के बाद ही पुलिस और प्रशास. निक अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इस महत्वपूर्ण वार्ता और निर्णय के दौरान राष्ट्रीय सलाहकार इंद. रजीत सांगवान, जिला अध्यक्ष इन्तजार प्रधान, युवा जिला अध्यक्ष अभिषेक चौधरी, कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष आकिल राणा, महानगर अध्यक्ष कुश अग्रवाल, गुल्लू पहलवान, अब्बास, मोहम्मद सफी, मुनसफ, रिजवी और सफी अहमद सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शोभित में लीगल ड्राफ्टिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ के स्कूल ऑफ लॉ एंड कांस्टीट्यडूशनल स्टडीज द्वारा 'लीगल ड्राफ्टिंग' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता-ऑन-रिकॉर्ड सूर्यानाथ पांडेय एवं दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता हिमांशु जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में एसएलसीएस के निद. ेशक प्रो. (डॉ.) ए.के. शर्मा ने दोनों वक्ताओं का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विधिक ड्राफ्टिंग विधि शिक्षा की रीढ़ है। यह केवल शब्दों का संकलन नहीं, बल्कि तथ्यों को कानून के सांचे में ढालकर न्याय प्रदान करने की कला है, जिसका ज्ञान प्रत्येक विधि छात्र के लिए अनिवार्य है।

सूर्यानाथ पांडेय ने अपने संबा. ेधन में कहा कि सभी विधि विद्यार्थियों के लिए लेखन पर ध्यान केंद्रित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन लेखन का अभ्यास करने और अपने लेखन का स्वयं परीक्षण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अभिवचन लिखने से पूर्व एक कनिष्ठ अधिवक्ता के रूप में आपको अपने अभिवचन में लागू होने वाले कानून का सावधानीपूर्वक विश्लेषण करना चाहिए, क्योंकि एक बार अभिवचन का प्रारूप तैयार हो जाने के बाद वह अंतिम रूप से उच्चतम न्यायालय तक जाता है। वहीं हिमांशु जैन ने बताया कि विधि के छात्र के रूप में हमारा प्रथम कर्तव्य अपनी विधिक शब्दावली को समृद्ध करना है। साथ ही उन्होंने 'कोड' और 'एक्ट' के बीच का अंतर भी विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि विधि के विद्यार्थियों के लिए अभिवचन लेखन की कला अत्यंत महत्वपूर्ण है और यही कला उन्हें सफल अधिवक्ता बनाती है। दोनों विधि विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक ड्राफ्टिंग कौशल एवं विधिक दस्तावेज तैयार करने की प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उनके मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को विधिक क्षेत्र की व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई। इस कार्यशाला में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. अनीता राठौर, डॉ. पल्लवी जैन, डॉ. ऋषि यादव, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. मोहित किशोर भटनागर एवं डॉ. निहारिका पिलानिया सहित सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने वक्ताओं से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। कार्यक्रम का सफल समन्वयन डॉ. ऋषि यादव, सहायक प्राध्यापक, स्कूल ऑफ लॉ एंड कांस्टीट्यूशनल स्टडीज द्वारा किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।


**निविदा सूचना**

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के निर्देशानुसार कच्चा माल खरीद हेतु रजिस्टर्ड व्यापारी/फर्म से निविदाएं सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं। संस्था का नाम **धीरेन्द्र प्रधान ग्रामोद्योग सेवा समिति, खरखौदा, मेरठ,** को देसी रूई 200 कुंतल एवं ऊन 50 कुंतल। इच्छुक सक्षम व्यापारी/फर्म निविदा फार्म दिनांक 04.06.2026 दोपहर 12:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। निविदा दिनांक 04.06.2026 को ही दोपहर 03:00 बजे खोली जाएगी। अधिक जानकारी के लिए नीचे दिए गए नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**-मंत्री, धीरेन्द्र प्रधान ग्रामोद्योग सेवा समिति, मेरठ। मो. 9412579508**

# शांति निकेतन विद्यापीठ का सीबीएसई कक्षा 12 परिणाम शत-प्रतिशत, छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

SCIENCE COMMERCE HUMANITIES




Mudeet Chauhan (96%) Zaina Praveen (94%) Afifa Adil (87%)



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मवाना रोड स्थित शांति निकेतन विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। बुधवार को घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय का परिणाम हर वर्ष की भांति इस बार भी शत-प्रतिशत (100 प्रतिश) रहा।

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विशाल जैन ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर नाजिश जमाली ने जानक. ारी देते हुए बताया कि कक्षा 12वीं के मेधावी छात्र मुदित चौहान (साइंस) ने 96 प्रतिशत अंक, जैना परवीन (कॉमर्स) ने 94 प्रतिशत तथा अफीफा (ह्यूमैनिटीज) ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के अधि. कतम विद्यार्थियों ने फाइन आर्ट्स तथा म्यूजिक में 100 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की, जिससे विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का उत्कृष्ट परिणाम है। एकेडमिक डायरेक्टर नाजिश जमाली ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सतत सहयोग का सामूहिक प्रतिफल है। उन्होंने भविष्य में भी विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के अपने संकल्प को दोहराया। विद्यालय की सीनियर कोऑर्डिनेटर नीरू, अलका पुंडीर, बीना गुणवंत एवं विस्मिता पटेल ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल का इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा में कुल 111 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए, जिनमें सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। विज्ञान वर्ग में जेनव अंसारी ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कार्तिकेय जोशी ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा अर्जुन सिंह ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य वर्ग में तान्या अग्रवाल ने 94. 4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। आकृति ने 91.2 प्रतिशत तथा नीरवी जैन ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कला वर्ग में जीव्या मिश्रा ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि जोया मरियम ने 83 प्रतिशत एवं प्रियांशु जैन ने 81.2 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. गोपाल दीक्षित ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

# ऋषभ एकेडमी का कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम रहा 96 प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में ऋषभ एकेडमी, वेस्ट एंड रोड मेरठ कैंट के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा, जिससे छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

विज्ञान वर्ग में माहीशा व अंशा शर्मा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। नवांशी गोयल व शोभित मित्तल ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि दिशा अग्रवाल, अलीजा व शानवी ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

वाणिज्य वर्ग में आदी जैन ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अकाउंट्स विषय में 100 में से 100 अंक हासिल किए। समीक्षा पटेल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा नव्या जुगरान ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कला वर्ग में नगरा खान ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अदिवा ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा आस्था ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश चंद जैन, सचिव डॉ. संजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष योगेश प्रकाश जैन, प्रधानाचार्य शरद त्यागी, उप प्रधानाचार्य पवन कपूर व मीडिया प्रभारी अजय जैन सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।




छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाते प्रधानचार्य शरद त्यागी।

## जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुये विकास कार्यों में प्रगति करें सुनिश्चितः सभापति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विधायी समाधिकार समिति की सभापति वंदना वर्मा की अध्यक्षता में जनपद मेरठ, बागपत एवं बुलंदशहर के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के प्रारम्भ में जिलाधिकारी द्वारा सभापति एवं समिति के सदस्यों का स्मृति चिन्ह, पौधा भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों की विस्तृत समीक्षा की गई। सभापति ने समिति के उद्देश्यों का स्पष्ट करते हुये कहा कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता एवं उनकी समस्या का निस्तारण कराना है। सभी अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में विधायक निधि से संचालित विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्यों को समय पर सुनिश्चित किया जाये। संबंधित विभागों द्वारा समिति की अपेक्षा अनुरूप रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया। विभागों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी पर समिति द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

# सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल की अनन्या शर्मा बनीं जिला टॉपर



Ananya Sharma (98.6%) Anvesha Atrey (98.2%) Vidhisha (96.6%)

### द्वितीय जिला टॉपर भी सिटी वोकेशनल की अन्वेशा आत्रेय रही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। विद्यालय की मानविकी वर्ग की छात्रा अनन्या शर्मा ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी और गर्व का माहौल है।

विद्यालय की ही छात्रा अन्वेशा आत्रेय ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि विदिशा ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस अभूतपूर्व सफलता ने यह साबित कर दिया कि बेटियां आज हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं।

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओपी अग्रवाल, चेयरपर्सन डॉ. सरोजिनी अग्रवाल, डायरेक्टर डॉ. हिमानी अग्रवाल, एएमडी डॉ. शिवानी अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन. पी. सिंह एवं उप प्रधानाचार्या मीनू कपूर ने छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि छात्राओं ने अपने कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और समर्पण से यह सिद्ध कर दिया है कि निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

## के.पी. इंटरनेशनल का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर में गावड़ा रोड स्थित के. पी. इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई बोर्ड बारहवीं के परीक्षा परिणाम के घोषित होते ही छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा स्कूल के विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय के डायरेक्टर दीपक भाटी ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है परीक्षा परिणाम में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों मे क्रमशः नैन्सी नैन 87. 5, आकांशा त्यागी 86, वैष्णवी राणा 85.2, अनुष्का चौधरी 82.8, वैष्णवी गोस्वामी 82.6, अंशु 80.6, श्रेया 80. 5, प्रेरणा यादव 80.4, माही त्यागी 80 प्रतिशत ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय, अभिभावकों व अध्यापकों का नाम रोशन किया। साथ ही पेंटिंग विषय में क्रमशः वैष्णवी राणा, माही त्यागी, प्रेरणा यादव व श्रेया ने 100-100 अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय के डायरेक्टर दीपक भाटी चेयरमैन शशांक भाटी, प्रधानाचार्य बबीता राणा ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि यह सुंदर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन अभिभावकों के सहयोग का फल है।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल का कक्षा 12 का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत



Hansika (94.8%) Lucky (94.6%) Hemant (94.6%) Avantika (94.6%)

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल का कक्षा 12 का का सीबीएसई परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 12 में कुल 222 बच्चे सम्मिलित हुए तथा सभी बच्चे अच्छे अंको से उत्तीर्ण हुए। प्रथम स्थान हंसिका सिंह 94.8 प्रतिशत, द्वितीय स्थान हेमंत सैनी 94.6 प्रतिशत, अवंतिका त्यागी 94.6 प्रतिशत तथा लक्की 94.6 प्रतिशत ने एवं तृतीय स्थान श्रेया चौधरी ने 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डा. ओमपाल सिंह, प्रबंधिका कुसुम रानी एवं प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यालय के शत-प्रतिशत परिणाम आने पर बधाई दी एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### चेयरमैन, प्रबंधिका एवं प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को दी बधाई



Shreya (94.4%)

# सीबीएसई कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में रॉकलैंड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



| DEVYANI TYAGI 86% | NOMAN 85.2% | JIYA TYAGI 83.2% | APAR GUPTA 71.2% | AARTI MAVI 69% | TIYA SHARMA 62% |
|---|---|---|---|---|---|

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के मेरठ रोड स्थित रॉकलैंड इंटरनेशनल स्कूल के लिए अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के चेयरमैन अमित गुप्ता ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके अथक परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। अमित गुप्ता ने विद्यालय के सभी शिक्षकों की शिक्षा के प्रति समर्पण भावना, मेहनत एवं अनुशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की विद्यालय के ट्रस्टी विनीत पराशर ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विद्यालय परिवार को इस शानदार परिणाम के लिए बधाई दी




विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं उप-प्रधानाचार्य ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आपकी सफलता केवल एक दिन का परिणाम नहीं है और न ही यह आपकी सफलता का अंतिम पड़ाव है आपको निरंतर कठिन परिश्रम करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित करने हैं सदैव उच्च लक्ष्यों को निर्धारित करें एवं उन्हें प्राप्त करने के लिए सतत मेहनत करते रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया।

# डी एम पब्लिक की रिया चौधरी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम किया रोशन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** बुधवार को सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमे नगर के मवी रोड स्थित डी एम पब्लिक स्कूल की रिया चौधरी ने विज्ञान वर्ग में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं द्वितीय स्थान पर स्पर्श त्यागी माछरा विज्ञान वर्ग में व साक्षी रानी परीक्षितगढ़ ने कला वर्ग में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किया, तृतीय स्थान पर भूमिका चौधरी विज्ञान वर्ग ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं अभिनव त्यागी विज्ञान वर्ग माछरा व अयान कुमार मेरठ व वंशिका गोदारा बढ़ला ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के डायरेक्टर रविन्द्र चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। हम अपने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद सिंह ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, समय का सही उपयोग और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। विद्यार्थियों को आगे भी इसी प्रकार मेहनत करते रहना चाहिए तथा उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

# वेंकटेश्वरा वर्ल्ड स्कूल में कक्षा 12 का रिजल्ट रहा सराहनीय




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को सी.बी.एस.ई के द्वारा बारहवीं के रिजल्ट की घोषणा की गई द्य जिसमें वेंकटेश्वरा वर्ल्ड स्कूल के छात्रों का रिजल्ट सराहनीय रहा जिसमें ह्यूमैनिटीज में सूर्याश द्विवेदी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, विज्ञान वर्ग में प्रिशा सोम ने 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और गतिका त्यागी ने 94 प्रतिशत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अन्य सभी छात्रों ने भी 75 से 85 प्रतिशत के बीच में अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की चेयरपर्सन अंजुल गिरि एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या संजया वालिया ने बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी और उनके आने वाले उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्हें इसी प्रकार शिक्षा के स्तर को ऊँचा रखने के लिए प्रोत्साहित किया जिससे वह आने वाली उच्चतर शिक्षा में भी अच्छे अंक प्राप्त करते रहे। विद्यालय की चेयरपर्सन अंजुल गिरि ने बच्चों और अभिभावकों को कहा कि वेंकटेश्वरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के द्वार सभी विद्यार्थियों के लिए हमेशा खुले रहेंगे।

# 15 मई को आयुक्त सभागार में होगी मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपर आयुक्त उद्योग उमेश कुमार सिंह ने बताया कि मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ की अध्यक्षता में दिनांक 15 मई को आयुक्त सभागार मेरठ में दोपहर 12.00 बजे से आयोजित की जायेगी। उन्होने समिति के सम्मनित सदस्यों से गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, उद्यमियों/औद्योगिक संगठनो से संबंधित समस्याओ पर विचार, अन्य बिंदु अध्यक्ष की अनुमति से संबंधित पूर्ण विवरण/कृत कार्यवाही के साथ बैठक में भाग लेने हेतु अनुरोध किया है।

# मुंबई के खिलाफ अहम मुकाबले में पंजाब की प्लेऑफ उम्मीदें दांव पर

**धर्मशाला, वार्ता।** पंजाब किंग्स गुरुवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने अहम आईपीएल 2026 मुकाबले में उतरेगी। इस मैच में पंजाब के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें दांव पर लगी हैं, क्योंकि उनका सामना एक ऐसी टीम से है जो टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है, लेकिन जो दूसरी टीमों का खेल बिगाड़ने की क्षमता रखती है। पंजाब ने इस सीजन की शुरुआत जबरदस्त अंदाज में की थी और अपने पहले सात मैचों में कोई मैच नहीं हारा था, लेकिन अहम मोड़ पर आकर टीम अचानक लड़खड़ा गई है। लगातार चार हार ने टीम की लय तोड़ दी है, जिससे वह पॉइंट्स टेबल में 13 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर खिसक गई है। पूरे सीजन में मजबूत नेट रन रेट और धमाकेदार बल्लेबा के बावजूद, गेंदबा में तालमेल की कमी टीम के लिए एक बड़ी चिंता बनकर उभरी है। हालांकि, उनकी बल्लेबाजी अब भी इस टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक



बल्लेबाजयों में से एक है। टीम ने इस सीजन में कई बार 200 रन का आंकड़ा पार किया है, जिसका श्रेय उनके निडर टॉप ऑर्डर को जाता है। ओपनर प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने टीम को तेज शुरुआत दी है, जबकि कूपर कोनोली और कप्तान श्रेयस अय्यर जैसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ने मिडिल ऑर्डर को मजबूती दी है। श्रेयस अय्यर खास तौर पर बेहतरीन फॉर्म में हैं, उन्होंने एक तरफ पारी को संभाला है, तो दूसरी तरफ तेज स्ट्राइक रेट भी बनाए रखा है। गेंदबा की बात करें तो, हाल के मैचों में पंजाब की मुश्किलें साफ नजर आई हैं। अर्शदीप सिंह, जो टीम के सबसे भरोसेमंद विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं, उनके प्रयासों के बावजूद टीम के गेंदबाज बड़े स्कोर का बचाव करने में बार-बार नाकाम रहे हैं। सहायक गेंदबाजों ने अहम मौकों पर खूब रन लुटाए हैं, जिससे दबाव वाले हालात में टीम की गेंदबा में गहराई और नियंत्रण की कमी साफ जाहिर हुई है। दूसरी ओर, मुंबई की टीम बिना किसी प्लेऑफ दबाव के धर्मशाला पहुंची है, लेकिन उनके लिए अपनी साख दांव पर लगी है। पांच बार की चैंपियन यह टीम अभी पॉइंट्स टेबल में छह पॉइंट्स के साथ नौवें स्थान पर है और प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। हालांकि, उनके हालिया प्रदर्शन से पता चलता है कि वे अब भी एक खतरनाक टीम हैं और विरोधी टीमों की योजनाओं को बिगाड़ने की क्षमता रखती हैं।

## खुशाल सेंटर ने यंगस्टर क्लब को 9 विकेट से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने पूसा यंगस्टर क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में बुधवार को 9 विकेट से रौंद दिया। टॉस तने के बाद, खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने पहले फील्डिग करने का फैसला किया। पूसा यंगस्टर क्रिकेट क्लब ने 36 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाए, जिसमें अभिोक रायकवार 67द्ध72ऋ और शिवम नागर 33द्ध40ऋ का अहम योगदान रहा। वहीं, खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर के गेंदबाजों में संपर्क गुप्ता ने 34 रन देकर 3 विकेट, गणेश भगत ने 9 रन देकर 2 विकेट और यथार्थ सिंह ने 27 रन देकर 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए, खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने 17-1 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। इसमें माधव खुशिक 80(43) और इब्राहिम 84(60) की शानदार पारियों की मदद से टीम ने 9 विकेट से मैच त लिया।

# पैट कमिंस पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना



**अहमदाबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिस पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। हैदराबाद की टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 56वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध था-जो न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित है, इसलिए कमिस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। हैदराबाद को इस मुकाबले में गुजरात के हाथों 82 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा।

### खेल विशेष

## ईस्ट बंगाल बना IWL 2025-26 का चैंपियन

**कोलकाता, वार्ता।** ईस्ट बंगाल एफसी ने इंडियन वीमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) 2025-26 का खिताब शानदार अंदाज में अपने नाम किया। नीता फुटबॉल एकेडमी के खिलाफ 2-0 की त के साथ, उन्होंने दो मैच बाकी रहते ही अपना खिताब बरकरार रखा। इससे पहले दिन में, गोकुलम केरल एफसी ने श्रीभूमि एफसी के खिलाफ 1-0 से त हासिल की, जबकि सेतु एफसी और सेसा फुटबॉल एकेडमी के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। मैचडे 12 के खत्म होने के बाद, चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी 33 अंकों के साथ तालिका में शीर्ा पर है। सेतु एफसी 23 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि किकस्टार्ट एफसी कर्नाटक 19 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। नीता फुटबॉल एकेडमी और गो. कुलम केरल एफसी तालिका के मध्य में 16-16 अंकों के साथ बराबरी पर हैं। सेसा फुटबॉल एकेडमी तीन अंकों के साथ आठवें स्थान पर है।

## डार्डेरी ने रोमांचक मैच में ज्वेरेव को अपसेट किया

**रोम, वार्ता।** लुसियानो डार्डेरी ने मंगलवार को इटेलियन ओपन में इस सीजन की सबसे शानदार वापसी वाली त में से एक हासिल की, जहां उन्होंने रोम में दूसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराने के रास्ते में चार मैच पॉइंट बचाए। डार्डेरी दूसरे सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 5/6, 7/8, 8/9 और 9/10 के स्कोर पर मैच पॉइंट बचाए, और आखिरकार अपने दूसरे सेट पॉइंट पर सेट बराबर कर लिया। इटली की जोशीली भीड़ के सामने, डार्डेरी ने तीसरे सेट में जोरदार खेल दिखाते हुए 1-6, 7-6(10), 6-0 से त दर्ज की, जिससे इटली की राजधानी में जश्न का माहौल बन गया।

## ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी-20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के लिए सोफी मोलिनक्स की अगुवाई वाली अपनी टीम में मुख्य तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन को जगह नहीं दी है। ब्राउन टूर्नामेंट के पिछले दो संस्करण में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए खेल चुकी हैं, लेकिन चयनकर्ताओं ने उनकी जगह कम अनुभवी बाएं हाथ की गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को टी-20 विश्व. कप के लिए टीम में चुना है। ब्राउन की जगह हैमिल्टन को शामिल करना चौकाने वाली बात है। हाल ही में चोटों की चिंताओं के बावजूद बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स को टीम की कप्तानी के लिए चुना गया है। हैमिल्टन ने पिछले साल अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी और तब से उन्होंने सभी फॉर्मेट में सीनियर टीम के लिए डेब्यू किया है।

# नेहरा के प्लान को गिल अमल में लाते हैं: संजय

**अहमदाबाद, वार्ता।** नई गेंद से कगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज। तेज गेंदबा में बदलाव के लिए प्रसिद्ध कृणा और जेसन होल्डर। मुख्य स्पिनर के तौर पर राशिद खान। यह एक ऑल स्टार टेस्ट ग्प्जैसी लगती है।

इन तेज गेंदबाजों के साथ किसी भी कप्तान (शुभमन गिल) को शानदार एहसास होगा। ऐसा अंबाती रायुडू ने गुजरात टाइटंस (टी) की सनराइजर्स हैदराबाद (एस आरएच) के खिलाफ बड़ी त के बाद मजाकिया लहजे में कहा। पूर्व क्रिकेटर संजय बांगर ने टी के अंक तालिका में पहले स्थान पर जाने के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो पर कहा कि मेरे हिंसाब से आपको आशीा नेहरा को क्रेडिट देना होगा क्योंकि जो गेंदबाज उनके अंडर खेलते हैं उनके ऊपर उनका काफी प्रभाव है। सिराज जैसे कई गेंदबाज हैं जो 2017-18 में करियर की शुरुआत में उनके अंडर खेले हैं। उस समय वह वो सिराज नहीं थे जो आज हैं। लेकिन वह टी में अपने समय का कगिसो रबाडा के साथ आनंद ले रहे हैं। 2019 और 2020 सीजन में (दिल्ली कैपिटल्स के साथ, 25 और 30 विकेट) उनके शानदार सीजन को नहीं भूलना चाहिए, लेकिन इसके बाद उनकी फॉर्म में गिरावट आई थी। उन्होंने कहा,किसी तरह वह (नेहरा) उनका बेस्ट निकाल ले रहे हैं। मो. हित (शर्मा, 2023 में) एक और उदाहरण हैं जिन्होंने उनके अंडर बेहद शानदार काम किया है। मोहम्मद शमी (2023 में) भी। इस सीजन होल्डर भी। मुझे लगता है उनका (नेहरा का) ध्यान केवल ए है।

## यूपी टी-20 लीग का चौथा संस्करण 14 अगस्त से ग्रीनपार्क में

**कानपुर, वार्ता।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) ने यूपी टी-20 लीग का चौथा संस्करण 14 अगस्त से छह सितम्बर के बीच कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम पर खेला जाएगा। यूपी टी 20 लीग के चेयरमैन संजय कपूर ने बुधवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में लीग के सीजन-4 के विस्तृत रोडमैप की घोाणा कर दी । इस बार लीग का मुख्य फोकस कंसोलिडेशन एंड डिलीवरी पर रहेगा, जिसके माध्यम से प्रतियोगिता को नए स्तर पर ले जाने की तैयारी की गई है। लीग में प्रदेश भर की छह फेंचाइ टीमें भाग लेंगी। इस सीजन में संरचित रिटेंशन नीति लागू की गई है, जिसके तहत प्रत्येक फेंचाइ न्यूनतम छह और अधिकतम 12 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकेगी, ताकि टीम संतुलन और निरंतरता बनी रहे।

# तमिलनाडु व उत्तराखंड में भी होगा हॉकी इंडिया लेवल-1 कोचिंग कोर्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने देश में जमीनी स्तर पर तकनीकी मानको को बेहतर बनाने के मकसद से हॉकी इंडिया लेवल -1 कोचिंग कोर्स कार्यक्रम में का विस्तार करते हुए तमिलनाडु और उत्तराखंड को भी इसमें शामिल किया है।

यह कोर्स मई और जून 2026 में कोयंबटूर (तमिलनाडु) और हरिद्वार (उत्तराखंड) में कई बैच में चलाया जाएगा। कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन 13 मई को शुरू होगा और 17 मई को खत्म होगा।अपनी शुरुआत से लेकर, 2019 से 2026 तक हुए हॉकी इंडिया कोा. चंग एजुकेशन पाथवे कोर्स ने देश भर में 600 से अधिक कोच को आधिकारिक तौर प्रमाणित किया



है। पूर्व कप्तान और कोच रानी रामपाल ने कहा कि एक खिलाड़ी से कोच बनना एक अलग सफर है, और हॉकी इंडिया कोचिंग एजुकेशन पाथवे इस प्रोसेस में बहुत जरूरी रहा है। जिन्हें इस कार्यक्रम से भी फायदा हुआ और जो एफआईएच एकेडमी लेवल 3 सर्टिफाइड कोच हैं। फॉर्मल लेवल पर आगे बढ़ने से मुझे आधुनिक कोचिंग के तरीकों, तकनीकी योजना और एथलीट प्रबंधन की बहुत गहरी और ज्यादा स्ट्रक्चर्ड समझ मिली। उन्होंने कहा कि हमारे घरेलू इकोसिस्टम के लिए, यह फ्रेमवर्क सच में एक गेम-चेंजर है। यह पक्का करता है कि देश भर के कोच एक ही टेक्निकल भाा बोलें। सब-जूनियर टीम के साथ अपने रोल में, मैं खुद देखती हूं कि डेवलपमेंट के स्टेज पर इन एडवांस्ड इंटरनेशनल कॉन्सेप्ट को लागू करने से हमारे युवा एथलीट की ग्रोथ सीधे तौर पर कैसे तेज होती है और उन्हें सबसे ऊंचे लेवल के लिए तैयार करती है।

# सिनर ने सबसे लंबी मास्टर्स 1000 की स्ट्रीक में जोकोविच की बराबरी की

**रोम, वार्ता।** दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर ने मंगलवार को इटेलियन ओपन के पुरुों के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिए अपने हमवतन खिलाड़ी एंड्रिया पेलेग्रिनो को सीधे सेटों में हराया। इस त के साथ उन्होंने नोवाक जोकोविच के लगातार 31 एटीपी मास्टर्स 1000 त के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। सिनर ने शुरुआती सेट के दौरान बेसलाइन से लगातार दबाव बनाए रखा।

उन्होंने अपनी गहराई और निरंतरता का इस्तेमाल करते हुए जल्दी ही एक 'ब्रेक' हासिल कर लिया और सेट को 6-2 से अपने नाम कर लिया। पेलेग्रिनो ने दूसरे सेट में अपने खेल का स्तर बढ़ाया। वे बेसलाइन के अंदर आकर ज्यादा आक्रामक तरीके से खेलने लगे और सिनर को कई जोरदार




रैलियों में उलझा दिया। शुरुआती दौर में दोनों के बीच कड़ा मुक. ाबला हुआ, लेकिन सातवें गेम में सिनर ने अपने प्रतिद्वंद्वी की गलतियों का फायदा उठाते हुए निर्णायक 'ब्रेक' हासिल कर लिया। इसके बाद शीर्ा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने मैच को 6-3 से त लिया। सिनर ने कहा कि मुझे लगा कि आज हम दोनों के बीच एक अच्छा मैच हुआ, जो शारी. रिक रूप से भी काफी जोरदार था। उन्होंने आगे कहा कि वे अपने खेल में छोटी-छोटी चीजें जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इस त के साथ, सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार 31 मैच तने के उस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली, जिसे जोकोविच ने 2011 में बनाया था। इसके अलावा, उन्होंने टूर-स्तर पर अपनी लगातार त की स्ट्रीक को बढ़ाकर 26 मैचों तक पहुंचा दिया, जो उनके करियर की सबसे लंबी स्ट्रीक के बराबर है। पुरुष एकल के चौथे दौर के अन्य मैचों में, इटली के 18वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी ने दूसरे सेट में चार 'मैच पॉइंट' बचाते हुए।

# ऑरेंज कैप के लिए सुदर्शन दे रहे क्लासन को टक्कर

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस (टी) के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ 61 रनों की पारी खेलते हुए 17वें ओवर में आउट होने तक वह ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली थी। लेकिन एसआरएच के हाइनरिक क्लासन 14 रन बनाकर आउट हुए और ऑरेंज कैप पर कुछ ही देर में दुबारा कब्जा कर लिया। मंगलवार को एसआरएच के हाइनरिक क्लासन ने लक्ष्य करते हुए अपनी पारी की शुरुआत सुदर्शन के 501 रनों से केवल सात रन पीछे रहते हुए की थी।

भले ही क्लासन बड़ी पारी नहीं खेल सके और केवल 14 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन उन्होंने ऑरेंज कैप हासिल किया। 508 रन के साथ फिलहाल वह



शीर्ा पर हैं।

क्लासन और सुदर्शन इस सीजन 500 रनों का आंकड़ा पार करने वाले दो बल्लेबाज हैं और उनके पीछे एसआरएच के अभिोक शर्मा (481 रन), केएल राहुल (दिल्ली कैपिटल्स, 477), और गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल (467 रन) हैं। वहीं पर्पप कैप की बात की जाए तो 2016 और 2017 में पर्पल कैप हासिल करने वाले भुवनेश्वर कुमार इस बार कगिसो रबाडा शीर्ा पर साथ दे रहे हैं। रबाडा इस सीजन पावरप्ले में अदभुत फॉर्म में हैं और एसआरएच के खिलाफ उन्होंने अभिोक, किशन और स्मरण के विकेट निकाले।

# आयशा का रिकॉर्ड तेज शतक

**कराची, वार्ता।** आयशा जफर (नाबाद 102) की रिकॉर्ड शतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में जिम्बाब्वे को 153 रनों से शिकस्त दी। इस त के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों 1-0 से बढ़त बना ली है। मंगलवार रात खेले गए मुक. ाबले में आयशा जफर ने अपनी दो छक्के और 15 चौके लगाए और पाकिस्तान महिला के लिए रिकॉर्ड त में तीसरा सबसे तेज महिला टी-20 शतक बनाया।

उनकी नाबाद 47 गेंदों में 102 रनों की पारी के दम पर पाकिस्तान ने पांच विकेट पर 237 रन का स्कोर बनाया। यह पहली बार था जब उन्होंने इस प्रारुप में 200 का आंकड़ा पार किया। जवाब में बल्लेबा करने उतरी जिम्बाबवे की टीम पाकिस्तानी गेंदबा आक्रमण के आगे 84 रन पर ढ़ेर हो गई। जिम्बाबवे की ओर से नताशा



मटोम्बा (24), एडेल जिमुनु (18) और बिलवड बिजा (10) ही दहाई अंक तक पहुंच सके। पाकिस्तान ने 153 रनों से बड़ी त दर्ज की। यह टी-20 में रनों के हिंसाब से उनकी अब तक की सबसे बड़ी त थी। 31 साल की जफर ने लगभग दो साल बाद मार्च में टीम में वापसी की थी। उन्होंने लेग-साइड हिट्स के साथ शानदार प्रदर्शन किया, अपना पहला टी-20 अर्धशतक बनाया और इसे इसे तीन अंकों में तब्दील किया। इसके अलावा आलिया रियाज ने (48) और गुल फिरोजा ने (37) रनों का योगदान दिया। पाकिस्तान की ओर से फातिमा सना ने तीन विकेट लिए। सादिया इकबाल, नतालिया परवेज को दो-दो विकेट मिले।

# यूपी के चौथे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास करेंगे योगी

**गोरखपुर, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 16 मई को पूर्वांचल के पहले और प्रदेश के चौथे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का भूमि पूजन एवं शिलान्यास करेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग पर स्थित ताल नदोर में बनने वाला यह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 392-94 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा। निर्माण कार्य के लिए पहली किश्त के रूप में 63-39 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। साथ ही एलाइनमेंट, मिट्टी भराई, लेव. लिग और भारी निर्माण उपकरणों की स्थापना का कार्य भी शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार

**16 मई को सीएम योगी गोरखपुर में करेंगे भूमि पूजन**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में शामिल यह स्टेडियम गोरखपुर को अंतर्राट्रीय खेल आयोजनों और विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के नए केंद्र के रूप में पहचान दिलाएगा। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कानपुर और लखनऊ में अंतर्राट्रीय क्रिकेट स्टेडियम मौजूद हैं, जबकि वाराणसी में निर्माण कार्य चल रहा है।

गोरखपुर इसका चौथा केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पर्याप्त भूमि उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन मार्ग पर ताल नदोर क्षेत्र में भूमि चिन्हित की थी। कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग ने स्टेडियम निर्माण कार्य को 23 दिसम्बर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। करीब 46 एकड़ क्षेत्रफल में बनने वाले इस स्टेडियम की दर्शक क्षमता लगभग 30 हजार होगी। ग्राउंड प्लस टू फ्लोर मॉडल पर बनने वाले स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए सात प्लेइंग पिच और चार प्रैक्टिस पिच बनाई जाएंगी।

# ट्रम्प का चीन दौरा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपनी तीन दिवसीय यात्रा पर चीन की राजधानी बीजिंग पहुंच गए हैं। पूरी दुनिया की नजर उनकी इस यात्रा पर टिकी है, जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि उनकी यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका-इस्राईल ईरान के साथ सीधे युद्ध में उलझे हुए हैं और इस युद्ध ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया हुआ है। जो देश इस युद्ध में सीधे शरीक भी नहीं हैं, वे भी इसकी आंच से बुरी तरह झुलस रहे हैं। जानने वाले लोगों का मानना है कि जिस तरह का रुख ईरान को लेकर चीन का अब तक रहा है, उसको देखते हुए इस यात्रा से कोई बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं है, लेकिन असल बात जब ही पता चलेगी, जब डोनाल्ड ट्रम्प व जिनपिंग आपस में बातचीत करेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि ट्रम्प चीन के माध्यम से ईरान को इस बात पर राजी करने का प्रयास करेंगे कि ईरान के पास जो यूरेनियम का संवर्धन है, वह उसको अमेरिका को सौंप दे। साथ ही ईरान ने होर्मुज स्टेट बंद किया हुआ है, उसको खोलने का दबाव भी चीन ईरान पर बनाए। हालांकि यह काम इतना आसान भी नहीं लगता, क्योंकि होर्मुज पर अब तक चीन ईरान का समर्थन करता रहा है और इस जलमार्ग के बंद होने के लिए अमेरिका पर दोष मढ़ता रहा है। चीन ईरान के तेल का इस समय बड़ा ग्राहक है और संयुक्त राष्ट्र में भी उसको लेकर जो प्रस्ताव आते रहे हैं, उसका विटो करता रहा है। इसके अलावा भी ट्रम्प का टैरिफ प्लान भी चीन के लिए समस्या खड़ी करता रहा है। उसको लेकर भी बात स्वाभाविक रूप से होगी ही, लेकिन असल मुद्दा पश्चिमी एशिया के हालात ही रहने की उम्मीद है। देखने वाली बात तो यह भी होगी कि चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ट्रम्प की बात को कहां तक मानते हैं और अपनी बात को वह उनसे कितना मनवा पाते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस समय दुनिया वास्तव में बारूद के ढेर पर बैठी हुई है और ईरान के परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज को लेकर इस समय खाड़ी में तनाव अपने चरम पर है। अमेरिका के जिस तरह के तेवर हैं, उससे तो यही लगता है कि जारी युद्ध विराम कभी भी टूट सकता है। वैसे भी जो प्रस्ताव अमेरिका व ईरान ने एक-दूसरे को दिए हैं, उससे दोनों ही पक्ष सहमत होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। ईरान ने साफ कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर अपना परमाणु कार्यक्रम नहीं रोकेगा और न ही होर्मुज स्टेट से अपने कंट्रोल में किसी तरह की कमी आने देगा और ये दोनों ही कारण दोनों पक्षों के लिए बेहद मुख्य हैं। अमेरिका की भी जिद है कि वह ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार नहीं बनाने देगा, अब देखते हैं कि ट्रम्प व जिनपिंग की मुलाकात क्या रंग दिखाती है।

## श्रीमुख से...

### सड़कों पर उतरें जेन ज़ी



बहुत हुआ पेपर लीक, अब इस घिनौने खेल को बंद करने के लिए देश के जेन जी को सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़गा नेपाल और बांग्लादेश के जेन जी अपनी सरकार बदल सकते हैं, तो हमारे देश का जेन जी पेपर लीक कराने में शामिल मंत्रियों-नेताओं को जेल क्यों नहीं भिजवा सकता, हर बार पेपर लीक की जांच सीबीआई को सौंप दी जाती है, लेकिन आज तक किसी को सजा नहीं मिली, इस बार भी कुछ नहीं होने वाला है, ज्यादातर पेपर लीक भाजपा शासित राज्यों में क्यों होते हैं, क्या इस घिनौने खेल में भाजपा के नेता सीधे तौर पर शामिल हैं? कुछ लोग सिस्टम फेल होने की बात करते हैं, लेकिन वे लोग ऐसा कहकर अनजाने में पेपर लीक में शामिल टॉप पर बैठे व्यक्ति को बचा रहे हैं।

**-अरविंद केजरीवाल, संयोजक, आम आदमी पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

**Dainikshahtimes@gmail.com**

# स्त्री को खुद लिखनी होगी अपनी परिभाषा





दिव्या त्यागी

स्त्री क्या है? यह सवाल जितना छोटा लगता है, जवाब उतना ही उलझा हुआ है। क्योंकि सदियों से इसे परिभाषित पुरुषों ने किया है। और जब परिभाषा लिखने वाला खुद एक पक्ष हो, तो निष्पक्षता कहां से आएगी? पुरुष की कलम से निकली स्त्री की तस्वीर में पक्षपात आना स्वाभाविक है पर सवाल यह है-स्त्री ने खुद को परिभाषित करने की कोशिश क्यों नहीं की? शायद इसलिए कि उसे बोलने का हक ही नहीं दिया गया। या फिर इसलिए कि उसे 'अबला' कहकर यह यकीन दिला दिया गया कि वो खुद को जान ही नहीं सकती।

**पुरुष ने स्त्री को दो ही खांचों में बांटा**

श्रद्धा या भोग। प्रेमिका हुई तो सिर्फ सुंदरता दिखी, दिमाग नहीं। मां-बहन बनी तो ममता दिखी, पर औरत होना भुला दिया। जबकि सच ए है कि वो एक ही स्त्री है। वही हाथ जो बच्चे को थपकी देते हैं, वही हाथ साज-श्रंगार भी जानते हैं। वही आंखें जो ममता बरसाती हैं, वही आंखें सपने भी देखती हैं। एक रूप को पूजकर दूसरे को नकार देना, यह उसके साथ सबसे बड़ा अन्याय है। पुरुष ने खुद को 'भंवरा' कहा - एक कली से दूसरी कली। ठीक है, मान लिया। पर भंवरे को पैदा किसने किया? स्त्री ने ही ना? तो फिर स्त्री ने ए क्यों नहीं कहा कि 'मेरा स्वभाव भी भंवरे जैसा है, मैं भी उड़ूंगी'। प्रकृति में भंवरा फूल का रस भोजन के लिए लेता है, संबंध के लिए नहीं। संबंध तो भंवरा भंवरी से ही बनाएगा, अपनी जाति की भंवरी से। फिर स्त्री को 'भोग की वस्तु' कहना प्रकृति के नियम के खिलाफ है, गलत है। समाज ने पुरुष की भटकन को 'मर्दानगी' का नाम दिया - 'बहक जाता है बेचारा'। और स्त्री की उड़ान को 'चरित्रहीनता' का। उसे 'अबला' कहकर पिंजरे में डाल दिया। जबकि वह अबला नहीं है, उसे अबला बनाया गया है। 'कामायनी' खोलकर देख लो। मनु सब छोड़कर चला जाता है। श्रद्धा अकेली रह जाती है, बच्चे के साथ। वह पूछती है-'मेरी क्या गलती थी'? उसकी कोई गलती नहीं थी। पर लेखक ने भी मनु के मुंह से कहलवा दिया -'मेरा तो स्वभाव ही ऐसा है, मैं रुक नहीं सकता'। वाह! पल्ला झाड़ लिया। 'स्वभाव' के नाम पर सारी जिम्मेदारी से छुट्टी। जबकि स्वभाव कोई आसमान से टपका हुआ नहीं होता।

हम सब वर्दी पहनते हैं। कोई पुलिस की, कोई डॉक्टर की, कोई जज की। कुर्सी पर बैठते ही स्त्री-पुरुष बराबर हो जाते हैं- कानून सबके लिए एक। पर वर्दी उतरते ही हम फिर 'मर्द' और 'औरत' बन जाते हैं। यानी पेशा बदला, पर इंसान वही रहा। तो फिर घर आकर 'मेरा स्वभाव ही ऐसा है' कहना कहां तक ठीक है? स्वभाव हम खुद चुनते हैं। जो गुण हमें भाते हैं, हम उन्हें अपनाते हैं। क्रोध भाता है तो क्रोधी, लालच भाता है तो लालची। तो 'बहकना' भी एक चुनाव है, मजबूरी नहीं। भगवान ने स्त्री-पुरुष को पूरक बनाया था, प्रतियोगी नहीं। विष्णु भगवान से जब पूछा गया कि 'कौन सा वर्ण सर्वश्रेष्ठ है?' तो उन्होंने चारों वर्णों के काम गिनाकर, उन्हें अपने शरीर के अंगों से जोड़ा - सिर, भुजा, उदर, पैर। फिर कहा -'जैसे शरीर का हर अंग जरूरी है, कोई छोटा-बड़ा नहीं, वैसे ही समाज में हर वर्ण जरूरी है।' ठीक उसी तरह सृष्टि में स्त्री और पुरुष दोनों जरूरी हैं। कोई कम नहीं, कोई ज्यादा नहीं। भगवान ने किसी को सुपीरियर नहीं बनाया। यह ऊंच-नीच का खेल हमने बनाया। और इसमें हमारी भी गलती कम नहीं।बेटी पैदा होते ही हम उसकी शादी के सपने देखने लगते हैं -'कहां ब्याहेंगे, कैसा घर मिलेगा'। बेटा पैदा हो तो कहते हैं-'पढ़-लिखकर बड़ा आदमी बनेगा, नाम रोशन करेगा'। हमने लड़की से उसका भविष्य छीनकर उसे 'पराया धन' बना दिया। उसे मौका ही कहां दिया कि वह साबित करे कि वह भी कलेक्टर बन सकती है या किसी अन्य ऊंची कुर्सी पर बैठ सकती है? मेरा मानना है कि अब वक्त आ गया है कि स्त्री अपनी खोज खुद करे। हालांकि यह आसान नहीं होगा। क्योंकि हजारों साल की जंजीरें एक दिन में नहीं टूटतीं। हमें हमेशा सिखाया गया -'पुरुषों के बराबर बनो'। स्कूल, कॉलेज, ऑफिस-हर जगह यही मंत्र। पर आज तक किसी पुरुष से ए क्यों नहीं कहा गया कि-बेटा, जरा मां या बहन द्धस्त्रीऋ के बराबर बनकर दिखा'? 'उसके जैसा सब्र ला, उसके जैसी ममता ला, उसके जैसा घर और बाहर दोनों संभालकर दिखा'। सृष्टि का पहिया दो पहियों से चलता है। एक पहिए को मर्द का अहंकार और दूसरे पहिए को औरत का शरीर बनाकर रखोगे, तो गाड़ी लुढ़क ही जाएगी।

> भगवान ने स्त्री-पुरुष को पूरक बनाया था, प्रतियोगी नहीं। विष्णु भगवान से जब पूछा गया कि 'कौन सा वर्ण सर्वश्रेष्ठ है?' तो उन्होंने चारों वर्णों के काम गिनाकर, उन्हें अपने शरीर के अंगों से जोड़ा - सिर, भुजा, उदर, पैर। फिर कहा -'जैसे शरीर का हर अंग जरूरी है, कोई छोटा-बड़ा नहीं, वैसे ही समाज में हर वर्ण जरूरी है।' ठीक उसी तरह सृष्टि में स्त्री और पुरुष दोनों जरूरी हैं। कोई कम नहीं, कोई ज्यादा नहीं। भगवान ने किसी को सुपीरियर नहीं बनाया। यह ऊंच-नीच का खेल हमने बनाया। और इसमें हमारी भी गलती कम नहीं।

इसलिए अब कोई यह कहकर नहीं बच सकता कि 'मैं पुरुष हूं, मेरा खून ही गरम है'। दोनों एक ही मिट्टी से बने हैं, एक ही धूप में तपे हैं। 'स्वभाव' का बहाना अब नहीं चलेगा। आटा एक ही है। उससे पराठा बने या लड्डू, मोयन ज्यादा-कम हो सकता है, पर मूल गुण वही रहते हैं-गेहूं के। बस आकार और स्वाद हमने अपनी सुविधा से बदल दिया। पुरुष ने स्त्री को अपने हिसाब से ढाला-कभी देवी का रूप, कभी दासी का। अब वक्त है कि स्त्री खुद तय करे कि उसे क्या बनना है-पराठा, लड्डू या फिर पूरा भोजन। परिभाषा अब वो खुद लिखेगी। भविष्य की कलम उसके हाथ में है।

# दिन-प्रतिदिन विद्या मंदिरों में लगते ताले



निर्मल रानी

देश के लगभग 21 लाख छात्रों का भविष्य पिछले दिनों उस समय फिर दांव पर लग गया जबकि NEET अर्थात नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट की राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा, पेपर लीक हो जाने के कारण रद्द कर दी गई। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था NTA अर्थात नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इस मामले में स्वयं को जिम्मेदार मानते हुए परीक्षा रद्द करने की घोषणा की। पेपर लीक होने के चलते देश में पहले भी नीट परीक्षाएं रद्द हो चुकी हैं।

इसके लिए जिम्मेदार कोई भी हो परन्तु इससे सबसे बड़ा नुक्सान उस मेहनतकश विद्यार्थी को हुआ है जिसने दिन रात एक कर परीक्षा दी और परीक्षा के परिणाम सुनने के बजाए उन्हें परीक्षा के रद्द होने जैसी मनहूस खबर सुनाई दी। इस घटना के बाद एक बार फिर हमारे देश की विद्या यहां के विद्यार्थियों तथा विद्यालयों के भविष्य को लेकर चर्चा छिड़ गई है। एक तरफ तो नीट परीक्षा देने वाले जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान के वे छात्र जो भविष्य में डॉक्टर, वैज्ञानिक, इंजीनियर आदि बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं, उनका भविष्य अधर में लटका दिखाई दे रहा है। तो दूसरी तरफ शिक्षा को लेकर सरकार का एजेंडा व उसकी प्राथमिकताएं भी कुछ और ही नजर आ रही हैं। आज देश के विभिन्न राज्यों के विद्यालयों में अब भारतीय ज्ञान प्रणाली के नाम पर धर्म,अध्यात्म,कर्म काण्ड व पंडितों की शिक्षा दी जाने लगी है। यहां सरकारी और कुछ निजी स्कूलों में हिंदू धर्म, अध्यात्म, नैतिक मूल्यों, भारतीय ज्ञान प्रणाली और संबंधित ग्रंथों (जैसे भगवद्गीता, रामायण, वेद) की शिक्षा दी जा रही है और इससे संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह मुख्य रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत,मूल्य-आधारित शिक्षा, नैतिकता और सांस्कृतिक जागरूकता के नाम पर हो रहा है। हालांकि भारतीय संविधान (अनुच्छेद 28) सरकारी फंड वाले स्कूलों में धार्मिक शिक्षा पर रोक लगाता है, लेकिन धर्मों के बारे में शिक्षा की अनुमति है जिसे आधार बनाकर धार्मिक शिक्षा दी जा रही है । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ समर्थित व अन्य हिंदू संगठनों द्वारा संचालित स्कूलों में यह पहले से अधिक प्रचलित है। शिक्षा को लेकर हमारा देश इस समय एक ऐसे दुर्भागयपूर्ण दौर से गुजर रहा है जबकि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर बैठे अनेक लोगों की शिक्षा, उनकी डिग्रियां असली हैं या नकली, विधान निर्माता शिक्षित है या अशिक्षित,इसतरह के सवाल उठ रहे हैं। उधर उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए संपन्न लोग अपने बच्चों को पहले भी विदेश भेजा करते थे और आज भी भेजते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री व दुनिया के जाने माने अर्थशास्त्री स्व डॉ मनमोहन सिंह ने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से 1957 में अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी ऑनर्स डिग्री हासिल की थी और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से 1962 में डी।फिल। की उपाधि ग्रहण की थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू व राजीव गांधी भी कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं।

इसी तरह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण,ज्योतिरादित्य सिंधिया, राहुल गांधी, जयराम रमेश, पी. चिदंबरम, कपिल सिब्बल, सुब्रमण्यम स्वामी, जयंत सिन्हा, रतन टाटा, आनंद महिंद्रा जैसे अनेकानेक राजनेता उद्योगपति व प्रतिष्ठित लोग हारवर्ड, कैम्ब्रिज, ऑक्सफोर्ड या अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। परन्तु हमारे प्रधानमंत्री की नजरों में शायद इन विश्वविद्यालयों की डिग्रियों या यहां की पढ़ाई की उतनी अहमियत नहीं। तभी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2017 को उत्तर प्रदेश में एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि ष्एक तरफ वे लोग हैं जो हार्वर्ड की बात करते हैं, और दूसरी तरफ एक गरीब का बेटा है, जो अपनी कड़ी मेहनत से अर्थव्यवस्था को सुधारने की कोशिश कर रहा है। इससे पहले 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी उन्होंने तमिलनाडु में एक सभा में कहा था कि देश को विकास के लिए हार्वर्ड की नहीं, हार्ड वर्क की जरूरत है। प्रधानमंत्री के अनुसार हार्वर्ड वालों से ज्यादा दम श्हार्ड वर्कश वालों में है। जरा सोचिए कि क्या पढ़ाई करना हार्ड वर्क की श्रेणी में नहीं आता? जो बच्चा परीक्षा की तैयारी के लिए दिन रात एक किए रहता है,खाना पीना नींद आराम सब कुछ छोड़कर रोज 16 -18 घण्टे पढ़ाई करता है वह क्या हार्ड वर्क नहीं है ?

# सोने पर सरकारी नजर : वरदान या नियंत्रण का जाल







रजनीश कपूर

जब से प्रधानमंत्री ने देशवासियों को सोना न खरीदने की अपील की है सोशल मीडिया पर कई तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उनमें से एक वीडियो पोस्ट काफी वायरल हो रहा है, जिसमें सरकार की सोने से जुड़ी नई नीति पर गहरी चिंता जताई गई है। पोस्ट में कहा गया है कि सरकार अब आम घरों में पड़े सोने को वित्तीय संपत्ति बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। आयात के दबाव, रूपए पर तनाव और ई-गोल्ड को बढ़ावा देने के नाम पर यह कदम उठाया जा रहा है। वीडियो में स्पष्ट किया गया कि सोना अब सिर्फ जेवर या निवेश नहीं, बल्कि एक 'पावर' है। पर जब यह डिजिटल हो जाएगा तो नियंत्रण किसके हाथ में होगा? आपके, बैंक के या सिस्टम के? यह सवाल आज हर आम आदमी को सोचने पर मजबूर कर रहा है। वीडियो में सरकार की तर्कसंगतता को भी समझाया गया है। भारत में घरों, लॉकरों, जेवरों और सिक्कों के रूप में भारी मात्रा में सोना पड़ा हुआ है, लेकिन यह अर्थव्यवस्था में घूमता नहीं है। न बैंक इसका इस्तेमाल कर पाते हैं, न जेवराती। हर साल देश को नया सोना आयात करना पड़ता है, जिसके लिए डॉलर खर्च होते हैं और आयात बिल बढ़ता है। सरकार का तर्क है कि यदि यह निष्क्रिय सोना सिस्टम में आ जाए, तो आयात कम होगा, अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके लिए ई-गोल्ड यूनिट्स या गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें आप भौतिक सोना जमा करेंगे, डिजिटल यूनिट्स लेंगे, ब्याज कमाएंगे और लॉकर चार्ज बचाएंगे। वीडियो में सोने की शुद्धता जांच, बार-कॉइन-जेवर स्वीकार करने और रिनॉउन्ड रिफाइनर से टाई-अप जैसी सुविधाओं का जिक्र भी है।

लेकिन वीडियो सिर्फ सरकारी तर्क पर नहीं रुकता। यह चेतावनी देता है के कैश को 'यूपीआई' से डिजिटल बनाने, कागजी शेयरों को डीमैट में लाने के बाद अब सोने की बारी है। भौतिक सोना, जो लॉकर में 'अ.श्य' और 'निजीश्था, अब पंजीकृत, 'ट्रैकेबल' और नियमों के दायरे में आ जाएगा। वीडियो में 'सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड' का भी उदाहरण दिया गया है, जहां 1 लाख का निवेश 4.86 लाख हो गया, लेकिन अब फोकस घरेलू सोने पर है। सवाल उठाया गया है कि क्या यह सिर्फ आयात कम करने की रणनीति है या सिस्टम में पूर्ण नियंत्रण का खेल? यह पोस्ट आम आदमी की चिंताओं को छूता है। सोना भारतीय संस्कृति में सिर्फ संपत्ति नहीं, बल्कि सुरक्षा, विवाह और आपातकालीन फंड माना जाता है। महिलाओं के मंगलसूत्र से लेकर परिवार की पीढ़ी-दर-पीढ़ी की जमा पूंजी तक, यह भावनात्मक और आर्थिक रूप से जुड़ा है। वीडियो के संदेश को देखते हुए लगता है कि डिजिटल सोना बनने पर न सिर्फ रूप बदलेगा, बल्कि नियंत्रण, दृश्यता और भविष्य के नियम भी बदल जाएंगे। इस पोस्ट पर आए कमेंट्स इस चिंता को और गहरा करते हैं। एक यूजर ने लिखा, ह्बड़े-बड़े उद्योगपतियों का जेवर ले लो, आम जनता को बक्श दो। दूसरे ने कहा, डिजिटल इंडिया मतलब गुलामी, फंडामेंटल राइट्स खोना। कई कमेंट्स में डर जताया गया कि सरकार महिलाओं के मंगलसूत्र तक पर नजर रखेगी। एक ने चेतावनी दी, बैंक डूब गया तो क्या देंगे? फिजिकल गोल्ड ही अच्छा। कुछ यूजर्स ने इसे 'न्यू वर्ल्ड ऑर्डर' या 'ग्लोबलिस्ट एजेंडे' से जोड़कर देखा, जहां सोना रजिस्टर कराने के बाद आम आदमी सड़क पर आ जाएगा। कुल मिलाकर, कमेंट सेक्शन सरकार पर अविश्वास, डिजिटल नियंत्रण के भय और व्यक्तिगत स्वायत्तता खोने की भावना से भरा पड़ा है। लोग याद दिला रहे हैं कि कैश और शेयरों की तरह सोना भी 'ट्रैकेबल' हो गया तो निजी संपत्ति पर सिस्टम की पकड़ मजबूत हो जाएगी। अब सवाल यह है कि यह नीति आम आदमी को कितना फायदा पहुंचाएगी? फायदों की बात करें तो यह निश्चित रूप से कुछ वर्गों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है। जो लोग अपना सोना लॉकर में बेकार पड़ा रखते हैं, उन्हें ब्याज कमाने का मौका मिलेगा। लॉकर चार्ज बचेंगे, सोने की शुद्धता की जांच होगी और जरूरत पड़ने पर इसे आसानी से लिक्विड किया जा सकेगा। अर्थव्यवस्था के स्तर पर आयात बिल कम होने से रूपया मजबूत होगा, महंगाई पर काबू रहेगा और विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित होगा। अप्रत्यक्ष रूप से आम आदमी को फायदा पहुंचेगा। यानी कि स्थिर अर्थव्यवस्था, बेहतर रोजगार और कम आयात निर्भरता। छोटे किसान, मध्यम वर्गीय परिवार या महिलाएं, जो सोने को सुरक्षित निवेश मानती हैं, बिना बेचे ब्याज कमा सकेंगी। गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम में शुद्धता जांच की सुविधा भी जेवरातों की विश्वसनीयता बढ़ाएगी, लेकिन नुकसान भी कम नहीं। सबसे बड़ा खतरा नियंत्रण का है। भौतिक सोना परिवार की स्वतंत्र संपत्ति है। डिजिटल होने पर बैंक या सरकार के पास डेटा होगा। कर चोरी, ब्लैक मनी या आपात स्थिति में सरकार इसका इस्तेमाल कर सकती है।



कुल्लू-मनाली। ग्रीष्म ऋतु के दौरान ब्यास नदी में रिवर रॉफ्टिंग का आनंद लेते पर्यटक।

## घातक फेंटानिल की आपूर्ति में भारतीय दवा विक्रेता वीजा प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने भारत स्थित ऑनलाइन दवा विक्रेता केएस इंटरनेशनल ट्रेडर्स से जुड़े 13 करीबी व्यावसायिक सहयोगियों पर वीजा प्रतिबंधों की घोषणा की है। अमेरिका ने इस नेटवर्क पर देश में घातक और अवैध फेंटानिल को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता थॉमस 'टॉमी' पिंगॉट ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई उन अंतर्राष्ट्रीय तस्करी अभियानों को ध्वस्त करने के एक आक्रामक अभियान का हिस्सा है, जो अमेरिका में परिवारों को तबाह करने वाली अवैध फेंटानिल के लिए जिम्मेदार हैं। विदेश विभाग के अनुसार, केएस इंटरनेशनल ट्रेडर्स ने कथित तौर पर पूरे अमेरिका में खरीदारों को अवैध फेंटानिल युक्त लाखों जाली दवाएं बेचीं।

## रूस के बेलगोरोद में पटरी से उतरी ट्रेन

**मॉस्को।** रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में रेल की पटरी में लगभग 6.5 फीट का अंतर आने के कारण एक ट्रेन पटरी से उतर गई है। बेलगोरोद क्षेत्र के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैदकोव ने बुधवार को कहा कि यह घटना किसी विस्फोटक उपकरण के कारण हो सकती है। ग्लैदकोव ने टेलीग्राम पर लिखा कि याकोवलेवस्की जिले में एक आपातकालीन स्थिति उत्पन्न हुई है। राजुमनोए-तोमारोवका मार्ग पर जा रही एक ट्रेन पटरी से उतर गई। प्रारंभिक सूचना से पता चलता है कि यह घटना पटरी में लगभग दो मीटर के अंतर के कारण हुई, जो किसी विस्फोटक उपकरण के फटने से हो सकता है। गवर्नर ने बताया कि ट्रेन चालक को आपातकालीन ब्रेक लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसके कारण डिब्बे का आधा हिस्सा पटरी से उतर गया।

# ईरान ने वॉशिंगटन पर साधा निशाना

### कहा: पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका के कदम शांति कायम होने में सबसे बड़ी बाधा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन के कदमों से भरोसे में कमी शांति कायम होने में सबसे बड़ी बाधा है। अराघची ने यह बात तेहरान में नार्वे के उप-विदेश मंत्री के साथ बैठक के दौरान कही।

ईरानी सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी ने यह जानकारी दी। प्रेस टीवी के मुताबिक, अराघची ने अमेरिकी पक्ष के कथित अहंकारी रुख और धमकी भरी तथा भड़काऊ भाषा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका की नीयत में कमी और बेईमानी ही युद्ध को पूरी तरह खत्म करने में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के सैन्य हमले ही मौजूदा स्थिति और होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव की मुख्य वजह हैं। उन्होंने यह भी कहा कि



■ अराघची ने यह बात तेहरान में नार्वे के उप-विदेश मंत्री के साथ बैठक के दौरान कही

ईरान के समुद्री बंदरगाहों की लगातार नाकेबंदी करके कई बार युद्धविराम का उल्लंघन किया गया है। अराघची ने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य के तटीय देश के रूप में ईरान अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार वहां की व्यवस्थाओं और नियमों को तय करने के लिए विचार-विमर्श कर रहा है। इस बीच, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल का हमला केवल जमीन, संसाधनों या भू-राजनीति का युद्ध नहीं है, बल्कि यह ऐसा युद्ध है जो वर्तमान और भविष्य में 'अच्छाई' और 'बुराई' के मायने तय करेगा। बघाई ने दोनों देशों पर युद्ध विराम के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष ईरान पर थोपा गया है।

### ईरान अमेरिका से पांच शर्तें पूरी करने पर बातचीत करेगा

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अमेरिका पांच शर्त पूरी करें तो वह उससे बातचीत करेगा। फार्स न्यूज एजेंसी ने एक सूत्र के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। मंगलवार को मिली रिपोर्ट के अनुसार इन शर्तों में सभी मोर्चों पर युद्ध समाप्त करना (विशेषकर लेबनान में) ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना, ईरान की संपत्ति पर लगी रोक हटाना, नुकसान की भरपाई करना और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की संप्रभुता को मान्यता देना शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने पाकिस्तान को (अमेरिका के साथ ईरान की बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है) यह संदेश दिया कि नौसैनिक नाकेबंदी ने ईरान के इस विचार को और मजबूत कर दिया है कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय हे कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान के क्षेत्र पर हमले किए।

# ट्रम्प के रक्षा बजट पर मचा बवाल

## ईरान युद्ध पर अमेरिकी संसद में घमासान, हेगसेथ ने किया सैन्य अभियान का जोरदार बचाव, बोले: अब भी हमारे हाथ में सारे पत्ते

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान का जोरदार बचाव किया। उन्होंने कहा कि तमाम तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी संकट के बावजूद अमेरिका अब भी सभी पत्ते अपने हाथ में रखता है। सीनेट विनियोग उपसमिति के समक्ष रक्षा मामलों की सुनवाई के दौरान हेगसेथ ने डेमोक्रेट सांसदों के साथ तीखी बहस की। इस बैठक में जाइंट चीफ्स चेयरमैन डैन केन भी मौजूद थे।

सुनवाई का मुख्य मुद्दा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रस्तावित 1.5 ट्रिलियन डॉलर का रक्षा बजट, ईरान युद्ध की बढ़ती लागत, होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से बढ़ती तेल कीमतें और चीन-यूक्रेन को लेकर अमेरिकी रणनीति रही। हेगसेथ ने कहा कि ईरान की सैन्य ताकत को बड़ा नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने दावा किया कि 47 वर्षों से ईरान अमेरिका पर हमला करता रहा है और परमाणु हथियार कार्यक्रम को लेकर झूठ बोलता रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने आखिरकार कार्रवाई करने का साहस दिखाया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की पूरी पारंपरिक नौसेना अब फारस की खाड़ी के तल में पड़ी है और मौजूदा स्थिति में अमेरिका के पास पहले से ज्यादा दबदबा है। हालांकि डेमोक्रेट सांसदों ने ट्रम्प प्रशासन की रणनीति पर गंभीर सवाल उठाए। सीनेटर क्रिस कून्स ने कहा कि यह युद्ध बिना किसी स्पष्ट लक्ष्य और अंत की योजना के लड़ा जा रहा है, जिसकी कीमत अमेरिकी जनता चुका रही है। वहीं सीनेटर पैटी मरे ने बढ़ती ईंधन और खाद्य कीमतों के बीच भारी रक्षा खर्च पर सवाल उठाए। पेंटागन के मुताबिक ईरान संघर्ष पर अब तक करीब 29 अरब डॉलर खर्च हो चुके हैं, हालांकि अमेरिकी सैन्य ठिकानों को हुए नुकसान का पूरा आकलन अभी बाकी है। सुनवाई के दौरान सबसे बड़ा सवाल होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने को लेकर उठा। वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद अहम इस समुद्री मार्ग में व्यवधान के कारण दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं। इस पर हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका के पास सैन्य विकल्प मौजूद हैं, लेकिन वाशिंगटन अब भी बातचीत के जरिए समाधान चाहता है ताकि ईरान अंतर्राष्ट्रीय जलमार्गों में समुद्री डकैती बंद करे। जाइंट चीफ्स चेयरमैन जनरल डैन केन ने भी माना कि ईरान अपनी सैन्य गतिविधियों के जरिए दुनिया की अर्थव्यवस्था को बंधक बनाए हुए है, लेकिन उन्होंने सैन्य योजनाओं पर सार्वजनिक रूप से ज्यादा जानकारी देने से इन्कार कर दिया। सुनवाई में मिच मैककोनेल ने नाटो सहयोगियों और यूक्रेन को समर्थन जारी रखने की जरूरत पर जोर दिया।



■ ईरान की सैन्य ताकत को बड़ा नुकसान पहुंचाया गया है: हेगसेथ

### एक्सपर्ट्स का दावा: ईरान युद्ध में 95 लाख करोड़ फूंक चुके ट्रम्प, बताया सिर्फ 2.77 लाख करोड़

**वाशिंगटन।** पिछले दो महीने से अमेरिका और ईरान में तनाव जारी है। इस युद्ध में अमेरिका के अब तक 2,77 लाख करोड़ खर्च हो चुके हैं। मंगलवार को पेंटागन के एक वरिष्ठ बजट अधिकारी अमेरिकी सांसदों को यह जानकारी दी। हालांकि यह आंकड़े पेंटागन की ओर से अमेरिकी कांग्रेस के समक्ष प्रस्तुत किए अनुमानित बजट से 2.39 लाख करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि ये अनुमान अमेरिकी युद्ध विभाग की ओर से खर्च को कम करके आंका गया अनुमान मात्र हैं। वहीं, कुल खर्च संभावित रूप से 95.67 लाख करोड़ रुपये तक जा सकता है। हार्वर्ड कैनेडी स्कूल द्वारा पिछले सप्ताह जारी एक शोध के अनुसार, युद्ध बजट विशेषज्ञ लिंडा बिल्मेस का कहना है कि उन्हें पूरा विश्वास है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अनुमानित लागत 95 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। उन्होंने बताया कि अल्पकालिक, अग्रिम लागतों में प्रतिदिन लगभग 19134 करोड़ रुपये खर्च होते हैं, जो उनके अनुसार हिमशैल का एक छोटा सा हिस्सा मात्र है।

## अमेरिका के हथियारों के जखीरे खाली होने के दावे गलत: हेगसेथ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि ईरान युद्ध में अमेरिका के हथियारों के जखीरे खाली होने की रिपोर्टें और राजनीतिक दावे मूर्खतापूर्ण एवं व्यर्थ रूप से बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हैं। हेगसेथ ने ईरान युद्ध के खर्च पर आयोजित संसदीय सुनवाई में इन दावों को सिरे से खारिज किया। हेगसेथ ने सदन विनियोग रक्षा उपसमिति के सामने कहा कि ईरान और पश्चिम एशिया में जारी तनाव से संबंधित मांग बढ़ने के बावजूद अमेरिकी सेना की पूरी परिचालन क्षमता बरकरार है। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिकी सेना के पास अपने अभियानों को अंजाम देने के लिए आवश्यक सभी हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध हैं। उन्होंने उन रिपोर्टों को खारिज किया जिनमें कहा गया था कि रक्षा मंत्रालय महत्वपूर्ण हथियार प्रणालियों की कमी का सामना कर रहा है।

## राष्ट्रपति शी के साथ उच्च स्तरीय बैठक के लिए चीन पहुंचे ट्रम्प

■ दानों नेताओं के बीच चर्चा के मुख्य विषय होंगे व्यापार, ताइवान और ईरान

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प स्थानीय समयानुसार आज सुबह बीजिंग पहुंचे और वह यहां अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। ईरान युद्ध छिड़ने के कारण इस साल की शुरुआत में जो बातचीत टल गई थी, उसे अब फिर से शुरू किया जा रहा है। ट्रम्प मंगलवार को व्हाइट हाउस से रवाना हुए थे।

दोनों नेताओं के बीच बातचीत में व्यापार का मुद्दा सबसे अहम रहने की उम्मीद है। इसके साथ ही, ईरान युद्ध और हॉर्मुज जलडमरूमध्य में आपूर्ति में आ रही बाधाओं पर भी गंभीर चर्चा होने की संभावना है। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि ऊर्जा सुरक्षा और ताइवान के मुद्दे भी चर्चा में शामिल होंगे। दरअसल, ताइवान का सवाल अमेरिका और चीन के रिश्तों के बीच सबसे संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है। अपनी यात्रा से पहले ट्रम्प ने सार्वजनिक बयानों में कई बार शी जिनपिंग की तारीफ की। सोमवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे एक महान व्यक्ति हैं। मुझे वे बहुत ही अद्भुत इंसान लगते हैं। पिछले हफ्ते उन्होंने कहा था कि राष्ट्रपति शी के साथ मेरे रिश्ते बहुत अच्छे हैं। हम चीन के साथ काफी व्यापार करते हैं और बहुत पैसा कमा रहे हैं। ट्रम्प ने 'ट्रुथ सोशल' पर मजाक में यह भी लिखा कि जब दोनों नेता मिलेंगे, तो शी उन्हें 'गले लगाएंगे'। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, व्यापार, प्रतिबंधों और पश्चिम एशिया के संघर्ष के बावजूद विश्लेषकों का कहना है कि दोनों सरकारें रिश्तों को और बिगड़ने से रोकने तथा उन्हें बेहतर बनाने की कोशिश कर रही हैं।

# ट्रम्प ने वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बताया

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने मानचित्र साझा किया, मजाक में दे चुके थे संकेत

■ ट्रम्प ने वेनेजुएला के तेल पर नियंत्रण करने के अपने इरादे की भी घोषणा की थी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक मानचित्र साझा किया है जिसमें वेनेजुएला को अमेरिका के 51वें राज्य के रूप में दिखाया गया है। ट्रम्प ने मजाक में वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की ओर संकेत तब दिया जब उन्होंने मार्च में विश्व बेसबॉल क्लासिक सेमीफाइनल में इटली को हराने पर वेनेजुएला की राष्ट्रीय बेसबॉल टीम को बधाई दी थी।

उन्होंने इस त का श्रेय वेनेजुएला के अमेरिका के साथ सहयोग को दिया। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने सोमवार को सोमवार को इस दक्षिण अमेरिकी देश के अमेरिका का 51वां राज्य बनने की कभी भी संभावना को खारिज कर दिया। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ने के लिए जनवरी की शुरुआत में वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई के बाद अमेरिका और वेनेजुएला ने राजनयिक संबंधों को बहाल करना शुरू कर दिया था। ट्रम्प ने वेनेजुएला के तेल पर नियंत्रण करने के अपने इरादे की भी घोषणा की थी।

### ट्रम्प के दावों के बावजूद ईरान की 70 प्रतिशत मिसाइल क्षमता सुरक्षित: रिपोर्ट

**वॉशिंगटन।** ईरान ने अपनी मिसाइल क्षमता का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा सुरक्षित रखा है और हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास 33 में से 30 प्रक्षेपण स्थलों तक फिर से पहुंच बना ली है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी खुफिया आंकड़ों के हवाले से बताया कि ईरान के पास अभी भी अपनी मिसाइल प्रक्षेपण प्रणालियों का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने अपने 90 प्रतिशत भूमिगत केंद्रों और प्रक्षेपण प्रणालियों तक पहुंच बहाल कर ली है जो आंशिक या पूर्ण रूप से उपयोग के लिए तैयार हैं। गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरानी क्षेत्र पर हमले शुरू किए थे। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य केंद्रों पर हमला किया। अमेरिका और इजरायल ने दावा किया कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से पैदा हुए खतरे का मुकाबला करने के लिए उनका 'निवारक' हमला आवश्यक था लेकिन उन्होंने जल्द ही यह स्पष्ट कर दिया कि वे ईरान में सत्ता परिवर्तन देखना चाहते हैं। गत सात अप्रैल को अमेरिका और ईरान ने युद्धविराम की घोषणा की थी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

Congratulations!
MPS PUBLIC SCHOOL
JAGRITI VIHAR SEC-23, SANJAY NAGAR, GHAZIABAD
CBSE BOARD RESULT XII
2025-26
96% SHAURYA KUMAR
94% VANSHIKA SHARMA
92% DIKSHA
91% TANNU TIWARI
91% SWETA GUPTA
89% VISHAKHA SINGH
87% KARTIK SINGHAL
86.2% VARSHA CHOUDHARY
SUBJECT-WISE TOPPERS
Commercial Art – 100
Mathematics – 94
English – 96
Physical Education – 94
Physics – 95
Chemistry – 95
Geography – 96
Sociology – 90
Political Science – 95
History – 92
YOUR HARD WORK, DISCIPLINE & DEDICATION ARE THE KEYS TO YOUR SUCCESS!
mpspublicschool.org

## भारत-रूस के बीच है अटूट रणनीतिक दोस्ती: लावरोव

■ गहरे भरोसे पर आधारित और लंबे समय से चल रही रणनीतिक साझेदारी करार दिया

**नई दिल्ली।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को भारत-रूस संबंधों को 'गहरे भरोसे पर आधारित और लंबे समय से चले आ रहे रणनीतिक साझेदारी' करार देते हुए कहा कि दोनों देशों के संबंध केवल तेल और रक्षा सहयोग तक सीमित नहीं हैं।

लावरोव ने आरटी इंडिया को दिए एक विस्तृत साक्षात्कार में भारत की स्वतंत्रता के समय से द्विपक्षीय संबंधों की शुरुआत का उल्लेख करते हुए कहा कि सोवियत संघ दौर के दशकों पुराने सहयोग ने आज की 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' की नींव रखी। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत-रूस संबंध मुख्य रूप से ऊर्जा और रक्षा व्यापार पर आधारित हैं, तो उन्होंने इस धारणा को खारिज करते हुए कहा कि यह केवल तेल और गैस तक सीमित नहीं है, यह इससे कहीं अधिक व्यापक है। उन्होंने परमाणु ऊर्जा, औद्योगिक उत्पादन, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग का उल्लेख किया। लावरोव ने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग 'खरीदार-विक्रेता' मॉडल से आगे बढ़कर संयुक्त उत्पादन व्यवस्था में बदल चुका है। उन्होंने ब्रह्मोस मिसाइल के संयुक्त उत्पादन, भारत में टी-90 टैंक के लाइसेंस प्राप्त निर्माण और कलाशिनकोव असॉल्ट राइफल के उत्पादन जैसी परियोजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ए पहल दोनों देशों के बीच 'उच्च स्तर के विश्वास' को दर्शाती हैं और रक्षा सहयोग में गोपनीयता भी न्यूनतम स्तर पर है। लावरोव ने भारत के लिए रूस को 'विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्तिकर्ता' बताते हुए तेल, गैस, कोयला और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग जारी रहने की बात कही।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज • बांझपन का इलाज
• बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
• परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
• हाईरिस्क गर्भावस्था
• बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
• बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
• नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)